3 | राजधानी
बारिश-बाढ़ से जी-20 की तैयारियां प्रभावित

6 | अभिमत
'इंडिया' और 'भारत' में टकराव

10 | विदेश
रूस के मिसाइल हमले में चार की मौत

12 | स्पोर्ट्स
विश्व विवि खेलों में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 265
नई दिल्ली, मंगलवार, 1 अगस्त, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



तेलंगाना के लोग चाहते हैं भाजपा सरकार
राष्ट्रीय-11

# विश्व हिन्दू परिषद के जुलूस पर पथराव, दो होमगार्डों की मौत

● नूंह से शुरू हुआ बवाल हरियाणा के कई शहरों में फैला, वाहनों-दुकानों में आगजनी, दर्जनभर पुलिसकर्मी घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम/ चंडीगढ़



हरियाणा के नूंह जिले में विहिप की शोभायात्रा के दौरान दंगाइयों ने एक मोटरसाइकिल को लगा दी आग

**हरियाणा** के नूंह जिले में भीड़ के विश्व हिंदू परिषद के जुलूस को रोकने की कोशिश करने पर सोमवार को हिंसा भड़क उठी, जिसमें होमगार्ड के दो जवानों की मौत हो गई एवं दस से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। उग्र भीड़ ने जुलूस पर पथराव किया और कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। नूंह में हिंसा होने की खबर फैलते ही राज्य के फिरोजपुर झिरका, सोहना समेत कई कस्बों-शहरों में दुकानों और वाहनों को फूंक दिया गया और सड़क जाम कर दी। नूंह में कर्फ्यू और कई जिलों में धारा 144 लागू कर दी गई है। स्कूल-कॉलेज बंद करने के आदेश जारी हुए हैं। नूंह समेत कई क्षेत्रों में मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि हिंसा प्रभावित हरियाणा में 15 अतिरिक्त कंपनियां भेजी गई हैं। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य में हवाई मार्ग से केंद्रीय बलों की तीन कंपनियां भेजी जा रही हैं। नूंह और गुरुग्राम जिलों में लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मुस्लिम बहुल नूंह में हिंसा की खबर फैलते ही, निकटवर्ती गुरुग्राम जिले के सोहना में मुस्लिम समुदाय के लोगों की चार गाड़ियों और एक दुकान को आग लगा दी गई। प्रदर्शनकारियों ने एक सड़क पर घंटों तक आवागमन को बाधित रखा। एक अधिकारी ने बताया कि नूंह हिंसा में करीब एक दर्जन पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। उनमें से आठ को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल ले जाया गया। होडल के पुलिस उपाधीक्षक सज्जन सिंह के सिर में और एक इंस्पेक्टर के पेट में गोली लगी है। ( शेष पेज 9 )

### मुख्यमंत्री ने की लोगों से शांति की अपील

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने लोगों से शांति बनाई रखने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने हरियाणा एक, हरियाणवी एक का नारा देते हुए कहा कि सभी लोग शांति बनाए रखे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी लोगों से भाईचारा और शांति बनाने का आग्रह किया है। नूंह विधायक आफताब अहमद और पूर्व विधायक जाकिर हुसैन ने भी इसी तरह की अपील जारी की है। गृह मंत्री विज ने कहा कि वह वरिष्ठ अधिकारियों के लगातार संपर्क में हैं।

# मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ हुई हिंसा अभूतपूर्व: सुप्रीम कोर्ट



● शीर्ष अदालत ने कहा-इसे अन्य राज्यों में इसी तरह की घटनाओं से तुलना करके उचित नहीं ठहराया जा सकता

● पीठ ने कहा-वह नहीं चाहती की राज्य पुलिस मामले की जांच करें क्योंकि उसने महिलाओ को एक तरह से दंगाई भीड़ को सौंप दिया था

● राज्य में दर्ज की गई शून्य एफआईआर की संख्या और अब तक हुई गिरफ्तारियों का विवरण भी देने को कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने मणिपुर में दो महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की भयावह घटना को लेकर सोमवार को कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि यह 'भयानक' है और इसे अन्य राज्यों में इसी तरह की घटनाओं से तुलना करके उचित नहीं ठहराया जा सकता है। भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वकील बांसुरी स्वराज की एक दलील के जवाब में यह कहा। बांसुरी ने पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ हिंसा को उजागर करने की मांग करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत को मणिपुर के साथ इन घटनाओं को भी संज्ञान लेना चाहिए। शीर्ष अदालत ने मणिपुर हिंसा पर कई याचिकाओं पर सुनवाई की, जिसमें कुकी जनजाति की दो महिलाओं द्वारा दायर याचिकाएं भी शामिल थीं, जिन्हें सार्वजनिक रूप से निर्वस्त्र कर घुमाया गया था। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने इस बात पर जोर दिया कि इस मामले में सांप्रदायिक और जातीय हिंसा में महिलाओं के खिलाफ अभूतपूर्व हिंसा शामिल है, और इसे अन्य जगहों की घटनाओं से तुलना करके उचित नहीं ठहराया जा सकता है। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने जोर देकर कहा कि इस केस में सांप्रदायिक और जातीय हिंसा में महिलाओं के खिलाफ अभूतपूर्व पैमाने पर हिंसा का मामला है और इसकी किसी अन्य जगह हुई घटनाओं से तुलना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा, महिलाओं के खिलाफ अपराध पूरे देश में होते हैं। यह हमारी सामाजिक वास्तविकता का हिस्सा है। वर्तमान में, हम एक ऐसी स्थिति से निपट रहे हैं जो अभूतपूर्व है और मुख्य रूप से महिलाओं के खिलाफ अपराध एवं हिंसा से संबंधित है।

दिन भर चली बहस के दौरान शीर्ष अदालत ने एफआईआर दर्ज करने और आरोपी व्यक्तियों की गिरफ्तारी में देरी पर नाराजगी व्यक्त की। पीठ ने मंगलवार तक मणिपुर सरकार से दर्ज प्राथमिकियों पर अब तक उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी मांगी और कहा कि वह नहीं चाहती कि राज्य पुलिस इस मामले की जांच करे। ( शेष पेज 9 )

### विपक्ष अपने रुख पर अड़ा, नियम 267 के तहत चर्चा कराने की मांग जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने मणिपुर के मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित होने के बाद सोमवार को आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटेल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दल चर्चा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान की मांग पर अडिग हैं, जबकि सरकार एवं प्रधानमंत्री इस विषय पर जवाब देने से भाग रहे हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, इंडिया के घटक दल आज दोपहर राज्यसभा में अपने रुख पर अड़े रहे कि पिछले 90 दिनों में मणिपुर में जो कुछ हुआ है उस पर प्रधानमंत्री को सदन में एक बयान देना चाहिए, लेकिन उन्होंने चुप्पी साध रखी है।

प्रधामंत्री के बयान के बाद चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इंडिया के घटक दल नियम 267 के तहत ऐसा चाहते हैं, जिसका अर्थ है कि उठाए गए मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए बहस खत्म होने तक सदन के अन्य सभी कार्य निलंबित कर दिए जाते हैं। ( शेष पेज 9 )

### विपक्ष बदल रहा है गोलपोस्ट: भाजपा

● पार्टी ने लगाया आरोप, जब प्रधानमंत्री बोलते है तो करता है व्यवधान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**मणिपुर** की स्थिति पर चर्चा को लेकर राज्यसभा में जारी गतिरोध के बीच भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को कहा कि विपक्ष द्वारा इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान की मांग करना गोलपोस्ट बदलने जैसा है। पार्टी ने यह आरोप लगाया कि जब भी प्रधानमंत्री संसद में बोलते हैं तो विपक्षी सदस्य व्यवधान पैदा करते हैं। विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों की मांग है कि मोदी संसद में मणिपुर पर बयान दें और फिर कार्य-स्थगन प्रस्ताव के जरिए दोनों सदनों में चर्चा हो। इसी मुद्दे पर हंगामे के कारण संसद की कार्यवाही अब तक बाधित रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संवाददाताओं से कहा कि यह स्पष्ट है कि विपक्ष राज्य की स्थिति पर घड़ियाली आंसू बहा रहा है। उन्होंने कहा, 'जब वह (मोदी) जवाब देने के लिए खड़े होते हैं तो वे क्या शोर और अशांति पैदा करते हैं। उनके पास उनकी बात सुनने का शिष्टाचार नहीं है। आज वे जोर दे रहे हैं। क्या विडंबना है। सत्तारूढ़ दल के उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगियों ने भी संसद की कार्यवाही लगातार बाधित होने को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा। राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि विपक्ष को डर है कि चर्चा के दौरान उसका पर्दाफाश हो जाएगा। बहस होगी तो राज्य और केंद्र में कांग्रेस के सत्ता में रहने के दौरान की खराब स्थिति को उजागर किया जाएगा और भाजपा के सत्ता में आने के बाद चीजें कैसे बदल गईं, यह भी बताया जाएगा। ( शेष पेज 9 )

# ज्ञानवापी को मस्जिद कहेंगे तो फिर विवाद होगा: योगी

● उप्र के मुख्यमंत्री ने कहा, यह मुस्लिम समाज की ऐतिहासिक गलती है, इसका समाधान होना चाहिए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उप्र** के मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने ज्ञानवापी मुद्दे पर खुलकर अपनी बात कही है। उन्होंने साफ गोई से कहा कि यह मुस्लिम समाज की ऐतिहासिक गलती है। अब इसका समाधान होना चाहिए। वहीं विपक्षी दलों के गठबंधन पर भी प्रहार करने से योगी आदित्यनाथ नहीं चूके। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इसे 'इंडिया' नहीं बोलना चाहिए, यह डॉट डॉट डॉट डॉट ग्रुप है। मुख्यमंत्री सोमवार को एक समाचार एजेंसी के पॉडकास्ट में बोल रहे थे। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि हम उसे मस्जिद कहेंगे तो फिर विवाद होगा। भगवान ने जिसे दृष्टि दी है, वह देखे। मस्जिद के अंदर त्रिशूल क्या कर रहा है। हमने तो नहीं रखे हैं न। ज्योतिर्लिंग हैं, देव प्रतिमाएं हैं। पूरी दीवारें चिल्ला-चिल्लाकर क्या कह रही हैं। मुझे लगता है कि ये प्रस्ताव मुस्लिम समाज की तरफ से आना चाहिए कि ऐतिहासिक गलती हुई है। उस गलती के लिए हम चाहते हैं कि उसका समाधान हो।

योगी आदित्यनाथ बातचीत में विपक्षी गठबंधन पर भी हमलावर रहे। उन्होंने कहा कि इसे इंडिया नहीं बोलना चाहिए। आई डॉट, एन डॉट, डी डॉट, यह डॉट डॉट डॉट डॉट ग्रुप है। चोला बदलने से पिछले कर्मों से मुक्ति नहीं मिल जाएगी। जनता तो पुराने करामातों को देख रही है, वह करामात यूपीएए कांग्रेस, सपा, आम आदमी पार्टी का हो या तृणमूल कांग्रेस का। इन लोगों ने क्या गदर मचा रखी है। सबकी एक जैसी स्थिति है। यह लोग चोला बदलकर देश को भ्रमित करना चाहते हैं पर देश की जनता लोकतांत्रिक दृष्टि से बहुत परिपक्व है। एक सवाल के रूप में योगी ने कहा कि नरेंद्र मोदी हमारे व टीम इंडिया के कैप्टन हैं। वे देश को नेतृत्व दे रहे हैं। भाजपा से जुड़े हमारे सभी गठबंधन दलों ने उन्हें एक नेता के रूप में माना है। जातिवाद, परिवारवाद से सामाजिक न्याय नहीं आएगा। हमारा ध्येय रहा है कि गरीब को न्याय, मकान, राशन, स्वास्थ्य, युवा को रोजगार मिले, किसान के जीवन में खुशहाली आए। महिला को सुरक्षा के साथ जीने का अधिकार मिले।

# चलती ट्रेन में आरपीएफ जवान ने की फायरिंग, वरिष्ठ समेत चार की मौत

**भाषा।** मुंबई

**रेलवे** सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक कांस्टेबल ने सोमवार को महाराष्ट्र के पालघर रेलवे स्टेशन के पास एक चलती ट्रेन में कथित तौर पर चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। बाद में चेन खींचे जाने के बाद मीरा रोड और दहिसर स्टेशनों (मुंबई उपनगरीय नेटवर्क पर) के बीच ट्रेन रुकने पर उसने भागने की कोशिश की लेकिन उसे पकड़ लिया गया। रेलवे के एक अधिकारी ने कहा कि कांस्टेबल चेतन सिंह (34) ने अपने स्वचालित हथियार से बी5 बोगी में आरपीएफ के सहायक उप-निरीक्षक टीका राम मीणा और एक अन्य यात्री की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने बी6 बोगी में एक यात्री को गोली मारी और फिर बी5 व बी6 बोगी के बीच स्थित पेंट्री कार में एक अन्य यात्री की गोली मारकर हत्या कर दी। इससे पहले दिन में, जीआरपी नियंत्रण कक्ष और एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया था कि आरोपी की पहचान चेतन कुमार चौधरी के रूप में हुई है। बाद में जीआरपी आयुक्त रवींद्र शिस्वे ने संवाददाताओं को बताया कि कांस्टेबल की पहचान चेतन सिंह के रूप में हुई है। एक अधिकारी के अनुसार, सिंह को बाद में जब यात्रियों द्वारा जंजीर खींचने के बाद ट्रेन मीरा रोड और दहिसर स्टेशनों के बीच रुकी, तो भागने की कोशिश करते आरोपी को राजकीय रेलवे पुलिस कर्मियों ने पकड़कर उसका हथियार जब्त कर लिया। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से पालघर की दूरी करीब 100 किलोमीटर है। मृतक यात्रियों की पहचान अब्दुल कादिरभाई मोहम्मद हुसैन भानपुरवाला (48), अख्तर अब्बास अली (48) और सदर मोहम्मद हुसैन के रूप में हुई है। अधिकारी के मुताबिक, चेतन सिंह ने अपने एस्कॉर्ट ड्यूटी प्रभारी एएसआई टीका राम मीणा को चलती ट्रेन में गोली मार दी। उन्होंने बताया कि अपने वरिष्ठ अधिकारी को गोली मारने के बाद कांस्टेबल एक अन्य बोगी में गया और उसने तीन यात्रियों को गोली मार दी। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के आयुक्त रवींद्र शिस्वे ने मीडियाकर्मियों को बताया, यह घटना तड़के पांच बजे के बाद हुई जब मुंबई जाने वाली जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस वापी स्टेशन (गुजरात में) पार कर चुकी थी। एस्कॉर्ट ड्यूटी तैनात आरपीएफ कांस्टेबल चेतन सिंह ने अपने वरिष्ठ टीका राम मीणा और तीन अन्य यात्रियों पर गोली चला दी, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि घटना के पीछे का सटीक कारण अभी तक पता नहीं चला है और जांच जारी है। उन्होंने कहा, पुलिस एस्कॉर्ट दल में शामिल यात्रियों और आरपीएफ कर्मियों व पेंट्री कार के कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सिंह ने सुबह 5 बजकर 59 मिनट पर मीरा रोड और दहिसर स्टेशनों के बीच अलार्म चेन खींची, ट्रेन से कूदा और भागने की कोशिश की, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। शिस्वे से एक वीडियो के बारे में पूछा गया, जिसमें आरोपी कांस्टेबल कथित तौर पर को शवों के पास मौजूद दिखा है और हत्याओं को स्पष्ट रूप से उचित ठहरा रहा है। ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### बीएसएफ की कार्रवाई में पाकिस्तानी घुसपैठिया ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास बीएसएफ के जवानों ने रविवार देर रात एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया। एक सप्ताह में ऐसी दूसरी घटना है। अधिकारियों ने बताया कि अरनिया सेक्टर की जाबोवाल सीमा चौकी के निकट बीएसएफ के सतर्क जवानों ने घुसपैठिए को उस समय मार गिराया, जब उसने बार-बार दी गई चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया और देर रात करीब 1.45 बजे सीमा पर लगी बाड़ को पार करने के बाद भागने की कोशिश की। 30 जुलाई और 31 जुलाई की मध्य रात्रि को सतर्क बलों ने अरनिया सीमा क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के पास संदिग्ध गतिविधि देखी। उन्होंने कहा, एक घुसपैठिए को बीएसएफ की बाड़ की ओर आते देखा गया। बलों ने उसे मार गिराया और घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। घुसपैठिए के शव को पोस्टमार्टम के लिए बिश्नाह अस्पताल ले जाया गया है। मारे गए घुसपैठिए के पास से 440 पाकिस्तानी रुपए, एक बैग, जिसमें चार किलोग्राम से अधिक आटा, दो बिस्कुट के पैकेट, एक घड़ी और एक गिलास बरामद किया गया।

# लालू यादव के परिवार, उनसे संबंधित कंपनियों की छह करोड़ की संपत्ति कुर्क

● ईडी ने जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले में की कार्रवाई

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि कथित जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाले में धनशोधन की जांच के तहत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद के परिवार- उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती और संबंधित कंपनियों की छह करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क की है।

ईडी ने एक बयान में बताया कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पटना, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) में छह अचल संपत्तियों और दक्षिण दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके में डी-1088 स्थित चार मंजिला बंगले को कुर्क करने के लिए एक अनंतिम आदेश जारी किया गया है। कुर्क की गई संपत्तियों में पटना के महुआबाग (दानापुर) स्थित दो भूखंड, जिनमें से एक का स्वामित्व बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और दूसरे का मालिकाना हक ए के इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड (एक कंपनी जिसे प्रसाद के परिवार द्वारा नियंत्रित किया जाता है) के पास तथा पटना के बिहटा इलाके में राजद प्रमुख की सांसद बेटी मीसा भारती का एक भूखंड शामिल है। इसके अलावा, गाजियाबाद के साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र स्थित दो औद्योगिक भूखंडों (यादव की बेटी हेमा यादव के पति और ससुर क्रमश: विनीत यादव और शिव कुमार यादव के नाम पर पंजीकृत एक-एक भूखंड) का एक हिस्सा भी कुर्क किया गया है। ईडी ने कहा कि ए बी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड प्रसाद के बेटे और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और चंदा यादव (राजद प्रमुख की बेटी) के स्वामित्व वाली एक कागजी कंपनी है। ( शेष पेज 9 )

### मोदी ने किया राजग के सांसदों के साथ संवाद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लोकसभा** चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सांसदों के साथ अपनी पहली बैठक की। प्रधानमंत्री का सांसदों के साथ बैठकों का यह सिलसिला 10 अगस्त तक चलेगा। संसद में मणिपुर हिंसा को लेकर विपक्ष के हंगामे के बीच ये बैठकें राष्ट्रीय राजधानी में राजग सहयोगियों के साथ इसी महीने हुई बैठक से अगला कदम मानी जा रही हैं। उस बैठक की अध्यक्षता भी पीएम मोदी ने की थी। सूत्रों ने कहा कि मोदी ने महाराष्ट्र भवन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बुंदेलखंड और बृज क्षेत्रों के एनडीए सांसदों के समूहों के साथ क्लस्टर-1 बैठकों की अध्यक्षता की। उन्होंने उत्तर प्रदेश (पश्चिम, ब्रज और कानपुर-बुंदेलखंड) के कुल 42 सांसदों से मुलाकात की है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एनडीए नेताओं के साथ समन्वय कर रहे थे।

# लोकसभा में आज पेश होगा दिल्ली सेवा विधेयक

● आप समेत इंडिया गठबंधन करेगा विरोध हो सकता है हंगामा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सोमवार को संसद भवन परिसर में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह

**प्रशासनिक** सेवाओं और अधिकारियों के स्थानांतरण का अधिकार केंद्र को देने वाला दिल्ली सेवा विधेयक कुछ महत्वपूर्ण बदलावों के साथ मंगलवार को लोकसभा में पेश किया जाएगा। अधिकारियों के तबादलों और सेवाओं पर नियंत्रण को लेकर दिल्ली और केंद्र सरकार के बीच लंबे समय से मतभेद चले आ रहे हैं। दिल्ली सरकार इस बिल का पुरजोर विरोध कर रही है। विपक्षी गठबंधन इंडिया भी संसद में इस बिल का कड़ा विरोध कर सकता है। मालूम हो कि आप इस गठबंधन का हिस्सा है। केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत के आदेश को पलटने के लिए पिछले दिनों अध्यादेश जारी किया था, जिसमें अरविंद केजरीवाल सरकार को अधिकारियों को स्थानांतरित करने की शक्ति दी गई थी। आधिकारिक तौर पर दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 के रूप में जाना जाता है, यह मौजूदा अध्यादेश का स्थान लेगा। सुप्रीम कोर्ट ने बीते 11 मई को दिल्ली सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया था, जिससे उसे सार्वजनिक व्यवस्था, भूमि और पुलिस मामलों को छोड़कर, राजधानी में अधिकांश सेवाओं पर नियंत्रण मिल गया। इसके बाद 19 मई को केंद्र ने शीर्ष अदालत के आदेश को रद्द करने के लिए एक अध्यादेश पेश कर दिया, जो दिल्ली में निर्वाचित सरकार से नौकरशाहों के स्थानांतरण और नियुक्तियों का अधिकार छीनता है। इस बिल में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए हैं। तीन प्रावधान जो अध्यादेश का हिस्सा थे, उन्हें विधेयक से हटा दिया गया है। विधेयक इस अध्यादेश से उस प्रावधान को हटाता है जो पहले दिल्ली विधानसभा को राज्य लोक सेवाओं और राज्य लोक सेवा आयोग से संबंधित कानून बनाने से रोकता था। अध्यादेश के जरिए जोड़ी गई धारा 3ए में कहा गया है कि दिल्ली विधानसभा के पास सेवाओं से संबंधित कानून बनाने की शक्ति नहीं होगी। इसे अब बिल से हटा दिया गया है।

अब यह विधेयक अनुच्छेद 239एए के तहत केंद्र को राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण (एनसीसीएसए) स्थापित करने का अधिकार देता है। पहले, एनसीसीएसए को अपनी गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट संसद और दिल्ली विधानसभा दोनों को प्रस्तुत करनी होती थी। विधेयक इस दायित्व को समाप्त कर देता है, जिसका अर्थ है कि रिपोर्ट को अब इन विधायी निकायों के समक्ष प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। विधेयक धारा 45डी के प्रावधानों को कमजोर करता है, जो दिल्ली में विभिन्न प्राधिकरणों, बोर्ड, आयोगों और वैधानिक निकायों के अध्यक्षों और सदस्यों की नियुक्ति से संबंधित है। यह उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से पहले केंद्र सरकार को भेजे जाने वाले प्रस्तावों या मामलों के संबंध में मंत्रियों के आदेश की अनिवार्यता को भी समाप्त करता है। विधेयक में एक नया प्रावधान जोड़ा गया है जिसमें कहा गया है कि उपराज्यपाल अब एनसीसीएसए द्वारा अनुशंसित नामों की सूची के आधार पर दिल्ली सरकार द्वारा गठित बोर्डों और आयोगों में नियुक्तियां करेंगे। इस सूची में दिल्ली के मुख्यमंत्री की सिफारिशें शामिल होंगी। बोर्ड या आयोग की स्थापना दिल्ली विधानसभा द्वारा पारित कानूनों द्वारा की जाती है।

# छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले में नोएडा में केस दर्ज

## डुप्लीगेट होलोग्राम लगाकर अवैध शराब बेचने से सरकार को 1200 करोड़ रुपये के राजस्व का घाटा

- नोएडा की कंपनी ने छत्तीसगढ़ के आबकारी विभाग के अधिकारियों से की थी साठगांठ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा की कंपनी ने छत्तीसगढ़ में शराब के डुप्लीगेट होलोग्राम सप्लाई कर दिए। इन होलोग्राम को लगाकर करोड़ों रुपए की शराब अवैध रूप से बेच दी गई। इससे छत्तीसगढ़ सरकार को करीब 1200 करोड़ रुपए के राजस्व का घाटा हुआ। ये सब नोएडा की कंपनी ने छत्तीसगढ़ के आबकारी विभाग के अधिकारियों की साठगांठ से किया। लंबी जांच पड़ताल के बाद इस मामले में 2 अधिकारियों सहित 5 लोगों के खिलाफ नोएडा में केस दर्ज कराया है।

छत्तीसगढ़ के डिप्टी डायरेक्टर हेमंत ने आबकारी विभाग के विशेष सचिव अरुणपति त्रिपाठी, आबकारी आयुक्त निरंजन दास, अनिल टुटेजा, विदू गुप्ता, अनवर ढेबर के खिलाफ 30 जुलाई को जिला गौतमबुद्ध नगर के थाना कासना में सेक्शन 420, 468, 471, 473, 484 और 120 में एफआईआर कराई है। एफआईआर के अनुसार, नोएडा स्थित मेसर्स प्रिज्म होलोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड नाम की एक कंपनी को छत्तीसगढ़ के उत्पाद शुल्क विभाग ने होलोग्राम आपूर्ति करने के लिए अवैध रूप से टेंडर दिया गया था। कंपनी टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने के लिए पात्र नहीं थी, लेकिन अधिकारियों ने उसे ठेका दे दिया। बाद में अधिकारियों ने इस टेंडर की एवज में कंपनी से प्रति होलोग्राम 8 पैसे का कमीशन लिया।

इस दौरान छत्तीसगढ़ में सरकारी दुकानों से अवैध देशी शराब की बोतलें बेचने के लिए बेहिसाब डुप्लीकेट होलोग्राम की आपूर्ति की गई। ये डुप्लीकेट होलोग्राम नोएडा फैक्ट्री में बनाए जाते थे और फिर छत्तीसगढ़ पहुंचाए जाते थे। 5 साल में करीब 80 करोड़ होलोग्राम निर्धारित से ज्यादा कीमतों पर छापे गए।

नोएडा स्थित कंपनी के डायरेक्टर विधु गुप्ता ने अपने बयान में डुप्लीकेट होलोग्राम छापने की बात स्वीकारी है। विधु गुप्ता ने स्वीकारा है कि उत्पाद शुल्क कार्यालय छत्तीसगढ़ को मूल होलोग्राम की आपूर्ति की, जिसमें उनके अंत में सीरियल नंबर डाले गए थे। जबकि पहले से लगाए गए डुप्लीगेट होलोग्राम नोएडा कारखाने में तैयार करके शराब सिंडिकेट तक पहुंचाए गए थे।

विधु गुप्ता ने ये भी स्वीकारा है कि आबकारी विभाग के विशेष सचिव अरुणपति त्रिपाठी मुझे फोन पर होलोग्राम के सीरियल नंबर की सीरीज देते थे, जो पहले ही छापकर विभाग को दिए जा चुके होते थे। बाद में इन्हीं सीरियल नंबर के डुप्लीगेट होलोग्राम छापकर उन्हें सड़क मार्ग से छत्तीसगढ़ पहुंचाया जाता था। अरुणपति त्रिपाठी ने अपने बयान में पूरी बात स्वीकारी है और ये भी बताया है कि डुप्लीगेट होलोग्राम डिस्टलर्स को अरविंद सिंह के भतीजे अमित सिंह व सहयोगी दीपक के द्वारा दिए जाते थे।

नोएडा की कंपनी को अक्तूबर 2019 में होलोग्राम छापने का टेंडर मिला था और जून 2022 तक ये जारी रहा। इस दौरान शराब बिक्री से छत्तीसगढ़ राज्य के राजस्व को करीब 1200 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।

2021 में अपनी प्रारंभिक जांच के दौरान नोएडा के कासना स्थित होलोग्राम कंपनी पर छापा मारकर नकली होलोग्राम भी बरामद किए थे। नोएडा की इस कंपनी ने छत्तीसगढ़, झारखंड सहित कई राज्यों ने होलोग्राम सप्लाई किए हैं।

# पुलिसकर्मी से मारपीट में पूर्व पार्षद समेत छह पर केस दर्ज

- 13 दिन पहले दोनों पक्षों में हुआ था विवाद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में पूर्व पार्षद सहित छह लोगों पर पुलिसकर्मी से मारपीट करने, बलवा करने आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है।

शहर में 13 दिन पहले हूटर बजाकर रेड लाइट क्रास करने पर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था, हालांकि तब समझौता हो गया था। उधर, ट्रैफिक पुलिस ने सिपाही को ससपेंड करते हुए विभागीय जांच शुरू कर दी है। कांस्टेबल रविंद्र सिंह ने अभिषेक चौधरी, अर्पित चौधरी, चिराग चौधरी, नीरज चौधरी, निशांत चौधरी, चंद्रपाल चौधरी सहित अन्य अज्ञात के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

कांस्टेबल के मुताबिक, मैं थाना कोतवाली पर नियुक्त हूं। 16 जुलाई की रात चीता बाइक नंबर.6 पर गश्त कर रहा था। इस दौरान सूचना मिली कि चौधरी मोड़ पर कुछ लड़के ट्रैफिक पुलिस से झगड़ा कर रहे हैं। मैं मौके पर पहुंचा। वहां मॉडल टाउन चौकी के पास 8.10 लोगों सहित रणधीर सिंह, कांस्टेबल रोहताश, हेड कांस्टेबल सरताज आलम मौजूद मिले। वो लड़के ट्रैफिक के पुलिसकर्मियों से हाथापाई करके एक व्यक्ति को जबरन छुड़ाने का प्रयास कर रहे थे। मैंने मोबाइल से वीडियो बनाई तो आरोपियों ने मेरा गला पकड़ लिया।

बताया जा रहा है कि 16 जुलाई की रात पूर्व पार्षद अभिषेक चौधरी के भाई अर्पित चौधरी की ट्रैफिक के कांस्टेबल रोहताश कुमार से हूटर बजाकर रेडलाइट क्रॉस करने पर कहासुनी हो गई थी। हालांकि उस वक्त दोनों पक्षों में समझौता हो गया था।

# करोड़पति बनने को बना नशे का सौदागर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी की टीम ने मादक पदार्थ की तस्करी एवं खरीद.फरोख्त करने वाले जिन तस्करों के गैंग को दबोचा है, उस गैंग के सरगना आठवीं पास बिट्टू ने बताया कि पहले वह अपने पिता की लकड़ी की टाल पर बैठा करता था।

बिट्टू को जब यह लगा कि वह यहां बैठकर अधिक मुनाफा नहीं कमा सकता है तो उसने जल्द से जल्द करोड़पति बनने की चाह में मादक पदार्थ की तस्करी एवं उसकी खरीद.फरोख्त करने वाला गैंग बना लिया। उसके बाद उसने पीछे मुडकर नहीं देखा। पुलिस के मुताबिक गिरफ्त में आये नशे के सौदागरों के पास से लाखों की कीमत का 15 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

इस संदर्भ में एडीसीपी सच्चिदानन्द ने बताया कि पुलिस ने मादक पदार्क की तस्करी एवं उसकी खरीद.फरोख्त करने वाले माफियाओं को गिरफ्तार करके जेल भेजा है उनके नाम बिट्टू उर्फ चरणजीत निवासी 287 दौलतपुरा भाटिया मोड सिहानी गेट, रामनरेश उर्फ रामू निवासी नासिरपुर सिहानी गेट व शिवम निवासी भैरवाकरण उचायकोट गोपालगंज बिहार हाल ममूरा नोएडा हैं। इन बदमाशों के ऊपर विभिन्न थानों में अनेक मुकदमे दर्ज हैं।

# टैक्स से इनकम बढ़ाने के गुर सीखने महापौर, नगर आयुक्त गए सूरत

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त नितिन गौड़ पांच दिनों के लिए शहर से बाहर रहेंगे। सूरत में नगर निगम की टैक्स से इनकम बढ़ाने के लिए एक नेशनल कार्यशाला होने जा रही है। इस कार्यशाला में यूपी के 17 में से 12 नगर निगमों के नगर आयुक्त और महापौर इस कार्यशाला में हिस्सा लेने जा रहे है।

नगर आयुक्त नितिन गौड़ आज कार्यशाला में शामिल होने के लिए सूरत पहुंच रहे है। जबकि महापौर सुनीता दयाल कल सूरत जाएंगी। नगर निगमों की इनकम में ईजाफा करने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

# ग्रेटर नोएडा में ट्रक ने चार लोगों को रौंदा, 2 की मौत

- हादसे के बाद चलता ट्रक छोड़कर फरार हुआ चालक, घायल भर्ती

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र में एनएच-91 पर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। जहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने दो मोटरसाइकिल को रौंद दिया। इन दोनों मोटरसाइकिल पर कुल 4 लोग सवार थे। जिनमें से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर बादलपुर थाना क्षेत्र में एनएच.91 पर एक तेज रफ्तार ट्रक जा रहा था। उसी दौरान ट्रक के आगे एक मोटरसाइकिल आ गई और ट्रक ने मोटरसाइकिल सवारों को रौंद दिया। इसी दौरान दूसरी मोटरसाइकिल भी उसकी चपेट में आ गई। यह देखकर ट्रक चालक घबरा गया और वह ट्रक से उतरकर भाग गया और ट्रक आगे जाकर रुक गया। इस हादसे में मौके पर ही एक बच्चा सहित दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक महिला और एक पुरुष हादसे में घायल हुए हैं। हादसा होने के बाद हाइवे पर जाम लग गया। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया।

वहीं मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जिस समय यह हादसा हुआ उस दौरान एनएच-91 पर ही स्थित एक कंपनी के बाहर लगे हुए कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई। जिसमें साफ तौर पर दिख रहा है कि ट्रक ने मोटरसाइकिल सवारों को कुचला है और उसके बाद ड्राइवर चलते हुए ट्रक से ही उतर कर फरार हो गया। जिसके बाद ट्रक कुछ दूरी पर जाकर खुद ही रुक गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है और इस मामले में मुकदमा दर्ज कर ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार



गाजियाबाद के वंसुधरा में आयोजित ज्योतिष शिविर में जुटे गणमान्य लोग।

### क्रिस्टल पैलेस में ज्योतिष समाधान शिविर का आयोजन

**गाजियाबाद।** मुकुट मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजन में वंसुधरा के क्रिस्टल पैलेस में ज्योतिष समाधान शिविर का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के चैयरमेन प्रशांत गुप्ता ने बताया कि तीन दिवसीय शिविर में दिग्गज ज्योतिष विद्वानों से बड़ी संख्या में लोगों को ज्योतिष समाधान मिला। शिविर में सांसद कैप्टन विकास गुप्ता, मंत्री भारत सरकार और अशोक गोयल पूर्व मंत्री भारत सरकार का भी आगमन हुआ। शिविर में पार्षद राधे श्याम त्यागी का विशेष सहयोग रहा। प्रशांत गुप्ता ने बताया शिविर में 2000 से ज्यादा लोगो ने अपनी समस्या का निवारण किया गया। शिविर मे मर्म चिकित्सा, टेरो कार्ड रीडिंग, रेकी आदि के स्टाल प्रमुख रहे। शिविर में मोनू अग्रवाल,विकास अग्रवाल, पंकज चोपड़ा, डॉ. माया, रिया, डॉ. करतार, मानसी भसीन, मयूरी श्रीवास्तव, मनीष गुप्ता, भास्कर गुप्ता आदि मौजूद थे।

### एनईए में विधायक ने उद्यमियों के साथ की बैठक

**नोएडा।** नोएडा एन्ट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन के कार्यालय में विधायक पंकज सिंह ने बैठक कर उद्योगों से सबंधित समस्याओं पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान एनईए अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन ने कहा कि ई.निलामी के जरिये औद्योगिक भूखड़ों के आवंटन के प्राविधान को समाप्त किये जाने पर हम उप्र सरकार को बधाई देते है। पंकज सिंह ने कहा कि वे प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों से वार्ता कर उद्योगों से संबधित समस्याओं के निराकरण का प्रयास करेंगे। बैठक में एनईए अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन, वीके सेठ, धर्मवीर शर्मा, राकेश कोहली, एससी जैन, मौ इरशाद, आरएम जिंदल, सुधीर श्रीवास्तव, अजय सरीन, नीरू शर्मा, कमल कुमार, सह सचिव गुरिन्द्र बंसल, अजय अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कोर्ट के आदेश पर ग्राम प्रधान व सचिव पर एफआईआर

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के गांव ढिढ़ार में विकास कार्य पर दो साल के अंदर खर्च किए गए 51 लाख रुपये में से सिर्फ दस लाख रुपये का विकास कार्य करने का आरोप लगाया गया है। एक ग्रामीण ने कोर्ट के आदेश पर ग्राम प्रधान, सचिव व पूर्व सचिव पर कोर्ट के आदेश पर मुरादनगर थाने में धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है। गांव ढिढ़ार निवासी रविन्द्र कुमार ने आरोप लगाया है कि तीन जुलाई 2021 से 17 मई 2023 तक गांव ढिढ़ार में ग्राम पंचायत द्वारा 51 लाख रुपये के विकास कार्य होना दर्शाया गया है। उनका आरोप है कि जबकि सिर्फदस लाख रुपए के ही विकास कार्य कराए गए हैं। बाकी 41 लाख रुपये फर्जी वाउचर से निकाल लिए गए।

### सपा ने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री का किया वितरण

**नोएडा।** सपा नोएडा महानगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता के नेतृत्व में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र सेक्टर.63 के चोटपुर, बहलोलपुर, छजारसी व 25 फुट्टा का दौरा कर उनकी समस्याएं सुनीं और जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री बांटा। इस दौरान महासचिव विकास यादव, विधानसभा अध्यक्ष बबलू चौहान, मोहम्मद नौशाद, देवेंद्र अवाना, सत्ते प्रधान, गौरव कुमार यादव, दिव्यांशु यादव, राघवेंद्र दुबे, देवेंद्र गुर्जर, महकार सिंह तंवर, कैलाश यादव, अनिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# रोडरेज में जानलेवा हमला करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- कार के छू जाने के बाद गाली-गलौज के बाद बढ़ा था विवाद, पीछा कर घर तक पहुंचे

रोडरेज की घटना के बाद दबंगों के ने घर में घुसकर गाली.गलौज कर हथियार से जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपियों को कासना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित के घर में घुसकर मारपीट की थी। मारपीट में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनका इलाज चल रहा है।

कासना थाना क्षेत्र में 28 जुलाई की शाम को भीम सिंह मढैया निवासी अंश होटल से घर के लिए अपनी थार गाड़ी से आ रहा था तभी एक ब्रेजा कार सवार दबंगों ने कार को तेजी से अंश की गाड़ी से पास किया। इस दौरान अंश की गाड़ी थार हल्की सी ब्रेजा कार से टच हो गई। कार सवार दबंगों ने अंश के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। अंश वहां से गाड़ी लेकर अपने घर पहुंच गया। दबंग भी पीछे-पीछे घर पहुंच गए और उन्होंने घर पर जाकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की और अवैध हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। इसमें अंश सहित दो लोग घायल हो गए जिनको नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पर उनका उपचार चल रहा है। अंश के परिजनों ने कासना कोतवाली में ब्रेजा कार सवार दबंगों के खिलाफ पुलिस से शिकायत की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं इस मारपीट की एक सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ है। फुटेज के आधार पर पुलिस ने दनकौर थाने के दादूपुर निवासी अनिल उर्फ डिपलू और सागर उर्फ सिद्धार्थ को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभी इस मामले में दो आरोपी फरार चल रहे हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

### घर में घुसकर किया था वार

आरोप है कि कार सवार उनके घर में जबरन घुस कर गाली देने लगे। इसी बीच उन लडकों ने जितेंद्र, सतवीर के सिर पर ताबड़तोड़ वार किये। आरोप है कि उन्होंने गोली भी चलाई। गंभीर रूप से घायल जितेंद्र, सतवीर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

# तीन लोगों से पौने दो करोड़ की ठगी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- मुनाफे का लालच देकर साइबर ठगों ने दिया वारदात को अंजाम

अलग-अलग स्थानों पर रहने वाले कारोबारी व महिला समेत तीन लोगों को मोटा मुनाफा कमाने और जल्द अमीर बना देने जैसे प्रलोभन देकर साइबर क्रिमिनलों एवं जालसाजों ने लगभग पौन दो करोड़ की रकम एक झटके में हड़प ली।

इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में रहने वाले प्रभाष कुमार नामक व्यक्ति को निवेश के माध्यम से मोटा मुनाफरा अर्जित करने का प्रलोभन देकर साइबर क्रिमिनलों ने जहां उनसे एक करोड़ पैंसठ लाख ठग लिये वहीं इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में ट्रैवल एजेंसी चलाने वाले एक शातिर व्यक्ति ने कारोबारी को लगभग पौने दो लाख का चूना कश्मीर भेजने के नाम पर लगा दिया। इसके अलावा देहात क्षेत्र में भी एक महिला को प्लॉट दिलवाने के नाम पर ठगों ने उनसे लाखों की रकम हड़प ली। इन घटनाओं की सूचना मिलने के बाद संबंधित थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### ग्रेटर नोएडा में बीटेक के छात्र ने की आत्महत्या

**नोएडा।** नोएडा थाना बीटा-2 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि अल्फा-वन सेक्टर के सी. ब्लॉक मे बिहार के जनपद दरभंगा के रहने वाले विकास कुमार राय और उनके भाई प्रकाश कुमार राय के यहां रहकर एक कॉलेज से पढ़ाई कर रहे थे। उन्होंने बताया कि विकास ने पुलिस को सूचना दी कि उसके छोटे भाई प्रकाश राय ने बीती रात को अपने घर में पंखे से फंदा लगा लिया। उसे कैलाश अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रकाश बी.टेक प्रथम वर्ष का छात्र था।

# एंबुलेंस में सुरक्षित प्रसव कराकर बचाई मां और नवजात की जान

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में एम्बुलेंस 102 सेवा के कर्मियों ने एक बार फिर गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराकर जच्चा-बच्चा दोनों की जान बचाई।

प्रहलागढ़ी निवासी अखिलेश की पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल ले जाने के लिए उसने 102 सेवा पर सूचना दी। सूचना मिलने के 15 मिनट में एम्बुलेंस में पीड़िता के घर पहुंच गई और उसे लेकर अस्पताल निकली। लेकिन घर से दो किलोमीटर दूर पहुंचते ही महिला को प्रसव पीडा इतनी बढ़ गई कि एम्बुलेंस पर तैनात ईएमएटी मुनेन्द्र से तत्काल चालक इन्द्रपाल को एम्बुलेंस रूकवाई और वहीं डिलीवरी किट की मदद से सुरक्षित प्रसव कराया।

एंबुलेंस में पूजा ने एक बेटी को जन्म दिया। सेवा कर्मियों द्वारा समय से प्रसव कराए जाने पर जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। एंबुलेंस सेवा के प्रोग्राम मैनेजर जयविंदर सिंह ने बताया की कर्मचारियों के इस सराहनीय कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

# मोदीनगर में घर में घुसकर दबंगों ने की लूटपाट

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

- विरोध करने पर बदमाशों ने मारपीट कर बंधक बना, सेफ में रखे 1.30 लाख रुपये लूट लिए

मुरादनगर थानाक्षेत्र के गांव नेकपुर में देर रात दंबगों द्वारा घर में घुसकर एक युवक को बंधक बनाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। इस दौरान बदमाशों ने सेफ में रखे 1.30 लाख रुपये लूट निए। विरोध करने पर दंबगों ने युवक को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने इस संबंध में थाने मे तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव नेकपुर निवासी राशिद परिवार सहित रहते हैं। मजदूरी करके परिवार का लालन पालन करते हैं। राशिद ने बताया कि दो दिन पहले ही मेरे पास कमेटी में 1.30 लाख रुपये आए थे। पैसे को घर के अंदर सेफमें संभालकर रख दिए थे। आरोप है कि देर रात कई युवक दीवार फांदकर घर के अंदर आ गए। सोते हुए राशिद को दबोच लिया और बंधक बनाकर पहले जमकर मारपीट की। इसके बाद सेफमें रखे 1.30 लाख रुपये लूट लिया। पैसे लूटने के बाद एक बार फिर दंबगों ने राशिद की बेहरमी से पिटाई कर दी। उसे इतना पीटा गया कि वह बेहोश हो गए। चीख पुकार सुन आसपास के लोगों को आता देखकर हमलावर फरार हो गए। परिजनों ने पीड़ित को भर्ती कराया है। पीड़ित ने सोमवार सुबह मुरादनगर थाने में पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज करने की बात कह रही है। मुरादनगर की आर्यनगर कॉलोनी में घर में घुसकर 14 वर्षीय किशोर से मारपीट का मामला सामने आया है।

# सांसद महेश शर्मा ने एल्डिको निवासियों की सुनी समस्याएं

- जनसंवाद कार्यक्रम में अथॉरिटी के अधिकारियों को समाधान के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत समस्याओं को सुनते सांसद मेहश शर्मा।

नोएडा के सेक्टर-119 की एल्डिको आमंत्रण सोसाइटी में भाजपा सांसद डॉक्टर महेश शर्मा जनसंवाद कार्यक्रम के तहत रेजिडेंट्स से रूबरू हुए। सांसद ने सोसाइटी सहित आसपास की जन समस्याओं से जुड़े मुद्दों पर सुनवाई की। इस दौरान मौजूद नोएडा अथॉरिटी के अधिकारियों को निर्देश के साथ संबंधित विभागों से शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

सांसद डा महेश शर्मा ने भाजपा की उपलब्धियों को बताया। सांसद ने कहा कि नोएडा अथॉरिटी, यूपी पॉवर, हार्टिकल्चर, ड्रेनेज, हेल्थ आदि विभाग के अधिकारियों को सभी समस्याओं को प्रेषित कर समाधान कराया जायेगा। इस मौके पर एल्डिको आमंत्रण सोसाइटी के अध्यक्ष निखिल सिंघल ने सांसद महेश शर्मा को बताया कि सोसाइटी में करीब 1200 फ्लेट्स हैं। करीब 300 फ्लैटों की रजिस्ट्री नहीं हुई है। बताया कि बिल्डर और नोएडा अथॉरिटी के बीच विवाद में सोसाइटी के फ्लैट ओनर परेशान हैं। जबकि परिसर के खेल कोर्ट और प्रदूषण बोर्ड से जुड़ी समस्याओं को रख सांसद से राहत की मांग रखी। जनसंवाद के दौरान निवासी अनिरुद्ध गौड ने निवासियों की ओर से विभिन्न समस्याओं जैसे एफएनजी से सेक्टर 119 के कट को जाम से मुक्ति दिलाने को चौड़ा करने, बारिश में जलभराव की समस्या दूर करने, सोसाइटी के समीप सीसीटीवी लगाने, सड़कों की साफसफाई, कूड़ेदानों से कूड़ा उठाने, अतिक्रमण, स्पीड ब्रेकर, जोडियक और आरजी चौराहों पर फाउंटेन लगा सौंदर्यकरण, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और पेट्रोल पंप लगवाने आदि सेक्टर की प्रमुख समस्याएं सांसद डा महेश शर्मा के समक्ष रखी।

एओए प्रेसिडेंट निखिल सिंघल और सदस्य उमेश बंसल, डा राजकुमार सिंह आदि ने सांसद को सभी समस्याओं संबंधी ज्ञापन सौंप शीघ्र कार्रवाई की मांग की। जिनमें सोसाइटी की समस्याओं के अलावा अधिकतर आम जनता की सुविधाओं से जुड़ी कॉमन समस्याएं रहीं। सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने आमंत्रण की ग्रीन बेल्ट परिसर में पौधारोपण भी किया। इस दौरान इंडिगो आमंत्रण के निवासियों ने भी ग्रीन बेल्ट में पौधे लगाए। कार्यक्रम का संचालन सोसाइटी निवासी अनिरुद्ध गौड़ ने किया। एल्डिको आमंत्रण एओ, उपाध्यक्ष ऋषि पुरवार, सचिव गौतम शर्मा, कोषाध्यक्ष जय मेघानी, सदस्यों में उमेश बंसल, राजकुमार सिंह, सुरजीत यादव, नोएडा प्राधिकरण से आर के शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज झा, दिनेश मिश्रा, संदीप शर्मा आदि सहित भाजपा नेता और सोसाइटी के लोग उपस्थित रहे।

### फेज टू में कंपनी के पूर्व कर्मचारी ने की थी चोरी

**नोएडा।** नोएडा की थाना फेज टू पुलिस ने एक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया है। पकड़े गए चोरों में एक आरोपी इस कंपनी का पूर्व कर्मचारी है। उसको कंपनी के बारे में पूरी जानकारी थी इसीलिए उसने अपने दोस्त के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

दरसअल नोएडा के थाना फेस टू पर 7 जुलाई को शिकायत दी गई कि उनके यहां पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी का एक पूर्व कर्मचारी इस चोरी में शामिल है। सीसीटीवी फुटेज में उसे साफतौर पर पहचान लिया गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# दिल्ली का अध्यादेश अलोकतांत्रिक, असंवैधानिक और अस्वीकार्य : आप

## किसी भी राज्य में सत्ता हथियाने के लिए किया जा सकता है इसका इस्तेमाल : चड्ढा

● आप ने व्हिप जारी कर सभी राज्यसभा सांसदों को 4 अगस्त तक सदन में मौजूद रहने को कहा



संसद में दिल्ली अध्यादेश के संबंध में पत्रकारों को संबोधित करते आप नेता व राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा व अन्य पार्टी नेता।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में सेवा पर अधिकार को लेकर केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच जारी खींचतान के बीच सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप)ने अपने सभी राज्यसभा सांसदों को 4 अगस्त तक सदन में मौजूद रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है।

राज्यसभा में आप के चीफ व्हिप और सांसद सुशील गुप्ता की ओर से जारी 3 लाइन की व्हिप में कहा गया है कि आम आदमी पार्टी ने अपने सभी सांसदों को व्हिप जारी कर 4 अगस्त तक सदन में मौजूद रहने को कहा है, केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार (संशोधन) बिल, 2023 पर चर्चा और पास कराने के लिए मंगलवार 1 अगस्त, बुधवार 2 अगस्त, गुरुगुवार 3 अगस्त और शुक्रवार 4 अगस्त, को राज्यसभा में निम्नलिखित अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए जाएंगे।

ऐसे में राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के सभी सदस्यों से अनुरोध है 4 अगस्त तक सदन की कार्यवाही स्थगित होने तक सुबह 11 बजे से सदन में बिना रुके उपस्थित रहें और पार्टी के रुख का समर्थन करें।

इस बीच आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 की कड़ी निंदा की और इसे अलोकतांत्रिक व अवैध विधायी कार्य का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह विधेयक दिल्ली के लोगों पर सीधा हमला है, भारतीय न्यायपालिका का अपमान और देश की संघीय व्यवस्था के लिए बहुत बड़ा खतरा है।

राघव चड्ढा ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों के लिए भाजपा का अंतर्निहित संदेश यह है कि यदि वे गैर-भाजपा सरकार चुनते हैं तो उसे सुचारू रूप से काम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

यह बिल दिल्ली के दो करोड़ लोगों द्वारा अरविंद केजरीवाल को दिए गए ऐतिहासिक बहुमत और जनादेश को कमजोर करता है। यह अध्यादेश दिल्ली की निर्वाचित सरकार के पक्ष में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का भी विरोधाभास है, जिसने पुष्टि की थी कि नौकरशाही से संबंधित सभी शक्तियां दिल्ली सरकार के पास होना चाहिए।

लेकिन भाजपा सरकार ने महज 8 दिनों के भीतर इस फैसले को पलट दिया और न्यायपालिका के फैसले को चुनौती देने वाला अध्यादेश लेकर आ गई।

चड्ढा ने इस कदम के खतरनाक प्रभावों के प्रति भी आगाह किया। उन्होंने भविष्य में इसे देश भर में गैर-भाजपा शासित राज्य सरकारों को अस्थिर करने का एक प्रयोग बताया। उऐसे अध्यादेश भारतीय संविधान को खतरे में डाल सकते है और लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कमजोर कर सकता है।

आप नेता के अनुसार 1998 से 2013 तक शीला दीक्षित की कांग्रेस सरकार और उसके बाद 2013 से अरविंद केजरीवाल ने भारी जनादेश के साथ दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाई। भाजपा दिल्ली में राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक हो गई है, जिससे बौखला कर वह आम आदमी पार्टी से सत्ता छीनने और दिल्ली सरकार को अप्रभावी बनाने की लगातार कोशिश कर रही है।

चड्ढा ने संविधान और लोकतंत्र को सर्वोच्च सम्मान देने वाले सभी सांसदों से इस अध्यादेश के खिलाफ एकजुट होने और संसद के दोनों सदनों में इसके खिलाफ मतदान करने की अपील की।

### बदरपुर क्षेत्र में झड़प की घटनाओं में दो महिला समेत चार घायल

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के बदरपुर इलाके में दो अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हुए हैं। सोमवार सुबह करीब 10.30 बजे गौतमपुरी में पथराव और झगड़े की सूचना पीसीआर को प्राप्त हुई। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि कॉल प्राप्त होने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, जहां फोन करने वाले शख्स रंजीत ने बताया कि रविवार शाम करीब सात बजे उसकी 14 वर्षीय भतीजी लापता हो गई थी और वे इलाके में तलाश कर रहे थे।

उपायुक्त ने बताया कि दो बाइक सवार इलाके से गुजरे थे और उन्होंने इस संबंध में कुछ अवांछित टिप्पणी की। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद रविवार रात करीब 10.40 बजे उनके (बाइक सवारों और रंजीत के परिवार) बीच झड़प हो गई, जिसमें रंजीत के भतीजे राहुल (24) और रितिक (22) घायल होने के बाद एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया।

देव ने बताया कि कबाड़ी का काम करने वाला रंजीत सोमवार सुबह अपने परिवार के सदस्यों और अन्य रिश्तेदारों के साथ गौतमपुरी स्थित अपनी दुकान के सामने बैठकर अपनी भतीजी के लापता होने पर चर्चा कर रहा था। उन्होंने बताया कि इस दौरान तेज रफ्तार एक बाइक पर दो लोग वहां आए और उनकी बाइक का हैंडल रंजीत के बेटे बबलू को छू गया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। इसके बाद बाइक सवारों ने अपने दोस्तों को बुलाया, जिन्होंने रंजीत के घर पर पथराव और कांच की बोतलें फेंकी और मौके पर जमकर हंगामा किया। अधिकारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर घटना से जुड़ा वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें भीड़ पीड़ित के घर पर पथराव कर रही है। इस घटना में शिकायतकर्ता की बहन शामकली और उर्मिला नाम की महिला को चोटें आईं हैं।

# डेंगू का दूसरे स्ट्रेन से बढ़े केस

● 22 जुलाई तक 187 मामले सामने आए, केस पांच साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए जो वर्ष 2018 के बाद सबसे अधिक हैं



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के निचले इलाकों से बाढ़ का पानी जैसे-जैसे उतर रहा है, वैसे-वैसे डेंगू के मामलों में भी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। 22 जुलाई तक 187 मामले सामने आने के बाद इस साल डेंगू के मामले पांच साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए जो वर्ष 2018 के बाद सबसे अधिक हैं। तेजी से बढ़ते डेंगू के मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने रविवार को कहा था कि दिल्ली सरकार ने अधिकारियों को स्कूलों और आम लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया है ताकि वायरस के प्रसार पर रोक लगाई जा सके।

दिल्ली नगर निगम के सोमवार का जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले सप्ताह डेंगू के 56 नए मामले सामने आने के साथ ही कुल मामलों की संख्या 243 हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक जनवरी से 28 जुलाई की अवधि में मलेरिया के 72 मामले दर्ज किए गए। वहीं, जुलाई में अब तक डेंगू के 121 मामले सामने आ चुके हैं, जबकि जून में 40 और मई में 23 मामले आए थे। पिछले साल इस अवधि (1 जनवरी-28 जुलाई) के दौरान डेंगू के 169 मामले थे, जबकि 2021 में 52, 2020 में 31, 2019 में 40 और 2018 में 56 मामले दर्ज किए गए थे।

महापौर शेली ओबरॉय ने हाल ही में कहा था कि इस साल कई इलाकों में बाढ़ के कारण डेंगू और मलेरिया के मामलों में वृद्धि होने की आशंका है। संबंधित अधिकारियों को मच्छरों की रोकथाम और यमुना में बाढ़ से आई गाद और कीचड़ को साफ करने के निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली सरकार का कहना है कि डेंगू की दूसरी स्ट्रेन फैल रही है जिसको लेकर एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि डेंगू वायरस के चार सीरो टाइप हैं डीईएनसी-1, डीईएनसी-2, डीईएनसी -3 और डीईएनसी-4। इस साल डेंगू 20 पॉजिटिव सैंपलों की जीनोम सीक्वेंसिंग की गई जिसमें पता चला कि इनमें से 19 मामलों में डेंगू वायरस की स्ट्रेन टाइप-2 है। डेंगू की टाइप-2 एक गंभीर स्ट्रेन है। मामले की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली सरकार ने मच्छरों के प्रजनन वाली जगहों पर लार्वा पाए जाने के मामलों में जुर्माना भी बढ़ा दिया है। यदि घरों पर मच्छरों के लार्वा मिलते हैं तो 1000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा जबकि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर 5000 रुपयेके जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

### ड्रोन से मच्छरों के लार्वा की निगरानी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम ड्रोन खरीदने के लिए जल्द ही निविदा जारी करेगा और इनका इस्तेमाल मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए प्रमुख नालों तथा दूर-दराज के इलाकों में निगरानी के लिए किया जाएगा। साथ ही दवा के छिड़काव के लिए भी इनका उपयोग किया जाएगा। डेंगू के मामले बढ़ने के बीच यह कदम उठाया है।

नगर निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मीडिया से बातचीत में बताया, योजना के अनुसार निगरानी और लार्वा रोधी स्प्रे गतिविधि के लिए ड्रोन खरीदे जाएंगे। इसके लिए जल्द ही निविदा जारी की जाएगी और डेढ़ महीने के भीतर परियोजना जमीन पर आ जाएगी। ड्रोन का इस्तेमाल प्रमुख नालों पर लार्विसाइड का छिड़काव करने के साथ-साथ छतों आदि पर मच्छरों के लार्वा के पनपने की जांच के लिए भी किया जाएगा। डेंगू से निपटने के लिए व्यापक योजना के हिस्से के रूप में इस साल ड्रोन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-आधारित मंच का उपयोग किया जाएगा, जिसकी मदद से सितंबर में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाली दिल्ली के स्मारक स्थलों, होटल और बाजारों में फ्यूमिगेशन (धूम्रीकरण) पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नगर निगम ने बताया कि मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए जलाशयों में लार्वाभक्षी मछलियां छोड़ी जाएंगी।

# श्रद्धा के पिता ने कहा- पूनावाला ने बताया था गला घोटने के बारे में

● गवाही के दौरान दी जानकारी, शव के 36 टुकड़े कर कई दिनों तक रखा था फ्रीज में

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

श्रद्धा वाल्कर हत्याकांड के मुख्य आरोपी आफताब अमीन पूनावाला ने पीड़िता के पिता को इस बात की जानकारी दी थी कि उसने अपने हाथों से उनकी बेटी का गला घोंटा था। पीड़िता के पिता ने सोमवार को दिल्ली की एक अदालत में गवाही के दौरान इसकी जानकारी दी। अदालत सनसनीखेज हत्या मामले में गवाहों के बयान दर्ज कर रही है।

श्रद्धा के पिता ने पूनावाला के बयान के बारे में भी गवाही दी कि पीड़िता का गला घोंटने के बाद, उसने एक आरी खरीदी और उसकी कलाई काट दी तथा उसे कूड़े के थैले में डाल दिया।

आरोपी पूनावाला (28) के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाली श्रद्धा की कथित तौर पर पिछले साल 18 मई को गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। आरोपी ने कथित तौर पर श्रद्धा के शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर दिए, शरीर के उन हिस्सों को उसने फ्रिज में रखा और पुलिस एवं जनता को चकमा देने के लिए कई दिनों तक उन टुकड़ों को राजधानी दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में फेंक दिया। बाद में शरीर के कई हिस्से आरोपी के घर के पास एक जंगल से पाए गए थे।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनीषा खुराना कक्कड़ के समक्ष सरकारी वकील द्वारा अभियोजन गवाह के रूप में पूछताछ में विकास मदन वाल्कर ने गवाही दी कि वह 11 नवंबर, 2022 को महरौली पुलिस स्टेशन गए थे, जहां उनसे पुलिस अधिकारियों ने पूछा था कि क्या वह पूनावाला को पहचानते हैं।

विकास वाल्कर ने पुलिस को अपने बयान में कहा था कि यह पूनावाला है, जो मेरी बेटी के साथ पिछले तीन साल से रह रहा है। मैंने पुलिस को यह भी बताया कि उसने कई बार मेरी बेटी के साथ झगड़ा किया और उसकी पिटाई की।

### आतिशी ने आंगवाड़ी किचन का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्री आतिशी ने तिगड़ी स्थित सेंट्रलाइज्ड आंगनवाडी किचन का निरीक्षण खाने के गुणवत्ता की जांच की। इस सेंट्रलाइज्ड किचन के जरिए दिल्ली सरकार 775 आंगनवाडियों में आने वाले 42,000 से अधिक बच्चों व गर्भवती महिलाओं को मुफ्त में पोषक आहार मुहैया कराया जाता है।

आतिशी ने कहा कि, केजरीवाल सरकार हर जरूरतमंद महिलाओं और बच्चों तक पौष्टिक आहार पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में सरकार 11 सेंट्रलाइज्ड किचनों के जरिए प्रतिदिन दिल्ली भर में 8 लाख बच्चों और महिलाओं तक पौष्टिक पका खाना और टेक होम राशन (टीएचआर) पहुँचाने का काम कर रही है।



दिल्ली सचिवालय के बाहर अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन के सदस्य। फोटो : रंजन डिमरी

# नजफगढ़ स्टेशन पर चलती मेट्रो के आगे कूदा युवक, मौत

● मेट्रो सेवा का परिचालन करीब 15 से 20 मिनट रहा बाधित

**पायनियर समाचार सेवा। नई** दिल्ली

नजफगढ़ मेट्रो स्टेशन पर एक युवक ने चलती मेट्रो ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान मनीष कुमार के रूप में हुई है। मनीष नजफगढ़ के प्रेम नगर में रहते थे और लाइब्रेरियन थे।

पुलिस के अनुसार, मनीष कुमार उत्तराखंड के देवप्रयाग में लाइब्रेरियन थे। वह शादीशुदा थे और उनकी एक बेटी है। इस घटना के बाद मेट्रो सेवा करीब 15-20 मिनट प्रभावित रही।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस को सोमवार को सुबह नौ बजकर 26 मिनट पर सूचना मिली कि एक व्यक्ति नजफगढ़ मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन के सामने कूद गया है। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई है। मामले में पुलिस आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 174 के तहत कर्रवाई कर रही है।

# विशेष आवश्यकता वाले 8 छात्र करेंगे देश का प्रतिनिधित्व

**वर्ल्ड स्काउट जम्बूरी**

● शिक्षा मंत्री ने स्कूलों के बच्चों से मुलाकात कर किया प्रोत्साहित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


25वें वर्ल्ड स्काउट जम्बूरी में जाने वाले बच्चों के साथ शिक्षा मंत्री आतिशी व अन्य।

सरकारी स्कूल के विशेष आवश्यकता वाले 8 छात्र 25वें वर्ल्ड स्काउट जम्बूरी में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह दल सोमवार रात दक्षिण कोरिया के लिए रवाना हो गया है जहां 1 से 12 अगस्त तक प्रतियोगिता का आयोजित किया जाएगा। दल के रवाना होने से पहले शिक्षा मंत्री आतिशी ने छात्रों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया।

इस मौके उन्होंने कहा कि इस आयोजन में भाग लेने से छात्रों को आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान बनाने में मदद मिलेगी। यह समावेशी शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, छात्रों के कैरियर विकास में सहायता करेगा और छात्रों को अन्य देशों के छात्रों से बातचीत करने, संस्कृति से सीखने का अवसर प्रदान करेगा।

आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों ने ये साबित कर दिखाया है कि उनमें प्रतिभा कूट-कूट के भरी है उन्हें बस केवल अवसर की जरुरत है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को वो अवसर देने का काम किया है। इसी का नतीजा है कि बच्चे राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली का प्रतिनिधित्व कर रहे है और देश को गौरवान्वित कर रहे है। इस वैश्विक प्रतियोगिता में भाग ले रहे विशेष आवश्यकता वाले बच्चे न केवल अन्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों बल्कि सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है और पूरे विश्व को ये सन्देश दे रहे है कि वे अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर कुछ भी कर सकते है और समाज की उनके प्रति सोच को बदलने का काम कर सकते हैं।

# हत्या-लूट सहित 20 मामलों में शामिल बदमाश गिरफ्तार

● 8 साल से गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस को दे रहा था चकमा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

द्वारका दक्षिण थाने की पुलिस ने लूट और हत्या समेत 20 मामले में वांछित बदमाश को सीएनजी पंप, सेक्टर-18 रोहिणी से गिरफ्तार किया है। वह पिछले 8 साल से गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस को चकमा दे रहा था। आरोपी की पहचान मुकेश गुर्जर के रूप में हुई है। वह बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी का रहने वाला है।

पुलिस उपायुक्त एम हर्षवर्धन ने बताया कि तकनीकि सर्विलांस की मदद से पुलिस इस बदमाश को गिरफ्तार किया है। यह काफी समय से फरार चल रहा था और पुलिस का घोषित बदमाश भी है। इसके ऊपर पहले से राज पार्क थाना सहित अलग-अलग थाना इलाकों में लूट, मर्डर, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के 20 मामले चल रहे हैं।

हर्षवर्धन ने बता कि हवलदार कुलदीप सिंह को आरोपी के बारे में टेक्निकल सर्विलांस और मुखबिर की मदद से जिनकारी मिली थी। इस जानकारी पर एसीपी मदन लाल मीणा की देखरेख में द्वारका साउथ एसएचओ आशीष कुमार दुबे, द्वारका सेक्टर एक चौकी इंचार्ज तरुण राणा, हेड कॉन्स्टेबल कुलदीप सिंह और प्रवीण दहिया की टीम ने छापा मारकर इसे गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी को रोहिणी कोर्ट ने भगोड़ा घोषित कर रखा था और यह लगातार अपना ठिकाना बदलकर इधर-उधर छुप रहा था लेकिन पुलिस टीम इसकी लोकेशन के बारे में पता लगा लिया। पूछताछ में पता चला कि आदर्श नगर थाने में 2007 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था। उस 16 साल पुराने मामले में रोहिणी कोर्ट ने इसे भगोड़ा भी घोषित किया था। पुलिस की टीम लगातार 8 साल से इसकी तलाश कर रही थी। गिरफ्तारी के बाद इसे कोर्ट में पेश किया गया।

### हत्या के आरोपी कट्टर हिंदू एकता व्हाट्सएप ग्रुप सदस्य को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए सांप्रदायिक दंगों से जुड़े हत्या के एक मामले में कट्टर हिंदू एकता व्हाट्सएप ग्रुप के एक कथित सदस्य को सोमवार को जमानत दे दी। आरोपी के खिलाफ केवल परिस्थितिजन्य साक्ष्य मिला था और इसकी विश्वसनीयता का आकलन मुकदमे के अंतिम चरण में किया जाएगा। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला आरोपी लोकेश सोलंकी की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। लोकेश के खिलाफ गोकलपुरी थाना पुलिस ने हत्या और दंगे के तहत मामला दर्ज किया है। कट्टर हिंदू एकता ग्रुप का सदस्य था और 26 फरवरी, 2020 को उसने एक विशेष समुदाय के दो सदस्यों की हत्या के संबंध में ग्रुप में एक संदेश भेजा था।

# बारिश-बाढ़ से जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों को भारी नुकसान

● उपराज्यपाल ने शिखर सम्मेलन की तैयारियों के लिए गठित जिला निगरानी समितियों के प्रमुखों की बैठक की अध्यक्षता की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों की बैठक लेते उपराज्यपाल विनय सक्सेना।

बारिश और बाढ़ से जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों को झटका लगा है। जो काम पहले पूरे हो चुके थे, उन कामों को भी भारी नुकसान हुआ है। खासकर रिंग रोड और राजघाट वाले इलाकों में खासा नुकसान हुआ है। इसके मद्देनजर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोमवार को सितंबर में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों के लिए गठित जिला निगरानी समितियों के प्रमुखों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। इन समितियों का गठन 19 जुलाई के आदेश के तहत किया गया है। राजनिवास के एक अधिकारी ने बताया कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पिछले कुछ दिनों से लगातार सड़कों पर उतर कर खुद तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं। पिछले दिनों बारिश और बाढ़ ने राजधानी में चल रहे कार्यों की प्रगति को धीमा कर दिया है।

जिला निगरानी समितियों में एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी कॉर्डिनेटर के रूप में शामिल होते हैं। इसके अलावा संबंधित डीएम, डीसीपी, एमसीडी के डीसी एनडीएमसी के सचिव और डीडीए के चीफ इंजीनियर शामिल हैं। इन समितियों को अपने-अपने क्षेत्रों में कमियों का विश्लेषण कर उन्हें पूरा करने के लिए बनाया गया था और इन्हें संबंधित विभाग, एजेंसी जैसे पीडब्ल्यूडी, मेट्रो, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण, डीजेबी, डॉयली और डिस्कॉम आदि की मदद से इन कमियों को दूर करने का अधिकार दिया गया था।

जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए मुख्य कार्यक्रम स्थल आईटीपीओ के अलावा 61 महत्वपूर्ण सड़कों और 23 होटलों के आसपास सौंदर्यीकरण, सुधार और रखरखाव की निगरानी खुद एलजी कर रहे हैं। इन महत्वपूर्ण स्थलों में 36 सड़कें और 17 होटल नई दिल्ली जिले में स्थित हैं जबकि दक्षिण-पश्चिम जिले में केवल 2 सड़कें और 1 होटल हैं।

जिन 7 जिलों में ऐसी परियोजनाएं स्थित हैं उनमें नई दिल्ली, दक्षिण पूर्व, दक्षिण,शाहदरा, दक्षिण पश्चिम और पूर्व शामिल हैं। इसके अलावा, बाकी 4 जिलों- उत्तर, पश्चिम, उत्तर पश्चिम और उत्तर पूर्व ने भी इसी तरह की कुछ परियोजनाओं की पहचान की है।

बैठक में इस बात को जिक्र किया गया कि अब तक जो काम हुआ है, वह संतोषजनक रहा है और यदि कोई काम पूरा नहीं हो पाया है तो तो अगस्त की पहले सप्ताह तक इसके पूरा होने की उम्मीद है। एलजी ने विभिन्न निगरानी समितियों को निर्देश दिया है कि वे सभी साइटों का सुबह और देर शाम दौरा कर रोजाना के आधार पर निरीक्षण और निगरानी करें। उपराज्यपाल ने संबंधित विभागों के प्रमुखों को निर्बाध समन्वय से काम करने के निर्देश दिए।

# विश्व शांति के लिए दुनिया भारतीय संस्कृति की तरफ देख रही : नितिन गडकरी

## भारत अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र के शिलान्यास में कही यह बात

### संसद की कार्यवाही के चलते शाम की बजाय सुबह पहुंचे मंत्री गडकरी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**केंद्रीय** सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि दुनिया में निराशा का भाव फैला हुआ है। आज विश्व शांति के लिए दुनिया भारतीय संस्कृति की तरफ देख रही है। हमारे संतों ने विदेशों की धरती पर हमारी संस्कृति, विरासत और इतिहास का प्रचार-प्रसार किया है। वहां के लोगों को नई दिशा दी है। हमारी उपासना पद्धति अलग-अलग हो सकती है, लेकिन संस्कृति, विरासत, इतिहास एक है और यही भारत की विशेषता है। वे सोमवार को गुरुग्राम में बनने वाले भारत अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र के शिलान्यास अवसर पर बोल रहे थे।

यह तीन दिवसीय संस्कृति महोत्सव सोमवार को संपन्न हो गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगतसिंह कोश्यारी और


गुरुग्राम में भारत अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र के शिलान्यास समारोह में दीप प्रज्जवलित करते केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी।

मेघालय के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, केंद्र के संरक्षक लक्ष्मी नारायण भाला, केंद्र के मुख्य संयोजक अमित जैन सहित अनेक गणमान्य लोग भी मंच पर उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने धर्मनिरपेक्षता पर बोलते हुए कहा कि इसे समझना जरूरी हैं। शासन को धर्म निरपेक्ष होना चाहिए, व्यक्ति कभी धर्म निरपेक्ष नहीं हो सकता। उन्होंने सेक्यूलर शब्द पर कहा कि इसका अर्थ भी सर्व धर्म सम्भाव है। धर्म का संबंध कर्तव्य के साथ होता है। हिंदुत्व का अर्थ जीवन पद्धति है। हमारा इतिहास, संस्कृति हमें विरासत से मिली हैं। रामायण, महाभारत और साधु-संतों के मार्गदर्शन से मिली है।

नितिन गडकरी ने कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य किसान, गरीब का कल्याण करना है। विश्व में जो भी निराशा फैली हुई है, उससे निकालने के लिए हमारी संस्कृति को दुनिया में फैलाना है और यह केंद्र निश्चित ही यह कार्य करेगा।

गडकरी ने कहा कि अलग भाषा, अलग भेष, अलग-अलग रहन-सहन होने के बावजूद हमारी संस्कृति एक है। यही भारत की विशेषता, श्रेष्ठता है। हमारी भारतीय संस्कृति, मूल्यदृष्टि जीवन पद्धति, मूल्य दृष्टि परिवार पद्धति विश्व के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। स्वाभाविक रूप से हमारा इतिहास, हमारी संस्कृति हमारी विरासत, हमारा साहित्य, हमारी कलाएं इन सब बातों का जतन करना ही हमारे समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

किसी भी देश के इतिहास में उसका अगर भविष्य हमें देखना है तो स्वाभाविक रूप से उस देश का इतिहास, संस्कृति और दोनों के आधार पर समग्र जीवन का जो परिणाम होता है, उस पर ध्यान देना होगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारी संस्कृति की रक्षा करते हुए और इस संस्कृति का महत्व पूरे विश्व के लोगों तक पहुंचाने में हमारे भारत अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। हमारी पारिवारिक पद्धति, भारतीय संस्कृति, योगा, आयुर्वेद दुनिया के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे विचार कितने भी श्रेष्ठ हो, हमारे सिद्धांत कितने भी श्रेष्ठ हो, पर जहां हम जाते हैं वहां के लोगों को उनकी भाषा में समझाना उतना ही आवश्यक हैं, इसलिए मुझे खुशी है कि आज पूरी दुनिया में भारतीय संस्कृति से जुड़ी अनेक बातों पर रिसर्च हो रहा है। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में पत्रकारों और साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। तीसरे सत्र में कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया।

# गडकरी का दावा : गुरुग्राम के लोगों को जल्द मिलेगी जाम से मुक्ति

## सोमवार सुबह गुरुग्राम में एक कार्यक्रम में पहुंचे थे नितिन गडकरी

**पायनियर समाचार सेवाव।** गुरुग्राम

**केंद्रीय** सड़क परिवहन मंत्री ने गुरुग्राम की जनता से कहा कि उन्हें यातायात के जाम से जल्द ही मुक्ति मिल जाएगी। दिल्ली का रिंग रोड यूईआर-टू पानीपत से शुरू हो रहा है। इससे एयरपोर्ट पहुंचने में 15 से 20 मिनट का समय लगेगा। वे सोमवार को गुरुग्राम में भारत अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र के शिलान्यास समारोह में पहुंचे थे।

उन्होंने दावा करते हुए कहा कि छह महीने के अंदर यहां के लोगों को ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिल जाएगी। गडकरी ने कहा कि द्वारका एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य जल्द ही पूरा होने की प्रक्रिया में है। इस सड़क का निर्माण पूरा होते ही द्वारका व पुराने गुरुग्राम के क्षेत्र निवासी वाया सोहना होते हुए दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे का इस्तेमाल कर केवल दो घंटे में जयपुर पहुंच सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस सड़क नेटवर्क के पूरा होते ही निश्चित रूप से गुरुग्राम-जयपुर राष्ट्रीय


गुरुग्राम में समारोह को संबोधित करते नितिन गडकरी।

राजमार्ग पर भी ट्रैफिक लोड में कमी आएगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दिल्ली में बनाए जा रहे नए आउटर रिंग रोड का कार्य अगले छह माह में पूरा हो जाएगा। इस निर्माण के पूरा होते ही पानीपत से आईजीआई एयरपोर्ट का सफर दो घंटे के बजाय एक चौथाई समय मे पूरा होगा, जिससे समय व ईंधन दोनों की बचत होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जो कूड़े के ढेर थे, उसका भी हमने सड़क निर्माण में प्रयोग किया है। उन्होंने बताया कि 30 लाख टन कचरा रोड में डाला गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में शिव मूर्ति के पास इसी सड़क पर आठ लेन जमीन के अंदर व आठ लेन जमीन के ऊपर का एक मजबूत रोड नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। यह सड़क विशेष रूप से गुरुग्राम, आईजीआई हवाई अड्डा, दक्षिण और पश्चिम दिल्ली से चंडीगढ़ और उससे आगे की ओर जाने वाले यातायात के लिए एक तेज लिंक सुनिश्चित करेगी।

# आग से फर्नीचर मार्केट में लाखों का नुकसान

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**सेक्टर**-47 स्थित फर्नीचर मार्केट में रविवार आधी रात को आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि देखते ही देखते कई दुकानों में फैल गई। लोगों ने आग की सूचना फायर ब्रिगेड विभाग को दी। घंटों तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में लगी रही। आग में लाखों रुपये की फर्नीचर जलकर राख हो गया।

जानकारी के अनुसार रविवार की आधी रात के बाद सेक्टर-47 की फर्नीचर मार्केट में आग लग गई। आग किस कारण से लगी,



इसका कुछ पता नहीं चल पाया। हालांकि दमकल विभाग प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट कारण मान रहा है। मार्केट में सारा फर्नीचर था, इसलिए आग फैलती ही चली गई। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने घंटो तक आग बुझाने के लिए मशक्कत की। करीब एक दर्जन गाड़ियों से यह आग बुझाने में सफलता पायी गई।

# नशे में धुत हवलदार ने कई लोगों को गाड़ी से मारी टक्कर

### पुलिस ने नशेड़ी हवलदार को काबू करके हिरासत में लिया

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**मानेसर** चौक पर नशे में धुत एक हवलदार ने यातायात नियमों को तो तोड़ा ही, साथ में कई लोगों को चोटिल भी कर दिया। उनकी इस हरकत की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अपनी हिरासत में ले लिया। आरोपी हवलदार के खिलाफ मामला दर्ज सस्पेंड कर दिया


नशे में धुत हवलदार को पकड़कर ले जाते पुलिसकर्मी।

गया है। जानकारी के अनुसार रण सिंह नाम का हवलदार गुरुग्राम के सेक्टर-7 पुलिस स्टेशन में कार्यरत है। रविवार की देर रात को वह नशे में धुत होकर अपनी गाड़ी लेकर निकला।

गुरुग्राम के मानेसर चौक पर नशे में गाड़ी चलाते हुए इस पुलिसकर्मी तीन-चार लोगों को टक्कर मारी। लोगों ने बड़ी मशक्कत से उसे काबू किया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर नशे में धुत हवलदार को हिरासत में लिया। हालांकि इस दौरान उसे काफी हुड़दंग भी किया। उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए केस दर्ज करके उसे तत्काल सस्पेंड कर दिया गया।

# नौकरी के पहले दिन करंट लगने से युवक की मौत

**फरीदाबाद।** मुजेसर फाटक के पास स्थित निजी कंपनी में पहले दिन काम करने गए युवक की करंट लगने से मौत हो गई। युवक सोमवार को सुबह साढ़े सात बजे नौकरी पर जाने के लिए घर से निकला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। तिरखा कॉलोनी निवासी गुलशन 19 पहले किसी अन्य कंपनी में बिजली से संबंधित कार्य करता था।

सोमवार को मुजेसर फाटक के पास स्थित दूसरी कंपनी में कार्य करने गया। इस कंपनी में युवक का सोमवार को पहला दिन था। परिवार वालों का कहना है कि युवक सुबह साढ़े सात बजे घर से नौकरी पर गया था। युवक का बड़ा भाई पहले से ही कंपनी में कार्य करता था और उसी ने छोटे भाई गुलशन को कंपनी में नौकरी पर लगवाया था। कंपनी के कर्मचारियों का कहना है कि करंट आने की शिकायत कई बार कंपनी के मैनेजर और मालिक को दी जा चुकी थी।

# पुलिस ने दिल्ली-गुरुग्राम में वाहन चोरी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश



### आरोपियों को शहर थाना क्षेत्र सोहना के अलग-अलग स्थानों से किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**अपराध** शाखा पांच सोहना पुलिस ने दिल्ली व गुरुग्राम में वाहन चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर पड़ा खुलाशा किया है। गिरफ्तार चोर गिरोह के आरोपियों से 07 बाईक्स, 01 ऑटो रिक्शा, 01 ईको गाड़ी, 01 अवैध पिस्टल व 02 जिन्दा कारतूस बरामद। सभी आरोपियों को शहर थाना क्षेत्र सोहना के अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है।

अपराध शाखा पांच सोहना पुलिस के प्रभारी एसआई सत्यप्रकाश ने इस चोर गिरोह का पर्दाफाश करने के लिए अलग-अलग टीमों का गठन करते एक बाद एक पांच सदस्यों को उस समय एक साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी प्राप्त की, जिस समय गिरोह के सभी आरोपी सोहना के आस पास थे।

इनकी पहचान युसूफ, अशफाक, इमरान, जुबेर व रिजवान के रूप में हुई। जिनमें इमरान निवासी बवाना दिल्ली ही मात्र कक्षा 8 तक पढ़ा है। बाकि सभी चारो आरोपी अनपढ़ है। जिनकी उम्र 22 से 25 वर्ष के बीच में है। जिसमें युसुफ जिला पलवल का गांव टीकली ब्राहण, असफाक निवासी गांव पढैनी थाना तावडू जिला नूंह, जुबेर निवासी मामदा, रिजवान निवासी गाव उडकी दल्ला, जिला भरतपुर, राजस्थान का रहने वाले है। अपराध शाखा पांच की पुलिस टीमों ने युसुफ को पलवल-सोहना मार्ग पर बनी मानूवास चौक पोस्ट से, रिजवान को सोहना के पुराने अलवर मार्ग से, असफाक, इमरान व जुबेर को तावडू जाने वाले मार्ग के अंसल मोड़ से गिरफ्तार किया।

#### आरोपियों ने उगली दर्जनभर चोरियां

पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में आरोपियों ने बाइक्स, ऑटो, रिक्सा व ईको गाड़ी समेत अन्य एक दर्जन के लगभग चोरी की वारदातों को स्वीकार किया है। यह गिरोह पिछले करीब डेढ़ वर्ष से दिल्ली व गुरुग्राम के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से वाहन चोरी करता रहा है। बाइक को चोरी करके राजस्थान ले जाकर बेचने की फिराक में थे।

#### किसके खिलाफ कितने मामले

पुलिस ने बताया कि इस वाहन चोर के सदस्यों पर कुल दस मामले दर्ज है। जिसमें युसुफ के खिलाफ दिल्ली व गुरुग्राम में 3, असफाक पर 2, इमरान व जुबेर पर दिल्ली के 4 और आरोपी रिजवान पर एक चोरी का मामला दर्ज गुरुग्राम में है।

# पर्यावरण बचाने के लिए भारत-तिब्बत सहयोग मंच ने रोपे पेड़-पौधे

## मंच के हरियाणा प्रांत प्रमुख अमित गोयल के नेतृत्व में किया गया पौधारोपण

### मंच के प्रांत प्रमुख इंद्रेश कुमार के मार्गदर्शन में कर रहे काम

**प्रवीन शर्मा।** गुरुग्राम

**भारत**-तिब्बत सहयोग मंच प्रमुख इंद्रेश कुमार के मार्गदर्शन में हरियाणा प्रांत के संयोजक अमित गोयल के नेतृत्व में सोमवार को शहर में भगवान शिव की आराधना करते हुए पौधा अभियान का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर प्रांत प्रमुख अमित गोयल ने लोगों को पर्यावरण


गुरुग्राम में पौधारोपण करते भारत-तिब्बत सहयोग मंच के सदस्य।

की रक्षा के लिए जागरुक करते हुए कहा कि जिस तरह से हमारे देश, राज्य, शहर में पर्यावरण की खराबी के कारण आबो-हवा खराब हो रही है, उसे हमारे यहां बीमारियां भी बढ़ रही हैं। अनेक बीमारियों की जड़ खराब पर्यावरण है। आज दुनियाभर में इस बात की चिंता है कि किस तरह से हम प्रकृति को संतुलित करके अपने जीवन को सुखमय बनाएं। जो भी समस्याएं खड़ी हुई हैं, वे मनुष्य की गल्तियों की वजह से ही हुई हैं। हम हरे जंगलों को काटकर कंक्रीट के जंगलों को खड़ा कर लिया। अमित गोयल ने कहा कि हमें अपनी पौराणिकता में वापस लौटना होगा। हमें हरियाली बढ़ानी होगी। एक-एक स्थान पर कई-कई पेड़ लगाने होंगे। हम पिछले 10 साल में झांककर देखें तो पता चलेगा कि हमने अपना कितना नुकसान कर लिया है। हम पेड़ों की छाया में बैठते थे, वहां अब नामो-निशान नहीं है।

# सावन माह के चौथे सोमवार को जलाभिषेक करते हुए महिलाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**सावन** माह के पांचवे चौथे सोमवार को भगवान शिव के मंदिरों में भक्तों ने जलाभिषेक किया। भक्तों ने सुबह 5 बजे से ही मंदिरों में पूजा अर्चना और जलाभिषेक करने की विधि को शुरु कर दिया था।

इससे पहले मंदिरों में पूजारियों ने भक्तों की सुविधा के लिए सभी प्रकार की तैयारियां सुबह 4 बजे तक कर ली थी। ताकि जलाभिषेक करने वालो भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी न हो सके। इस सोमवार को मंदिरों में भक्तो की भीड़ नहीं हुई।


सोहना की डिफेंस कॉलोनी में जलाभिषेक करती महिलाएं।

क्योकि सोमवार को स्कूल व कॉलेजों में शहीद दिवस का अवकाश होने के कारण महिलाएं आज आराम से घरों का कामकाज करके पूजा अर्चना के लिए घरों से निकल मंदिरों में पहुंची। सोहना के शहरी क्षेत्र में एक दर्जन से भी अधिक मंदिरों में जलाभिषेक किया।

# वॉल्वो कार इंडिया ने एसोचैम के साथ मिलकर दादरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोलर प्लांट लगाया

## मेरठ-सहारनपुर कमिश्नरी के एमएलसी, श्री श्रीचंद शर्मा ने किया इसका उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उत्तर** प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर के दादरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज मेरठ-सहारनपुर कमिश्नरी के एमएलसी, श्रीचंद शर्मा ने क्षमता वाली सौर ऊर्जा इकाई का उद्घाटन किया। इस सौर ऊर्जा इकाई को वोल्वो कार इंडिया द्वारा स्थापित किया गया है जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बिजली की जरूरतों को पूरा करेगी, साथ ही किसी भी असंभावित परिस्थिति के चलते बिजली नहीं रहने पर भी सामान्य कामकाज का सुचारू तरीके से संचालन सुनिश्चित होगा। दादरी नगरपालिका की अध्यक्षा, श्रीमती गीता पंडित, तथा गौतमबुद्ध नगर के एसीएमओ, डॉ. ललित कुमार ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वॉल्वो कार इंडिया की ओर से कमर्शियल ऑपरेशंस के डायरेक्टर, श्री कल्पित सिसोदिया भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

इस मौके पर श्री ज्योति मल्होत्रा, मैनेजिंग डायरेक्टर, वॉल्वो कार्स इंडिया, ने कहा, वॉल्वो के लिए सस्टेनेबिलिटी सिर्फ अपने प्रोडक्ट्स तक ही सीमित नहीं है, बल्कि हम



समुदायों के लिए जो कुछ भी करते हैं उसमें भी सस्टेनेबिलिटी को शामिल करते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को नवीकरणीय स्त्रोतों से बिजली उपलब्ध कराना, सही मायने में इन केंद्रों द्वारा एक बड़ी ग्रामीण आबादी को दी जाने वाली सेवाओं की कुशलता बढ़ाने का स्थायी और सबसे किफायती तरीका है। दादरी के सीएचसी में सोलर प्लांट लगाने से यह सुनिश्चित होगा कि इस स्वास्थ्य केंद्र को नवीकरणीय स्त्रोतों से बिजली प्राप्त हो, और इस तरह बिजली की खपत पर होने वाला खर्च काफी कम हो जाएगा। इससे तैयार होने वाली अतिरिक्त हरित बिजली को ग्रिड में भेजा जाएगा, और इस तरह हम सस्टेनेबिलिटी में पहले की तुलना में अधिक योगदान दे पाएंगे।

इस साझेदारी के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए, एसोचैम के महासचिव और एएफसीएसआर के ट्रस्टी, दीपक सूद ने कहा, एसोचैम भारतीय उद्योग के साथ मिलकर काम करता है, ताकि समुदाय के लोग प्रगति के लिए टेक्नोलॉजी का लाभ उठा सकें और अपने जीवन की समग्र गुणवत्ता को बेहतर बना सकें। सरकार द्वारा स्थापित इन स्वास्थ्य केंद्रों से देश भर के सभी समुदायों को लाभ मिलता है, साथ ही उद्योग जगत के एक प्रमुख निकाय के रूप में एसोचैम अपने सदस्यों को इन केंद्रों को बेहतर बनाने में मदद करता है, जिसमें उपकरणों से लेकर इससे संबंधित हर प्रकार की सहायता शामिल है। गाज़ियाबाद के दादरी में सौर ऊर्जा संयंत्र को स्थापित करने में वॉल्वो कार्स इंडिया के साथ इस साझेदारी पर हमें गर्व का अनुभव हो रहा है।

# एआईआईएएस में हुआ 19वां दीक्षांत समारोह



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्राचीन** वैदिक विज्ञान और आध्यात्मिक ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक प्रतिष्ठित संस्थान, ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ ऑकल्ट साइंस (एआईआईएएस) ने 19वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया। यह एक भव्य कार्यक्रम था जिसमें 350 से अधिक छात्र शामिल हुए। दुनिया भर में उनके सफल पाठ्यक्रम प्रमाणपत्रों से सम्मानित किया गया, और अच्छे स्कोरर्स को संबंधित पुरस्कार और पदक प्राप्त हुए, जो हमारे माननीय मुख्य अतिथियों और मशहूर हस्तियों द्वारा दिए गए।

इन अनगिनत विद्यार्थियों में से कई ऐसे थे जो बीपीएल से संबंधित थे; कम संसाधन होने के बावजूद, उन्हें डिप्लोमा, सम्मान और पदक से सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह का विशेष महत्व है क्योंकि यह ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ ऑकल्ट साइंस (एआईआईएएस) के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है और इसके असाधारण छात्रों की उपलब्धियों और समर्पण को मान्यता देता है, जो रक्षा, प्रशासन, डॉक्टरों और इंजीनियरों की विविध पृष्ठभूमि से आते हैं।

सम्मानित मंत्रियों और संसद सदस्यों सहित सम्मानित मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में पूरा समारोह और अधिक भव्य हो गया, जिन्होंने अपनी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए सहमति व्यक्त की।

# विभाजन विभीषिका की यादें ताजा कर गया नाटक गुमनाम शहीद

## मेगा स्टार एकेडमी ऑफ ड्रामेटिक आर्ट्स ने मंचित किया नाटक

### विभाजन विभीषिका के दर्द को सदैव याद रखेगी युवा पीढ़ीः बोधराज सीकरी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**बोधराज** सीकरी के प्रयास और पंजाबी बिरादरी महा संगठन द्वारा प्रायोजित गुमनाम शहीद नाम का नाटक आर्य समाज मंदिर डीएलएफ फेज-2 के ऑडिटोरियम में एक ऐसी दर्दनाक प्रस्तुति प्रस्तुत की गई, जिसने दर्शकों के दिलों को दहला दिया।

विभाजन के समय जो भयावह स्थिति हमारे बुजुर्गों ने देखी, वो दर्दनाक दृश्य जिसमें लाखों लोग मारे गये, जिसमें लाखों बहन बेटियों की इज्जत लूटी गई। किस प्रकार दरिंदगी का आलम हमारे पूर्वजों ने देखा, वो इस नाटक मंडली ने हूबहू दिखाया। कैसे एक-एक रोटी के लिये हमारे बुजुर्ग मोहताज हुए, कैसे नौजवान बेटियों को पिता ने अपने ही हाथों मारा, कैसे संपन्न परिवार के लोग एक-एक बूंद पानी के लिए तरसे, कैसे उनकी आंखों के सामने कत्ल


नाटक गुमनाम शहीद को मंचित करने के दौरान कलाकार।

हुए, यह देख कर सभी दर्शकों की आखों में अश्रुधारा थी। एक घंटे के नाटक के उपरांत वरिष्ठ आर्य समाजी कन्हैया लाल आर्य ने अपने अनुभव के आधार पर दर्द भरी दास्तां सुनाई।

सीकरी ने अपने भाषण में युवा पीढ़ी को संबोधित करते हुए कहा कि जो युवा अपने भूतकाल का भूल जाता है, वो राष्ट्र प्रेमी नहीं है। हमें अपने बुजुर्गों और पूर्वजों की शहादत को भूलना नहीं है। उनकी यादों को और उनकी कुर्बानी को सदा जिंदा रखना है। यहूदियों के साथ भी ऐसी घटना घटी थी। उन्होंने शहीदों को शरीर रूप से तो मरते देखा, परंतु उनके क्रियाकलाप को नहीं मरने दिया। सीकरी ने कहा कि ये त्रासदी या विभीषिका विश्व की सबसे दर्दनाक घटना थी। कुछ स्वार्थी नेता लोगों ने अपने स्वार्थ के लिए इस प्रकार की स्थिति पैदा की। ये बंटवारा भूमि का नहीं था, यह बंटवारा रिश्तों का था।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत वर्ष लाल किला की प्राचीर से हर वर्ष 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में बोधराज सीकरी की धर्मपत्नी सुरेश सीकरी, श्री केंद्रीय सनातन धर्म सभा के प्रधान एसके खुल्लर, केंद्रीय आर्यसभा के अध्यक्ष अशोक आर्य, पंजाबी बिरादरी महासंगठन के वरिष्ठ उपप्रधान ओम प्रकाश कथूरिया, महा मंत्री राम लाल ग्रोवर, उपप्रधान धर्मेंद्र बजाज और अनिल कुमार, रमेश कामरा समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# ग्रैंड कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल में गूंज-5 का धूमधाम से हुआ आयोजन

## अंगूरी देवी मेमोरियल ट्रॉफी के अंतर्गत वाद विवाद प्रतियोगिता हुई संपन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

ग्रैंड कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल में गूंज-5 का भव्य आयोजन हुआ। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी इस अंतर विद्यालय प्रतियोगिता में फरीदाबाद एवं एनसीआर के मुख्य विद्यालयों ने भाग लिया। पलवल, गुरुग्राम, नोएडा, सोनीपत के विद्यालयों ने इस अंतर विद्यालय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय जादूई, रहस्यमयी और तिलिस्मी दुनिया थी। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। जिनका निश्चित रूप से संबंध इस मुख्य विषय के साथ जुड़ा हुआ था। इस प्रतियोगिता में अंगूरी देवी मेमोरियल ट्रॉफी के अंतर्गत वाद विवाद प्रतियोगिता संपन्न हुई। इसके अतिरिक्त कव्वाली, पेंटिंग, विज्ञान से संबंधित प्रयोग, नेल आर्ट, जादुई खेल, सुपर हीरो के चरित्र पर संवाद, नाटक के संवाद अंश, नृत्य, फ्रेंच प्रतियोगिता कंप्यूटर संबंधित प्रतियोगिताएं भी संपन्न हुई।



इस अंतर विद्यालय प्रतियोगिता में लगभग 2500 छात्रों ने भाग लिया। इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि विद्यालय के निदेशक सुरेश चंद्र, प्रबंधक निदेशक हार्दिक, प्रधानाचार्या दीपिका शर्मा रहे।

प्रतियोगिता में एनसीआर के दिग्गज, युवा तथा मेधावी व्यक्तित्व से ओतप्रोत निर्णायक मंडल प्रतिभागियों की कला को निरीक्षण करने के लिए उपस्थित हुए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल के रूप में सरिता चौधरी, रीना मलिक, पूजा गुप्ता, ध्रुव अग्रवाल, हरप्रीत कौर, कविता ठाकुर, शंकर गोयनका, अभिनव, किरण पासी, गर्विता वर्मा, कविता ठाकुर, नवनीत राजन छात्रों की कला का निरीक्षण करने के लिए निर्णायक पद पर विराजमान रहे।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में एकजुट होकर प्रतियोगिता और प्रतिस्पर्धा के भाव के साथ कला एवं संस्कृति से जुड़ने के संस्कार उत्पन्न करना है। ग्रैंड कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल में यह प्रतियोगिता हर वर्ष जुलाई माह में मनाई जाती है और हर वर्ष इस प्रतियोगिता की सफलता तथा प्रसिद्धि इस हद तक बढ़ती जा रही है कि प्रत्येक वर्ष इसके साथ अधिक से अधिक शहरों के छात्र और विद्यालय जुड़ रहे हैं, जोकि ग्रैंड कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल फरीदाबाद के लिए गर्व की बात है। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपिका शर्मा ने सभी विद्यालयों के अध्यापकों तथा उनके प्रधानाचार्य का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे बहुत खुशी हो रही है, इतनी बड़ी संख्या में विभिन्न विद्यालयों के छात्र इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

# भाजपा सरकार में विकास से महरूम हैं तिगांव क्षेत्र के निवासी : ललित नागर

## पूर्व विधायक ने दीपावली एंक्लेव का दौरा कर सुनीं लोगों की समस्याएं

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**तिगांव** विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ललित नागर ने क्षेत्र के अगवानपुर स्थित दीपावली एंक्लेव कॉलोनी में जाकर दौरा किया और लोगों से रूबरू होते हुए उनकी समस्याएं जानीं। इस दौरान पूर्व विधायक को लोगों ने बताया कि इस कॉलोनी की सभी गलियां कच्ची हैं, जिनमें पानी भरा रहता है और कीचड़ रहती है। जिसके चलते लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं दिल्ली से सटी इस कॉलोनी में दिल्ली का सारा गंदा पानी यहां आता है, जिसके चलते यहां बदबू का माहौल बना हुआ है और लोग विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। लोगों ने बताया कि पिछले दिनों कॉलोनी में एक बच्चे की मौत हो गई थी और जब उसे दाह संस्कार के लिए ले जा रहे थे तो लोग रास्ते में कीचड़ में फंस गए और गिर गए। इसके अलावा यहां बिजली की व्यवस्था भी बदहाल है, खंभे व तारें लटकी हुई हैं, जो कभी भी हादसे का कारण बन सकती हैं। वहीं पिछले दिनों बरसात के चलते छत से गिरने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई थी, जबकि एक अन्य महिला व बच्चा जख्मी हो गया था, जो अस्पताल में उपचाराधीन है।



इन समस्याओं को लेकर उन्होंने कई बार प्रशासन को शिकायत की, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद ललित नागर ने कहा कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है, झूठे वायदे व सब्जबाग दिखाकर सत्ता हथियाने वाली भाजपा अब लोगों की सुध तक नहीं ले रही।

तिगांव क्षेत्र के लोग आज विकास से महरूम हैं और पिछले नौ सालों में यहां विकास के नाम पर एक ईंट तक नहीं लगी। श्री नागर ने कहा कि भाजपा ने जनता को केवल भ्रष्टाचार व महंगाई की सौगात दी है और आज लोग भाजपा को सत्ता में लाकर अपने आपको उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब इस सरकार के दिन लद चुके हैं और केंद्र व प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी व उसके बाद सही मायनों में तिगांव क्षेत्र का विकास किया जाएगा। उन्होंने लोगों से कहा कि उनकी समस्याओं को लेकर वह जल्द ही संबंधित अधिकारियों से मिलकर उनका निराकरण करवाने का भरसक प्रयास करेंगे। वहीं इस मौके पर मौजूद अशनकारी बाबा रामकेवल ने कहा कि पूर्व विधायक ललित नागर ने हमेशा क्षेत्र के विकास की आवाज को उठाने का काम किया है और क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में हमेशा अपनी भागीदारी निभाई है। उन्हें उम्मीद है कि वह कॉलोनीवासियों की इन समस्याओं को दूर करवाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर हंसराज रावत, बाबा राम केवल, देवेंद्र प्रधान, पप्पू कुमार, राम भजन वर्मा, श्रीकांत यादव, अशोक यादव, विपिन भाटी, अंकित पांडे, श्याम शर्मा, नीरज पांडे, राजकुमार शर्मा, गंगाराम जाट, अखिलेश शर्मा, मुकुट पाल आदि मौजूद थे।

# विवाहिता का अपहरण कर बंधक बनाकर किया दुष्कर्म

**पायनियर समाचार सेवा** पलवल

**एक** विवाहिता को मुंह दबाकर अपहरण किया गया। इसके बाद अपने घर के अंदर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। विवाहिता की सास आरोपी के घर से उसे लेने पहुंची तो चाकू निकालकर उसे व उसकी सास को जान से मारने की धमकी दी गई। महिला थाना पुलिस ने अपहरण कर दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



## महिला थाना पुलिस ने किया दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज

महिला थाना प्रभारी सुशीला देवी के अनुसार, होडल थाना क्षेत्र की रहने वाली एक विवाहिता ने दी शिकायत में कहा है कि वह सुबह अपने घर से बाहर निकल कर रास्ते में पहुंची। उसी दौरान छोटे नामक व्यक्ति पीछे से आया और उसका मुंह दबा लिया। इसके बाद आरोपी उसे अपने घर में खींचकर ले गया और घर के अंदर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब वह काफी देर तक घर नहीं पहुंची तो उसकी सास उसे खोजती हुई वहां पहुंच गई।

विवाहिता का आरोप है कि सास ने छोटे से पूछा की तूने मेरी बहु को कहीं देखा है तो उसने कहा मेरे पास मेरे घर में है। आरोपी ने उसकी बहू को अपने मकान के कमरे में बंधक बनाया हुआ था। उसकी सास जब छोटे के घर में पहुंची और अपनी बहू को लेकर जाने लगी तो छोटे ने चाकू निकाल लिया और उनका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि उसने कहा कि इस बारे में किसी को बताया तो तुम्हें व तुम्हारे परिवार को जान से खत्म कर दूंगा। महिला थाना पुलिस ने आरोपी छोटू के खिलाफ अपहरण कर दुष्कर्म करने व अपने घर में बंधक बनाकर रखने का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना था कि आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है, जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया जाएगा।

# भाजपा अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बड़खल** विधानसभा क्षेत्र में पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन दौलत राम धर्मशाला में किया गया। इस सम्मेलन में मंडल अध्यक्षों, शक्ति केंद्र प्रमुख, शक्ति केंद्र पालक एवं पन्ना समूह प्रमुख ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। पन्ना प्रमुखों के सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शिरकत की, वहीं जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आयोजन विधायक सीमा त्रिखा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप रेखा के रूप में उपस्थित पन्ना प्रमुखों को उनके कर्तव्यों, दायित्व के बारे में बताया गया।

कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की मनोहर सरकार के नेतृत्व में पूरे हरियाणा ने नई बुलंदियां हासिल की हैं और देश में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों के बाद देश विश्व पटल पर मजबूत स्थिति में पहुंचा है। पिछले नौ वर्षों में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य देश एवं प्रदेश में किए गए हैं। पिछले 70 सालों में इस देश में 90000 किलोमीटर हाईवे बने और इन नौ सालों में हमने 51000 किलोमीटर हाईवे बनाए है। पहले 12 किलोमीटर हाईवे प्रतिदिन बनते थे और आज 37 किलोमीटर हाईवे प्रतिदिन बनता है। जिस शहर की कनेक्टिविटी अच्छी नहीं होगी वहां कभी संपन्नता नहीं आ सकती। संपन्न वही क्षेत्र होता है, जहां कनेक्टिविटी अच्छी हो। इसलिए इस दिशा में बेहतर कार्य हो रहा है।

# साले की पत्नी का अपहरण, ससुर ने कराया भाई के दामाद पर केस

**पलवल।** उटावड़ थाना क्षेत्र के एक गांव से एक व्यक्ति अपने साले की पत्नी को अपहरण कर ले गया। पुलिस ने ससुर की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी व महिला की तलाश शुरू कर दी है। उटावड़ थाना प्रभारी टेक सिंह के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसका बेटा ड्राइवर है और अक्सर घर से बाहर रहता है। उसके भाई के दामाद का उनके घर आना-जाना था। उसका आरोप है कि उसका बेटा ड्राइवरी के लिए घर से बाहर गया हुआ था। पीछे से उसके भाई का दामाद आया और उसकी पुत्र वधु का अपहरण करके अपने साथ ले गया। उन्हें जब इस बात का पता चला तो उन्होंने अपनी पुत्र वधु को काफी तलाश किया। लेकिन कहीं भी कोई सुराग नहीं लग सका। उसने अपने बेटे को सूचना दी तो बेटा भी वापस आ गया और दोनों पिता-पुत्र ने परिजनों के सहयोग से तलाश की। जब दोनों का कोई सुराग नहीं लग सका, तो उन्होंने आरोपी के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी। उटावड़ थाना पुलिस ने ससुर की शिकायत पर उसके भाई के दामाद के खिलाफ उसकी पुत्र वधु का अपहरण का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# किशन ठाकुर सनातन के सच्चे सिपाही : वीरेश शांडिल्य

## पथरावी माता मंदिर में विश्व हिंदू तख्त के अंतर्राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश शांडिल्य का किया सम्मान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**विश्व** हिंदू तख्त के अंतर्राष्ट्रीय प्रमुख व एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने कहा कि देश के मुसलमान जो हिंदुस्तान व हिंदुस्तनियों से प्यार करते हैं, वे अपनी सोच शहीद-ए-आजम अशफाक उल्ला खान जैसी बनाएं तो हिंदू समाज उनका सम्मान करेगा। लेकिन यदि मुसलमान नाम बदलकर हिंदुओं की बहू बेटियों की जिंदगियों से खेलेंगे तो वो मुसलमान पाकिस्तान चले जाएं। ऐसे मुसलमान अशफाक उल्ला खान की शहादत, जो उन्होंने हिंदुस्तान की आजादी के लिए दी उसे भी बदनाम न करें। ये बात वीरेश शांडिल्य ने विश्व हिंदू तख्त के राष्ट्रीय प्रचारक ठाकुर किशन सिंह द्वारा आयोजित माता पथरावी देवी मंदिर के बाहर समर्थको को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर हाईकोर्ट के एडवोकेट वासु रंजन, ठाकुर आनंद सिंह तोमर, सुभाष राणा, विकास सिंह, सरपंच सुभाष, सूरज पाल भूरा सरपंच, तिलक राज शर्मा अखिलेश प्रताप, बसंत सिंह, रेणु चौहान, सागर पहलवान, रविंदर ठाकुर, केशव सिंह, सरपंच अनिल रावत, सरपंच राजेश, डॉ. मुकेश राठी, प्रदीप धीमान, पार्षद राजेश तंवर, बसंत बिरवानी, डॉ. त्रिलोक, पहलवान सुनील चिंटू धीमान, विजय भड़ाना सहित भारी तादाद में विश्व हिंदू तख्त के सदस्य व किशन ठाकुर समर्थक मौजूद थे। शांडिल्य ने किशन ठाकुर के निमंत्रण पर आए हजारों लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को पैदा होने के बाद से ही तिलक लगाए शिखा रखवाएं और जनेऊ धारण करवा दें। उन्होंने कहा कि हिंदू बंटा देश घटा, इसलिए सनातन को मजबूत करना सबका दायित्व है। शांडिल्य ने ऐलान किया कि उनका विश्व हिंदू तख्त गैर राजनीतिक है और धर्म प्रचार व सनातन की रक्षा के लिए है और सनातन संस्कृति के साथ छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ मुहिम छेड़ने के लिए बनाया गया है। लेकिन 2024 के लोकसभा चुनावों व जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होगा, उन लोगों को चुनावी मैदान में उतारा जाएगा जो सनातन को मजबूत करने की सैंकड़ों वर्षों से मुहिम छेड़े हुए हैं। शांडिल्य ने कहा वह जल्द ही पलवल, होडल, मेवात, नूंह में विश्व हिंदू तख्त का ग्राम स्तर से लेकर जिला अध्यक्षों की नियुक्तियां कर देंगे और विश्व हिंदू तख्त जल्द ही राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर महिलाओं को भी विश्व हिंदू तख्त में जोड़ा जाएगा, क्योंकि सबसे ज्यादा सनातन ने बचाया हुआ है।



# मथुरा नर्सिंग होम एसोसिएशन ने किया एकॉर्ड अस्पताल का दौरा

## डॉक्टरों ने कहा, अस्पताल में विश्व स्तरीय इलाज की सुविधा उपलब्ध

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नर्सिंग** होम एसोसिएशन मथुरा के वरिष्ठ डॉक्टरों ने ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल का दौरा किया और सुविधाओं की जानकारी की। अस्पताल में उपलब्ध विश्व स्तरीय सुविधाओं से वह काफी प्रसन्न हुए। इस मौके पर सेमिनार का भी आयोजन किया गया। जिसमें एसोसिएशन के एडवाइजरी बोर्ड मेंबर डॉ. अशोक अग्रवाल, संस्थापक सदस्य डॉ. अवधेश अग्रवाल, डॉ. आरके गुप्ता, एसोसिएशन के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. आरके चतुर्वेदी, पूर्व अध्यक्ष डॉ. एसके वर्मन, आईएमए अध्यक्ष, डॉ. पवन अग्रवाल, एसोसिएशन के महासचिव डॉ. ललित वार्ष्णेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अस्पताल चेयरमैन डॉ. प्रबल रॉय ने सभी का बुके देकर सभी का सदस्यों का स्वागत किया। डॉ. प्रबल रॉय ने एसोसिएशन के सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया कि अस्पताल में वैरिकोज वेंस का पूरा इलाज उपलब्ध है। उन्होंने वेरीकोज विंस के विषय में बताया कि वैरिकोज वेंस को वेरिकोसाइटिस भी कहा जाता है। ये समस्या तब उत्पन्न होती है, जब नसें बड़ी, चौड़ी या रक्त से ज्यादा भर जाती हैं। वैरिकोज वेंस अक्सर सूजी और उभरी हुई नसों के रूप में सामने आती हैं और ये नीले या लाल रंग की दिखती हैं, जिनमें अक्सर दर्द महसूस होता है। अस्पताल में इसके उच्च स्तरीय इलाज के लिए लेटैस्ट तकनीक की वैस्कुलर लैब बनाई गई है। कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. ऋषि गुप्ता ने कहा कि हाल के समय में दिल के मरीज तेजी से बढ़े हैं। हार्ट अटैक के मामलों में भी जोरदार इजाफा हुआ है। सिर्फ बुजुर्ग ही नहीं, युवा और फिट-हेल्दी दिखने वाले भी इसकी चपेट में आए हैं। इन मामलों को रोकने और बीमारी की समय रहते पहचान में टीएवीआर (ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट) या जिसे कभी-कभी ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व इम्प्लांटेशन (टीएवीआई) भी कहा जाता है, काफी सफल साबित हुआ है। यह तब किया जाता है, जब किसी व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ने के लक्षणों का सामना करना पड़े। अस्पताल ऑर्थो एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. युवराज कुमार ने बच्चों से लेकर बड़ों तक में बोन एंड जॉइंट तथा रिवर्स शोल्डर इंजरी का आधुनिक तकनीक से सफल इलाज के विषय में बताया। गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. रामचंद्र सोनी ने कहा कि आज अस्पताल में गेस्ट्रोलॉजी संबंधी सभी बीमारियों का नवीनतम तकनीक से पूर्ण इलाज उपलब्ध है। नेफ्रोलॉजी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. जितेंद्र कुमार ने अस्पताल में उपलब्ध एडवांस डायलिसिस और किडनी ट्रांसप्लांट की जानकारी दी। न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता ने कहा कि मैकेनिकल थ्रोंबेक्टोमी से लकवाग्रस्त मरीज का 24 से घंटे तक इलाज किया जा सकता है। इस तकनीक से लकवाग्रस्त मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है। इसलिए सभी इसका भरपूर लाभ उठाएं।




# संक्षिप्त समाचार

## साधु संतों ने सद्मार्ग पर चलने के लिए किया जागरूक



**पलवल।** गांव घसैड़ा में संत रविदास चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में स्वामी सुखदास महाराज की 10वीं पुण्य तिथि के उपलक्ष्य मे संत समागम (सत्संग) का आयोजन किया गया। सत्संग में दूर दराज से आए हुए लगभग हजारों की संख्या में भक्तजन, श्रद्धालु व सैंकड़ों की संख्या में साधु संत व महात्माओं ने शिरकत की तथा सत्संग की शोभा बढ़ाई। सत्संग में महात्माओं ने अपने-अपने प्रवचनों से समाज को दुर्व्यवहार, दुर्व्यसनों से बचने, मांसाहार का सेवन न करने, बीड़ी, सिगरेट तंबाकू व शराब का सेवन न करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने झूठ न बोलने, चोरी न करने, सात्विक भोजन करने तथा जीवन में सदा सत्य बोलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जीवन में शिक्षा के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा व पशु समान है। इस मौके पर संत रविदास चैरिटेबल ट्रस्ट खांबी ब्रांच के पदाधिकारियों ने सभी महात्माओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा समाजसेवी संस्थाओं और बुद्धिजीवी सज्जनों का पगड़ी पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। सत्संग में महात्माओं और बुद्धिजीवियों ने संत रविदास चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

## हैंडबॉल प्रतियोगिता में मॉर्निंग हेल्थ क्लब की टीम रही विजेता



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस व मॉर्निंग हेल्थ क्लब की तरफ से हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत ईजी हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें पूर्व डीसी जितेंद्र यादव जो अब केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के निजी सचिव हैं, ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इसके साथ ही एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार, एमसीएफ पूर्व ज्वाइंट कमिश्नर अनिल यादव, डीएफओ राजकुमार, नायब तहसीलदार दादरी नरेंद्र कुमार, वीरेंद्र डूडी, सतेंद्र डूडी, प्रोफेसर जयबीर सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता योगेश गौड़, बल्लभगढ़ पूर्व पार्षद दीपक चौधरी व दीपक यादव, मॉर्निंग हेल्थ क्लब के प्रधान जितेंद्र तंवर, जनरल सचिव अजय नरवत, रिटायर्ड विंग कमांडर एचसी मान, रवि रावत इत्यादि शामिल रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के निर्देश व डीसीपी बल्लभगढ़ राजेश दुग्गल के मार्गदर्शन में सेक्टर-8 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन व मॉर्निंग हेल्थ क्लब द्वारा सेक्टर-12 स्थित खेल स्टेडियम में ईजी बाल प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई, जिसमें फरीदाबाद की तीन व दादरी की एक टीम शामिल थी। प्रतियोगिता का फाइनल मैच फरीदाबाद मॉर्निंग हेल्थ क्लब व दादरी मॉर्निंग हेल्थ क्लब टीम के बीच खेला गया, जिसमें फरीदाबाद मॉर्निंग हेल्थ क्लब की टीम ने जीत हासिल की। इंस्पेक्टर नवीन द्वारा विजेता टीम को 11000 व मैन ऑफ द मैच तथा मैन ऑफ द सीरीज को 1100 रुपए का नकद इनाम देकर सम्मानित किया गया।

## शहीद उधम सिंह के बलिदान दिवस पर चलाया पौधारोपण अभियान



**फरीदाबाद।** हरियाणा दलित एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एसोसिएशन द्वारा भारत रतन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भवन नेहरू कॉलोनी रोहतक को वीर शहीद शिरोमणि शहीदे आजम उधम सिंह के बलिदान दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और और पौधारोपण अभियान चलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अनिल मेहरा ने की। डॉ. अनिल मेहरा ने पर्यावरण को हरा-भरा व स्वच्छ बनाने की शपथ दिलाई। अनिल मेहरा ने बताया कि उधम सिंह देश के वीर सपूत थे। जिन्होंने जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला लंदन में जाकर लिया था। डॉक्टर ने बताया कि चार जून 1940 को उधम सिंह को हत्या का दोषी ठहराया गया और 31 जुलाई 1940 को उन्हें पैटर्न विलय जेल में फांसी दे दी गई। प्रांतीय अध्यक्ष ने बताया कि सरदार उधम सिंह का सर्वोच्च बलिदान और उनका मातृभूमि के प्रति समर्पण व त्याग यह देश सदैव याद रखेगा। इस अवसर पर ऋषि राज, पवन कुमार सूतवाल, सविता नंबरदार, अनिल, वजीर भंवरिया, सूबेदार राम सिंह, अशोक, धर्मचंद भोला, हरीश सोहल, राजवीर दहिया, नीलम भुक्कल, सागर मुराद, वीरेंद्र, मिडिया, सुनील मेहरा, राकेश प्रजापत, बीरबल, राजीव, अश्वनी, कृष्ण मुंडे, शकुंतला संभरवाल, कुलदीप राठी आदि उपस्थित रहे।

## पलवल में ट्रेन के नीचे आया श्रद्धालु



**पलवल।** बंचारी गांव के पास ट्रेन की चपेट में आने से ब्रज 84 कोस परिक्रमा कर रहे श्रद्धालु की मौत हो गई है। सोमवार सुबह अंधेरा होने के कारण रेलवे लाइन क्रॉस करते समय ट्रेन दिखाई नहीं दी और हादसा हो गया। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचने और केस दर्ज करके पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया।जीआरपी चौकी पुलिस पलवल के अनुसार, उन्हें सोमवार सुबह सूचना मिली कि बंचारी गांव के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। सूचना मिलने पर उनकी टीम मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में ले लिया। मौके पर मृतक की पत्नी व अन्य परिजन मिले, जो मृतक के साथ ब्रज 84 कोस की परिक्रमा कर रहे थे। मृतक की पत्नी झांसी विदिशा के गांव भीलखेड़ा निवासी पानबाई ने केस दर्ज कराया।शिकायतकर्ता पानबाई ने बताया कि वह अपने गांव से पति रंजीत व अन्य लोगों के साथ ब्रज 84 कोस की परिक्रमा करने के लिए निकली थी। सोमवार सुबह अंधेरे में वे जब बंचारी गांव से आगे रेलवे लाइन को क्रॉस कर रहे थे, तभी अंधेरे में उनके पति रंजीत को ट्रेन दिखाई नहीं दी और वह ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन की चपेट में आने से रंजीत की मौके पर मौत हो गई। जीआरपी ने मृतक की पत्नी के बयान पर कार्रवाई करते हुए शव का जिला नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। जिला नागरिक अस्पताल में मृतक की पत्नी व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था।

# स्टालिन कैबिनेट

## भ्रष्टाचार के आरोप

**स्टालिन** की कैबिनेट में मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के आरोपों से उनकी छवि खराब हुई है। आग के बिना धुंआ कभी नहीं उठ सकता है और तमिलनाडु में यह कहावत सही सिद्ध हो गई है। भाजपा के राज्य प्रमुख के. अन्नामलाई ने पिछले बुधवार को एक 'संवेदनशील फाइल' राज्यपाल आर.एन. रवि को सौंपी जिसमें एम.के. स्टालिन नीत द्रमुक सरकार पर 5,600 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। हालांकि, अन्नामलाई ने भ्रष्टाचार आरोपों के विस्तृत विवरणों के बारे में मीडिया द्वारा सवाल पूछने पर चुप्पी धारण कर ली, पर एक पार्टी पदाधिकारी ने बताया कि वे भाजपा द्वारा रामेश्वरम से प्रस्तावित पद यात्रा पूरी होने के बाद पत्रकारों से मिलेंगे। अन्नामलाई द्वारा यह भ्रष्टाचार के संकलित आरोपों की दूसरी फाइल है जो राज्यपाल को दी गई है। उनके द्वारा दी गई पहली फाइल के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय ने द्रमुक सरकार के दो कद्दावर मंत्रियों, सेंथिल बालाजी व के. पोनमुडी से पूछताछ की है। ईडी ने बताया कि एक कार्डियोवैस्कुलर बीमारी के कारण बालाजी जेल जाने से बच गए हैं जो उनकी गिरफ्तारी के फौरन बाद उभरी थी। मीडिया में आई खबरों के अनुसार ईडी ने बालाजी, पोनमुडी तथा सांसद गौतम सिगामनी के कार्यालयों व आवासों से महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं। सिगामनी पोनमुडी के बेटे हैं। यदि इन छापों से कोई संकेत मिलते हैं तो भविष्य में ईडी व आयकर विभाग द्वारा ऐसे अन्य महत्वपूर्ण छापों से इनकार नहीं किया जा सकता है। स्थानीय मीडिया स्टालिन की मंत्रिपरिषद में शामिल अनेक मंत्रियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों से भरा है। नई दिल्ली के जांचकर्ताओं ने अनेक परिसरों की 'जांच' की है जिनमें मुख्यमंत्री के नजदीकी संबंधी भी शामिल हैं।



भाजपा नेताओं के अनुसार, राज्य में अनेक भूमि-बैंक हैं जिनका स्वामित्व स्टालिन के परिवारी सदस्यों से जुड़ा है। 'डीएमके फाइल्स' से जुड़ा महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि ये भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी तथा भाजपा नेता अन्नामलाई की गहन छानबीन का नतीजा हैं जो अपनी ईमानदारी तथा जांच कौशल के लिए लोकप्रिय रहे हैं। हालांकि, आरोपों की वैधता और औचित्य का पता लगाने का काम जांच एजेंसियों पर छोड़ देना चाहिए। इस प्रकरण पर द्रमुक की प्रतिक्रिया वास्तव में आश्चर्यजनक है। उसने मीडिया में अन्नामलाई तथा भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व के खिलाफ हमला बोल दिया है। ऐसे आरोपों पर प्रतिक्रिया करने में स्टालिन जैसे परिपक्व राजनेता ने कोई संतुलन नहीं दिखाया है। यदि मंत्रियों का तमिलनाडु सचिवालय व आवासों में रिकार्ड साफ है तो स्टालिन का पूरा प्रचार तंत्र भाजपा पर हमला क्यों बोल रहा है? स्थिति से निपटने का आदर्श तरीका इसे अनदेखा करना था। इसका अर्थ अपने घरों के दरवाजे जांच व कर अधिकारियों के लिए खुले छोड़ना था। यदि जांच एजेंसियों के प्रयासों का कोई नतीजा न निकलता तो इससे केन्द्र सरकार की छवि खराब होती तथा अंततः द्रमुक नेता की विजय होती। हालांकि, भाजपा और अन्नामलाई की निन्दा करने वाले बयान द्रमुक के लिए काफी नहीं हैं। स्टालिन राष्ट्रीय राजनीति की 'सुपरलीग' में हैं, जबकि अन्नामलाई ने अभी खेलना शुरू किया है। तमिलनाडु में राजनेताओं द्वारा बनाए बहुमंजिला मकान तथा उनकी कारों का काफिला दिमाग चकराने वाला है। ये 'जनता के सेवक' अपनी संपदा से निश्चित रूप से भारत के बड़े बिजनेसमैनों को भी शर्मिन्दा कर देते हैं। ऐसे में ईडी द्वारा जल्द ही चेन्नै में छेड़े बड़े अभियान से किसी को आश्चर्यचकित नहीं होना चाहिए। बाल्जाक ने शायद सही कहा था कि 'हर विशाल संपदा के पीछे एक अपराध होता है।'

# 'इंडिया' और 'भारत' में टकराव

### इंडिया बनाम भारत की बहस केवल प्रतीकात्मक नहीं है। इसमें राष्ट्रीय पहचान, टिकाऊ विकास तथा सह-अस्तित्व के व्यापक मुद्दे भी शामिल हैं।



**राघवेंद्र पी. तिवारी**
(लेखक, पंजाब विश्वविद्यालय के कुलपति हैं)



इंडिया, यानी भारत मानव विकास के सभी भौतिक मामलों में सर्व-समावेशी विकास से जुड़ा है जिसमें कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, रक्षा, ऊर्जा, परिवहन, संचार तथा अंतरिक्ष तकनीक समेत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी शामिल हैं। 'भारत' में भा का अर्थ प्रकाश या ज्ञान तथा रत का अर्थ राष्ट्र से है जो ज्ञान सृजन व उसके संप्रेषण से जुड़ा है। तकनीक आज मानव जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रवेश कर रही है। इसके परिणामस्वरूप ग्रामीण भारत में भी जीवन आरामदेह तथा कुछ स्थानों पर शानदार हो रहा है। वर्तमान समय में जीवन मशीनी हो गया है क्योंकि परंपरागत विवेक व मूल्यों के आधार पर मानवों के बजाय हमारा संपर्क भावनाहीन मशीनों से अधिक होता है।

मनुष्य-मशीन संपर्क भविष्य में और गहन होगा जैसी कल्पना डोना हारावे ने 'साइबोर्ग' में की है। हमारे पूर्वजों ने भारत की कल्पना महान सांस्कृतिक सभ्यता के रूप में की थी। लेकिन वर्तमान समय में सभ्यतामूलक विमर्श इंडिया बनाम भारत तक सीमित हो गया है। परिवारों और समाजों तथा समाजों व प्रकृति के बीच समय की कसौटी पर खरे उतरे सामाजिक संवाद के रूप नए विमर्शों के कारण धुंधले हो रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप व्यक्तिवादी सोच व स्वार्थ तथा लालच जैसे भारतीयता का विपरीत हो गया है। 'व्यक्तिवादिता' के समक्ष 'सामूहिकता' पराजय के कगार पर है। इसके परिणामस्वरूप मानवीय गरिमा, संवेदनशीलता, मूल्य व नैतिकता का तेजी से पतन हो रहा है। हम संसाधनों के स्वामित्व में ऐसे भद्दे व घृणित टकराव की स्थिति में पहुंच गए हैं जहां पहचानों व उप-पहचानों का टकराव भ्रामक वर्चस्व को जन्म दे रहे हैं। शताब्दियों पूर्व हमारा विचार 'कम ही अधिक' था, पर अब यह उपभोक्तावाद व प्रकृति के अत्यधिक दोहन के कारण 'अधिक भी कम' में बदल रहा है। इसका परिणाम जीवनी शक्ति वाले जल, मृदा और हवा के प्रदूषण तथा पर्यावास के विनाश के रूप में सामने आ रहा है। कार्बन उत्सर्जन के कारण तापमान वृद्धि, बर्फीले क्षेत्रों का पिघलना, सूखा, बाढ़ व परिस्थितिकीय असंतुलन जैसी जलवायु विभीषिकाओं के साथ धरती की परिस्थितिकी परिवर्तन के कारण सभी जीवों के अस्तित्व पर संकट पैदा हो रहा है। प्रकृति के प्रति वर्तमान शोषणकारी दृष्टिकोण के बजाय भारतीय परंपरा इस विश्वास पर आधारित रही है कि प्रकृति 'ईश्वर' की रचना है और सभी सजीव व निर्जीव पदार्थों में उसकी ईश्वरीय ऊर्जा है। इस प्रकार 'स्व' के विस्तार तथा परस्पर संबंध का सम्मान करना चाहिए। लेकिन समकालीन घटनाक्रम से हमें यह सोचने को मजबूर होना पड़ता है कि इंडिया का भारत से गहन टकराव है।

भारतीय विचार विश्व बंधुत्व और साथीपन की भावना पर केन्द्रित है। अब नई बात 'वसुधैव कुटुम्बकम', 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' व 'सबके बीच संसाधनों की टिकाऊ साझेदारी' तैसे हमारे विचारों पर हमला है। हमारे व्यवहार का नया हिस्सा अपने सारे दुष्कृत्यों की जिम्मेदारी सरकार पर डालना हो गया है। बहुत से लोगों की सोच 'इंडिया केन्द्रित' मशीनी शब्दावली हो गई है जिसका जन्म प्रतिगामी औपनिवेशिक विचारधाराओं से हुआ था। ऐसे लोग सोचते हैं कि किसी व्यक्ति को समाज-विरोधी, अवैध, अनैतिक व प्रकृति-विरोधी कृत्य करने का अधिकार है और सरकार का दायित्व अपराधियों को दंड देना है। निश्चित रूप से सरकार को महिलाओं तथा समाज के अन्य अंगों पर अत्याचारों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। लेकिन हिंसा व अवैध गतिविधियां तथा अंतर-वैयक्तिक व अंतर-समुदाय तथा अंतर-पहचान टकराव व अन्य अवैध तथा अमानवीय गतिविधियां भारत के सांस्कृतिक विचार के भी विरुद्ध हैं।

लेकिन ऐसे कृत्य करने वाले सरकार नहीं हैं, बल्कि इन मुख्य अपराधियों को दंड दिया जाना चाहिए। चुनावी सुविधा के कारण इस नए विमर्श का समर्थन राजनीतिक संगठन भी कर रहे हैं। हम प्राकृतिक संसाधनों का अनैतिक दोहन करने वालों, हत्यारों, चोरों, मिलावटखोरों, स्मगलरों, नशे के व्यापारियों, आगजनी करने वालों व दंगा भड़काने वालों, आदि को दंड देने में विफल रहने पर पुलिस और सरकारी अधिकारियों की आलोचना करते हैं।

ऐसी घटनायें मीडिया की खबरों में स्थान पाती हैं और इससे यह विमर्श बनता है कि सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफल रही। लेकिन ऐसे अपराधों के दोषियों को विरले ही समाज व अन्य पक्ष दोषी ठहराते हैं। पहले समाज स्वयं अपराध भड़काने वालों व समाज-विरोधी तत्वों पर प्रतिबंध लगाता था जो ऐसे कृत्यों के खिलाफ प्रतिरोधक का काम करता था। जनता ऐसे तत्वों को सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों से बाहर कर देती थी और उनके साथ 'हुक्का-पानी' रखने वालों पर भी प्रतिबंध लगाया जाता था।

इसके उलट आज भारत में ऐसे अपराधियों को अनजाने ही बचाया जाता है जिससे वे जाति, नस्ल, धर्म, क्षेत्र, पहचान व अन्य जुड़ावों के आधार पर ऐसे ही कृत्य करने के लिए उत्साहित होते हैं। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि ऐसे अवैध व अनैतिक कृत्य करने वालों के खिलाफ जनता के खजाने से प्रयोग किए जाने वाले संसाधन, समय, ऊर्जा तथा सरकारी अधिकारियों के प्रयास एक बोझ हैं। यदि ऐसा न होता तो उनका सार्थक प्रयोग राष्ट्रीय विकास में हो सकता था। सर्वाधिक चिन्ताजनक बात यह है कि साक्षरता दर में वृद्धि, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच तथा सकल इनरोलमेंट अनुपात में वृद्धि के बावजूद भारत में ऐसी गतिविधियां बढ़ रही हैं जिससे भारत की मूल्य व्यवस्था पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इससे मनुष्य निर्माण तथा समग्र विकास का शिक्षा का उद्देश्य ही पराजित होता है। इतिहास हमें बताता है कि भारत में सामाजिक सुधार कानूनों या सरकारी हस्तक्षेपों से नहीं पूरे हुए थे। इसके बजाय ऐसे अनके उदाहरण हमारे सामने आते हैं जब सामाजिक परिवर्तन सामाजिक आंदोलनों द्वारा प्राप्त किए गए थे। इसके परिणामस्वरूप जागरूकता पैदा हुई तथा नागरिकों का सामाजिक जुड़ाव बढ़ा। दुष्कृत्य करने वालों या उनको बढ़ावा देने वालों के खिलाफ सामाजिक प्रतिबंध लगाए जाते थे और इनसे सामाजिक बुराइयों पर नियंत्रण लगता था।

'इंडिया' बनाम 'भारत' बहस का संबंध केवल सेमिनारों के लिए नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय पहचान, टिकाऊ विकास तथा सह-अस्तित्व वाले विमर्श के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है। समय आ गया है कि हम इस बात पर बहस करें कि मानवता के लिए महत्वपूर्ण यह विषय सार्वजनिक विमर्श से बाहर कैसे छूट गया है। असहाय रूप से सारी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार का मुंह देखने के बजाय मानवजाति को परेशान करने वाली समस्याओं के समाधान समाज से निकलने चाहिए। समाज को इनके उपचार तलाशने होंगे।

ठीक इसी कारण एनईपी-2020 और शिक्षा 5.0 का मुख्य उद्देश्य मानवीय शिक्षा है। इसका उद्देश्य शिक्षा में वैश्विक मानव मूल्यों को समाहित करना है। इसमें परंपरागत ज्ञान व्यवस्थाओं को भी स्थान मिलना चाहिए जिनका विकास 21वीं शताब्दी के वैश्विक कौशलों के विकास से किया जाना चाहिए। हमें अर्थ और काम के बीच संतुलन व सामंजस्य स्थापित कर भौतिक जीवन तथा धर्म एवं मोक्ष जैसे आध्यात्कि जीवन के लक्ष्यों के बीच भी सामंजस्य बैठाना होगा। यह कहना काफी होगा कि हमें स्वयं को 'इंडिया' के अर्थ से मुक्त कर 'भारत' और उसके अर्थ से जुड़ना होगा जो अपना टिकाऊ स्वरूप सनातन संस्कृति से प्राप्त करता है। इस प्रकार हम पुनः भारतीय हो कर धरती माता पर मानवता का लंबा जीवन सुनिश्चित कर सकते हैं। एनईपी-2020 के परिवर्तनकारी सुधारों का क्रियान्वयन इस बहस को मूर्त रूप देकर 'इंडिया' पर 'भारत' की श्रेष्ठता स्थापित कर सकता है। नई दिल्ली में 29-30 जुलाई, 2023 को देश की राजधानी नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित अखिल भारतीय शिक्षा समागम-2023 एनईपी-2020 के त्वरित क्रियान्वयन की दिशा में एक अत्यन्त उल्लेखनीय व महत्वपूर्ण पहल है।

# सेमीकंडक्टर निर्माण में भारत-जापान सहयोग

> अपने सहयोगियों के सहयोग से भारत की चिप आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन को बढ़ाना एक आवश्यक आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा प्राथमिकता बन गई है।

**राघवेंद्र कुमार**
(लेखक, नेशनल मैरीटाइम फाउंडेशन नई दिल्ली में फेलो हैं)



जिस प्रकार महत्वपूर्ण तकनीकी, अर्धचालकों और उनके महत्व के क्षेत्र में भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है, भारत के नीति परिदृश्य में इस मुद्दे पर ध्यान केंद्रित हो रहा है। अपने सहयोगियों के सहयोग से भारत की चिप आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन को बढ़ाना एक आवश्यक आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा प्राथमिकता बन गई है। इस संदर्भ में, भारत मानता है कि कई संकटों से जूझ रही दुनिया की वर्तमान स्थिति को देखते हुए जी-20 की अध्यक्षता सही समय पर है। इनमें मौजूदा रूस-यूक्रेन संघर्ष, अमेरिका-चीन के बीच बढ़ती प्रौद्योगिकी प्रतिस्पर्धा, आपूर्ति श्रृंखला अस्थिरता, ताइवान जलडमरूमध्य संकट, बढ़ती मुद्रास्फीति और जलवायु परिवर्तन शामिल हैं। अर्थशास्त्री एडम टूज़ ने चुनौतियों के इस अभिसरण का वर्णन करने के लिए पॉली-क्राइसिस शब्द गढ़ा है, जहां विभिन्न झटकों का संयुक्त प्रभाव उनके व्यक्तिगत प्रभावों से अधिक जबरदस्त हो जाता है। परिणामस्वरूप, राष्ट्रीय सुरक्षा की परिभाषा विकसित हो रही है। भारत का लक्ष्य मानव-केंद्रित वैश्वीकरण की वकालत करने और उत्तर और दक्षिण के बीच एक पुल के रूप में कार्य करने के लिए अपनी जी-20 अध्यक्षता का लाभ उठाना है। इन संकटों के आलोक में, राष्ट्रीय सुरक्षा एक व्यापक अर्थ लेती है, जिसमें प्रौद्योगिकी, आत्मनिर्भरता और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी शामिल है।

इस पृष्ठभूमि में, नई दिल्ली में भारत और जापान के बीच हालिया द्विपक्षीय बैठक उनकी रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई। बैठक के दौरान, दोनों देशों ने यूक्रेन में रूस के संघर्ष के कारण होने वाले व्यवधानों का मुकाबला करने पर विशेष ध्यान देने के साथ अर्धचालक और आपूर्ति श्रृंखला जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संभावित सहयोग की खोज की। जापान ने आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के अपने दृढ़ संकल्प को रेखांकित करते हुए 2027 तक भारत में 35.9 बिलियन डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक में रक्षा सहयोग और प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, दोनों देशों के विदेश मंत्रियों, एस जयशंकर और योशिमासा हयाशी ने अपने रक्षा और सुरक्षा सहयोग में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। बैठक का मुख्य आकर्षण बहुपक्षीय और बहुपक्षीय ढांचे, विशेष रूप से क्वाड समूह पर जोर देना था, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं।

क्वाड का उद्देश्य नियम-आधारित और समावेशी इंडो-पैसिफिक को बढ़ावा देते हुए क्षेत्र में चीन की आक्रामक कार्रवाइयों से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करना है। भारत और जापान दोनों ने इस ढांचे के भीतर एक मजबूत साझेदारी के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जो क्षेत्र और उससे परे शांति और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। इस महीने की शुरुआत में सेमीकंडक्टर विकास पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर के माध्यम से प्रौद्योगिकी सहयोग में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया था।

एमओयू में डिजाइन, विनिर्माण, उपकरण अनुसंधान, प्रतिभा विकास और सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन को बढ़ाने जैसे विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया। इस कदम को भारत और जापान के बीच नवाचार को बढ़ावा देने और प्रौद्योगिकी सहयोग को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा गया।

भारत-जापान संबंधों के ऐतिहासिक संदर्भ को स्वीकार किया गया, जो छठी शताब्दी का है जब बौद्ध धर्म जापान में लाया गया था। बौद्ध धर्म के माध्यम से छनकर आई भारतीय संस्कृति के प्रभाव ने जापानी संस्कृति पर स्थायी प्रभाव डाला है और दोनों देशों के बीच निकटता की भावना में योगदान दिया है। इन वर्षों में, यह रिश्ता मजबूत हुआ है और 2006 में वैश्विक और रणनीतिक साझेदारी और 2014 में विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी में विकसित हुआ। जापान और भारत विजन 2025 विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी एक साथ काम करना का संयुक्त बयान इंडो-पैसिफिक क्षेत्र और विश्व की शांति और समृद्धि के लिए 2015 में उनकी साझेदारी को और गहरा करने की नींव रखी गई। सुरक्षा और रक्षा सहयोग के क्षेत्र में, 2020 में जापान और भारत के बीच अधिग्रहण और क्रॉस-सर्विसिंग समझौते (एसीएसए) पर हस्ताक्षर करना एक उल्लेखनीय उपलब्धि थी।

एसीएसए ने जापान के बीच आपूर्ति और सेवाओं के पारस्परिक प्रावधान के लिए एक तंत्र की स्थापना की। आत्मरक्षा बल और भारत के सशस्त्र बल, अपने रक्षा संबंधों को और मजबूत कर रहे हैं। बैठक में स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अपनी आत्मनिर्भरता नीति के हिस्से के रूप में चिपमेकिंग उद्योग बनाने के भारत के प्रयासों को भी संबोधित किया गया। जापान जापानी कंपनियों को विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए प्रोत्साहित करता रहा है।

भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के घरेलू चिप निर्माण उद्योग को स्थापित करने के प्रयासों को हाल ही में संभावित झटका लगने के बाद इस बैठक को जापान के लिए एक आउटरीच के रूप में देखा जा सकता है जब इलेक्ट्रॉनिक्स दिग्गज फॉक्सकॉन ने सेमीकंडक्टर का समर्थन करने के लिए भारतीय खनन समूह वेदांता लिमिटेड के साथ 19.5 बिलियन डॉलर के सेमीकंडक्टर संयुक्त उद्यम को वापस ले लिया। और प्रदर्शन विनिर्माण परियोजनाओं के लिए, देश आकर्षक वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान कर रहा है, 10 अरब डॉलर की योजना के तहत परियोजना लागत का 50 प्रतिशत तक की पेशकश कर रहा है। इस सहयोग से भारत में चिकित्सा उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू बिजली उपकरणों जैसी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में जापानी निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

# आप की बात

## एक देश एक चुनाव

**देश** में लोकसभा एवं देश की समस्त विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की बात काफी समय से चल रही है। अगर लोकसभा एवं समस्त राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हो जाएं तो देश का करोड़ों अरबों रुपया बचेगा। हालांकि, सरकार ने लोकसभा व सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एकसाथ कराने में कुछ बाधाओं की बात कही है। इसके लिए संविधान के 5 अनुच्छेदों में संशोधन करना जरूरी होगा। इनमें संशोधन करने के लिए इस मसले पर सभी राजनीतिक दलों की सहमति की भी आवश्यकता होगी। संघीय ढांचे को ध्यान में रखते हुए आज यह बेहद जरूरी है कि इस विषय में सभी राज्यों से सहमति भी प्राप्त की जाए। इन चुनावों हेतु भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन-ईवीएम व पेपर ट्रेल मशीनों की भी आवश्यकता होगी। हालांकि, इस पर भी खर्च होगा, लेकिन दीर्घकालीन रूप से बचत ही होगी। विडंबना है कि जब आज आगामी आम चुनाव तथा इस साल के अंत में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं तो इस मामले पर चर्चा एकदम बंद हो गई है। लोकसभा व विधानसभा के साथ ही स्थानीय निकायों के चुनाव साथ में कराने से देश के विकास में तेजी आएगी तथा जनता अपनी राय समग्र रूप से दे सकेगी।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

## गायब महिलायें

**गत** 3 वर्षों में देश से तेरह लाख से अधिक बच्चियों व महिलाओं के गायब हो जाने की जानकारी राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो द्वारा दी गई है। हमारे देश में महिलाओं के खिलाफकिसी भी प्रकार का अपराध करने वालों के लिए सख्त से सख्त सजा के प्रावधान होने के बावजूद इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चियों विशेष तौर से नाबालिग बच्चियों का गायब हो जाना व्यथित कर देने वाला है। इसके लिए सिर्फसरकार ही नहीं समाज व परिवार को भी सक्रिय व सचेत रहना पड़ेगा। अपहरण की गई महिलाएं कई तरह के शोषण व ज्यादतियों का शिकार होती है तथा उनकी किडनी व अंदरूनी अंग निकाल कर उनकी हत्याएं तक हो सकती हैं। उन्हें विदेशों में बेच दिया जाता है व और भी कई तरह के अमानवीय अत्याचार उन्हें सहने पड़ते हैं। अब समय आ गया है कि बच्चियों को किशोरावस्था से ही शिक्षा के साथ-साथ आत्मरक्षा के तरीके सीखना अनिवार्य किया जाना चाहिए। प्रत्येक शहर की हर कॉलोनी में समाजसेवियों की समितियां बनाकर निगरानी रखी जाना चाहिए। साथ ही पुलिस व प्रशासन को भी ऐसी घटनाओं पर सतत निगरानी रखनी होगी।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## कांवड़ यात्रा

**कुछ** दिनों पूर्व कांवड़ यात्रा संपन्न हुई जिसमें हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली व पश्चिमी उत्तर प्रदेश समेत अनेक स्थानों के करोड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। लगभग एक हफ्ते क्षेत्र भगवामय रहा। करोड़ों की भीड़ होने के बावजूद पत्थरबाजी व अराजकता की एक भी घटना नहीं हुई। वहीं मुहर्रम के जुलूस के दौरान दिल्ली समेत देश के कई राज्यों और शहरों से पत्थरबाजी व अराजकता की खबरें, तस्वीरें और वीडियो पूरे देश ने पढ़े-देखे-सुने। एक ओर करोड़ों की भीड़, एक सप्ताह की यात्रा व कोई अप्रिय घटना नही, वहीं दूसरी और एक दिन के जुलूस में सैकड़ों या हजारों लोगों की भीड़ और पुलिस व आम जनता पर पथराव, उपद्रव, सरकारी व निजी संपत्ति का नुकसान। यह दोनों समुदायों की मानसिकता की भिन्नता दर्शाता है। कुछ ऐसा है जिसे बदलना चाहिए या कुछ ऐसा है जिसे जानबूझकर सुलझाने से बचा जा रहा है। विचार किया जाना चाहिए कि एक समुदाय को सरकारी संपत्ति व सुरक्षाबलों के खिलाफ नफ़रत का जहर कौन पिला रहा है? इस समाज की सोच में वैश्विक स्तर पर व्यापक परिवर्तन की जरूरत है।

– **मनोज पुरुषार्थी,** मेरठ

## व्यवस्था जिम्मेदार

**जलवायु परिवर्तन** से अति बरसात की स्थिति बनी है। लेकिन इसके परिणामस्वरूप आने वाली बाढ़ व उससे विनाश के लिए आम आदमी भी काफी जिम्मेदार है। लोगों ने अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति को पूरी तरह निचोड़ डाला। यदि आज उसका कहर बरपा हो रहा है तो यह कोई नई बात नहीं है। हालांकि, मौसम संबंधी भविष्यवाणियों का पूरी तरह खरा नहीं उतरना भी सिस्टम में गड़बड़ी को जताता है। उन्नत तकनीक के बावजूद वैज्ञानिक प्रणालियां खरी नहीं उतर पा रही है। इसके विपरीत गांवों में बरसात के अनुमान के परंपरागत स्रोत आज भी कई बार वास्तविकता के करीब होते हैं। दुख का विषय है कि नगर हो या महानगर मुख्य मार्गों पर बाढ़ की स्थिति के लिए वाकई जल निकासी योजनाएं नकारा साबित हुई है। कागजों पर लगे अंदाज से वास्तविक स्थिति कहीं दूर नजर आती है। कुल मिलाकर हर तरफ मानवीय गलतियां और गलत प्लानिंग आज के हालातों के लिए जिम्मेदार है। इसे हर हाल में दुरुस्त किए जाने की जरूरत है। बाढ़ जैसी आपदा से निपटने की तैयारी दीर्घकालीन रूप से होनी चाहिए।

–**अमृतलाल मारू,** इंदौर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।

# पूर्व की सरकारों की कुनीति व कुशासन से गरीब और बीमारू था यूपी: योगी

**● पीएम आवास योजना के 5100 लाभार्थियों के खातों में सीएम ने ट्रांसफर किए 51.52 करोड़ रुपए**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संसाधनों से अमीर होने के बावजूद उत्तर प्रदेश पूर्व की गैर भाजपा सरकारों की कुनीति व कुशासन से गरीब और बीमारू राज्य बना हुआ था। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने सुनीति और सुशासन से उत्तर प्रदेश को नई पहचान दी है। आज दुनिया मानती है कि यूपी गरीब व बीमारू राज्य नहीं बल्कि वह प्रदेश है जहां छह साल में साढ़े पांच करोड़ लोग गरीबी की रेखा से ऊपर उठे हैं।

सीएम योगी सोमवार पूर्वाह्न वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज परिसर में आयोजित पीएम आवास योजना के लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सिंगल क्लिक से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 5100 लाभार्थियों के बैंक खातों में 51.52 करोड़ रुपये की धनराशि अंतरित की। 250 लाभार्थियों को 50 हजार रुपये की दर से प्रथम किस्तए 2602 लाभार्थियों को 1.50 लाख रुपये की दर से दूसरी किस्त तथा 2248 लाभार्थियों को 50 हजार रुपये की दर से तीसरी किस्त की धनराशि भेजी गई। सीएम ने पीएम आवास योजना के 12 लाभार्थियों को आवास की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों को सवालों के घेरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक शासन करने वाली कांग्रेस, सपा और बसपा की सरकारों ने जनता को जनहित और विकास की योजनाओं के लाभ से वंचित रखा। कांग्रेस नारा देकर भी गरीबी नहीं हटा पाई। सपा के नारे जातिवादए परिवारवाद के शिकंजे में भ्रष्टाचार के प्रतीक बन गए। बसपा के हाथी के पेट मे पूरा प्रदेश ही समा जा रहा था। इन सबका परिणाम यह रहा कि यूपी पिछड़ता चला गया। यदि जनता गरीब रहेगी तो प्रदेश व देश समृद्ध नहीं हो सकता।

सीएम योगी ने कहा कि छह साल से यूपी में दिख रहा विकास और जनकल्याण के कार्य पहले भी हो सकते थे पर पूर्व की सरकारों में इच्छाशक्ति का अभाव था। उनके एजेंडे में सिर्फ मैं और मेरा परिवार था 'सपा का बिना नाम लिए उन्होंने कहा कि उनके एजेंडे में 'मैं' और मेरा परिवार ही था। प्रदेश के संसाधनों को लूटने के लिए महाभारत के सभी रिश्ते जुड़ जाते थे। उन्होंने किसानोंए व्यापारियों का शोषण कियाए युवाओं से अन्याय किया, महिलाओं की सुरक्षा खतरे में डाली।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों में 15 जुलाई से 15 नवंबर तक का समय इंसेफेलाइटिस की दहशत के नाम रहता था। 40 वर्षों में 50 हजार बच्चों की मौत हो गई थी। डबल इंजन की सरकार ने इंसेफेलाइटिस का समूल कर दिया है। इंसेफेलाइटिस पूरी तरह नियंत्रित है, बस उन्मूलन की घोषणा ही बाकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीआरडी मेडिकल कॉलेज के सुदृढ़ीकरण और एम्स की स्थापना हो जाने से सर्दी हो या गर्मीए बरसात हो या बसंत, कोई भी बीमारी बच्चों का बाल बांका नहीं कर सकती।

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी का सपना है कि हर व्यक्ति के पास अपना घर हो। हर व्यक्ति की भी यही कामना होती है कि उसके पास अपना घरए उसमें बिजली पानीए रसोई गैसए राशन कार्डए स्वास्थ्य बीमा आदि की सुविधा हो। आजादी के बाद पहली बार डबल इंजन की सरकार ऐसी सभी योजनाओं का लाभ दे रही है। उन्होंने पीएम आवास योजना को प्रधानमंत्री की तरफ से गिफ्ट बताते हुए कहा कि किस्त की रकम से समय पर मकान बनवाइए। यदि कोई पैसा मांगे तो सीधे मुझे सूचना दीजिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को राशन कार्ड, बिजली कनेक्शन, रसोई गैस कनेक्शन, आयुष्मान योजना का लाभ भी दिया जाएगा। उन्होंने आवास बन जाने पर गृह प्रवेश में जनप्रतिनिधियों को भी बुलाने और जो खुद खाते हों, वही जनप्रतिनिधियों को भी खिलाने की बात भी कही। सीएम ने बताया कि यूपी में पीएम आवास योजना शहरी के तहत 54 लाख गरीबों को आवास मिले हैं। गोरखपुर में 43600 आवास स्वीकृत हैं। इसमें से 35500 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले छह वर्षों में 61184 आवास उपलब्ध कराए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार में विकास के साथ ही जनकल्याण की रफ्तार निरंतर बढ़ रही है। देश का सुरक्षित राज्य होने के साथ यूपी निवेशकों का पसंदीदा गंतव्य है। गोरखपुर को ही देखें तो अच्छी सड़कें शोभा बढ़ा रही हैं। एम्स, खाद कारखाना, चिड़ियाघर, रामगढ़ताल से विकास की नई तस्वीर दिखती है। मेडिकल कॉलेज रोड विदेशी रोड लगता है। फ्लाईओवर बन जाने से खजांची चौक पर जाम की समस्या भी समाप्त हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गोरखपुर में सबकुछ है। यहां से संगठित अपराध, गैंगवार का सफाया हो चुका है। मच्छर और इंसेफेलाइटिस की समस्या का समाधान हो गया है। गोरखपुर तो अब सभी बीमारियों का समाधान करने वाला क्षेत्र बन गया है। दुनिया के निवेशक यहां निवेश करने आना चाहते हैं।

गोरखपुर चार विश्वविद्यालय से शिक्षा का आधुनिक हब बन गया है। जल्द ही सहजनवा में अटल आवासीय विद्यालय में सत्र प्रारंभ होने जा रहा है। बेसिक स्कूलों का कायाकल्प किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो संकीर्ण सोच वाला होगा, उसे ही विकास नजर नहीं आ रहा होगा। जनकल्याण का पक्ष देखें तो कोरोना काल से देश मे 80 करोड़ और यूपी में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की सुविधा मिल रही है जबकि पहले सत्ताधारी पार्टी से जुड़े लोग गरीबों का राशन हड़प जाते थे। आज किसी ने ऐसा किया तो जेल उसके इंतजार में है। पहले नौकरी के नाम पर डकैती होती थी, आज नौकरी में सेंधमारी करने वाले जेल में मिलेंगे। डीबीटी से पेंशन में कमीशनखोरी को खत्म कर दिया गया है। सीएम ने सभी लोगों से विकास की सोच से जुड़ने, नागरिक दायित्व का निर्वहन करते हुए स्वच्छता को बढ़ावा देने की अपील की। कहा कि विकास की सोच से ही कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा।

## गांवों के विकास का ग्रोथ इंजन बन रही है ग्राम चौपाल: उप मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**● ग्राम चौपालों में 1 लाख 90 हजार संदर्भों का किया निस्तारण**

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि गांव चौपालों के आयोजन से गांव विकास की योजनाओं के क्रियान्वयन में हलचल तेज हुई है और गांवों के संवरने के साथ ही ग्रामीणों का जीवन स्तर सुधर रहा है, सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है, यही नहीं जिन समस्याओं के निराकरण के लिए ग्रामीणों को तहसील, जिला या राजधानी जाना पड़ता था, उनका समाधान उनके अपने गांव में ही हो जा रहा है।

## किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं जमीन कब्जा करने व कमजोरों को उजाड़ने वाले: मुख्यमंत्री

**● जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 400 लोगों की समस्या**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। सीएम योगी ने उक्त निर्देश सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 400 लोगों से मुलाकात की। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक.एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

## समय से न्याय, सुशासन की प्राथमिक शर्त: सीएम

**● सीएम ने गोरखपुर कलेक्ट्रेट व सदर तहसील में मल्टीस्टोरी अधिवक्ता चैंबर्स का लोकार्पण किया, डिजिटल लाइब्रेरी का भी किया शिलान्यास**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कानून का राज सुशासन की पहली शर्त है। कानून का राज होने के लिए सुदृढ़ न्याय की व्यवस्था का होना अपरिहार्य है। सुशासन की प्राथमिक शर्तों में समय से न्याय मिलना भी शामिल है। समयबद्ध न्याय मिलने की परिकल्पना को साकार करने के लिए सरकार अधिवक्ताओं के लिए सुविधा व संसाधन बढ़ाने का काम पूरी प्रतिबद्धता से कर रही है। सीएम योगी सोमवार अपराह्न गोरखपुर कलेक्ट्रेट में 3 करोड़ 46 लाख 21 हजार रुपये की लागत से बने मल्टीस्टोरी अधिवक्ता चैंबर्स, सदर तहसील में 4 करोड़ 54 लाख 24 हजार रुपये की लागत से निर्मित अधिवक्ता चैंबर्स का लोकार्पण और कलेक्ट्रेट परिसर में 1 करोड़ 25 लाख 30 हजार रुपये की लागत से बनने वाली डिजिटल लाइब्रेरी का शिलान्यास करने के बाद उपस्थित अधिवक्ताओं व अन्य जन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिवक्ता सुदृढ़ न्याय व्यवस्था के साक्षात प्रतिनिधि हैं। इस महत्व को जानते हुए सरकार ने अधिवक्ताओं के लिए कल्याणकारी कार्यक्रमों को लगातार आगे बढ़ाया है। नए अधिवक्ताओं के लिए प्रोत्साहन व अधिवक्ता कल्याण निधि की राशि बढ़ाने की व्यवस्था की। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार विकास के साथ अधिवक्ता हितों के संरक्षण को प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अधिवक्ता न्यायालय को गतिमान करने के तंत्र हैं। उनके लिए बेहतरीन चैंबर्स हों, इस दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। गोरखपुर कलेक्ट्रेट और सदर तहसील में यह कार्य पूर्ण हो गया है। अन्य जगहों से भी अधिवक्ता चैंबर्स के लिए प्रस्ताव मांगे गए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार इलाहाबाद हाईकोर्ट में 10000 की क्षमता का सभी सुविधाओं से युक्त मल्टीस्टोरी चैंबर्स बनवा रही है। उन्होंने डीएम व तहसील कोर्टों में लंबित मामलों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की अपील करते हुए कहा कि पीड़ितों को बार.बार आने से राहत मिलनी चाहिए। उसे न्याय का अहसास होना चाहिए।

गोरखपुर के अधिवक्ता संगठनों से 30 वर्ष के अपने नजदीकी संबंध का उल्लेख करते हुए सीएम योगी ने कहा कि अत्यधिक व्यस्तताओं के बावजूद यहां के अधिवक्ताओं ने जनहित व विकास के मुद्दे पर उनके साथ आंदोलन करने में तनिक भी संकोच नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1908-09 में बने कलेक्ट्रेट भवन के जर्जर होने के कारण अब यहां एकीकृत कलेक्ट्रेट भवन बनने जा रहा है। इसकी डिजाइन और डीपीआर तैयार हो रही है। आगामी सौ वर्षों को ध्यान में रखकर यह यूपी का पहला ऐसा कलेक्ट्रेट भवन होगा जहां एक ही छत के नीचे सभी अधिकारी बैठकर जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे। इसमें अधिवक्ता संगठनों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

## बाजारीकरण की भेंट चढ़ चुकी चिकित्सा, शिक्षा व सुरक्षा: लल्लू

**● पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने योगी की 400 से अधिक बार की गोरखपुर यात्रा पर उठाए सवाल**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गोरखपुर यात्राओं को लेकर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने योगी की गोरखपुर की 400 से अधिक बार की यात्राओं पर सवाल उठाते हुए पूछा कि सरकारी धन का दुरुपयोग क्यों किया जा रहा है? अब तक की यात्राओं पर कितना व्यय हुआ? प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर हमला बोलते हुए लल्लू ने कहा कि प्राइवेट अस्पतालों पर कोई अंकुश नहीं है। यहां से लेकर नोएडा तक भाजपा नेताओं के ही अस्पताल हैं, जहां लूट की पूरी छूट है। लूट को रोका जा सके इसके लिए सरकार के पास कोई भी नीति नहीं है। मेडिकल कॉलेज व प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टरों पर योगी क्यों नहीं मेहरबान हों जब उनके गोरखनाथ अस्पताल में जाकर मुफ्त सेवा देते हैं। इनके सानिध्य में लूट, खसोट मचा रखा है। चिकित्सा, शिक्षा व सुरक्षा बाजारीकरण की भेंट चढ़ चुका है।

लल्लू सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साढ़े 6 वर्षों में 400 से अधिक बार गोरखपुर की यात्रा कर चुके हैं, यात्रा के दौरान उन्होंने कई समीक्षा बैठकें की परन्तु जिले की चिकित्सा व्यवस्था बदहाली के आंसू रो रही है और बाजार के भेंट चढ़ गई है। हद तो तब हो गई कि देवरिया जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड को मेडिकल कॉलेज का ट्रामा सेंटर बना दिया गया और जिला अस्पताल के इमरजेंसी को समाप्त कर दिया गया है। केवल इमारत बनाने से हॉस्पिटल में लोगों का इलाज नहीं होता है बल्कि वहां पर संसाधन उपलब्ध कराने पड़ते हैं। लल्लू ने कहा कि प्राइवेट अस्पतालों पर कोई अंकुश नहीं है। यहां से लेकर नोएडा तक भाजपा नेताओं के ही अस्पताल हैं, जहां लूट की पूरी छूट है। लूट को रोका जा सके इसके लिए सरकार के पास कोई भी नीति नहीं है। लल्लू ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज का हाल बयां करते हुए कहा कि नेहरू चिकित्सालय 900 बेड का बना हुआ है। आज भी ट्रामा सेंटर, ओपीडी, आईपीडीए व मरीजों की भर्ती होती है। जहां पर आज कई बेड पुराने हो गए हैं, जर्जर मकान, खराब वायरिंग तथा बिजली के तार इधर-उधर लटके हुए हैं। 2016 में भूकम्प आया था कई मकानों में दरार पड़ गई थी पर आज वैसे ही भगवान भरोसे मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहा है।

27 जुलाई को मेडिसिन विभाग में आग लग जाने से भगदड़ मच गई 14 मरीज जान बचाने को भागे। पूरे वार्ड में धुआं भर गया बिजली गुल हो जाने के कारण मोबाइल टार्च की सहायता से लोगों बाहर निकाला गया वार्ड में 58 मरीज थे जिसमें से 12 मरीज आईसीयू में थे जिसमें से एक एक मरीज की मौत भी हो जाने पर प्रशासन ने कहा कि बीमारी से मौत हुई है। मेडिकल कॉलेज में बच्चों के इजाल हेतु 500 बेड का बाल रोग संस्थान बनकर तैयार है। वहां सभी व्यवस्थाएं हैं पर वहां ट्रांसफर न करके किसी बड़े हादसे को न्योता दिया जा रहा है। न ही स्टाफ है, न ही वहां चिकित्सक की नियुक्ति है। मेडिकल कॉलेज में चिकित्सक शिक्षकों के दर्जनों पद रिक्त पड़े हैं। मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों की भर्ती के बजाय उनका तबादल कर दिया गया कुछ ने तो इस्तीफा दे दिया। कांन्ट्रेक्ट पर डॉक्टर व स्टाफ रखे जा रहे हैंए मरीजों के लिए पर्याप्त बेड़ नहीं हैं। लल्लू ने कहा कि 22 जुलाई 2016 को प्रधानमंत्री द्वारा एम्स का शिलान्यास किया गया। 7 दिसंबर 2021 को उद्घाटन हुआ उस समय बताया गया कि 300 बेड का अस्पताल शुरू हो जायेगा 450 बेड अपने निर्माण के अंतिम दौर में हैं जो जनवरी 2022 में शुरू हो जाएगा साथ ही इमरजेंसी में 75 बेडों की व्यवस्था है।

## सपा ने '80 हराओ-भाजपा हटाओ' का दिया नारा: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि देश की जनता भाजपा सरकार से बहुत दुखी है। भाजपा ने सिर्फ नारे दिए हैं। कोई काम नहीं किया है। भारत सिर्फ बातों से नहीं ठोस कामों से बदलेगा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन भाजपा के एनडीए गठबंधन को हराएगा। उत्तर प्रदेश के सन्दर्भ में समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 में '80 हराओ-भाजपा हटाओ' का नारा दिया है। अखिलेश यादव ने कहा है कि भारत की पहचान सामाजिक सद्भाव, भाईचारा, हिन्दू-मुस्लिम एकता से है। देश की पहचान गंगा-जमुनी तहजीब से है लेकिन भाजपा नकारात्मक राजनीति कर रही है। विकास रोक दिया है। महंगाई का मुद्दा उठाने पर लोगों को जेल भेज दिया जाता है। भाजपा ने जनता से किए वादों को पूरा नहीं किया। इनका हर वादा जुमला निकला। महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। डीजल-पेट्रोल, गैस, घरेलू गैस सिलेंडर के दाम आसमान पर है। किसानों की आय दुगनी नहीं हुई। दालों की कीमत बहुत बढ़ गयी। यह मुनाफा किसकी जेब में जा रहा हैघ् किसानों को फसलों की एमएसपी नहीं मिली।

यादव ने कहा कि देश की हालत बेहद खराब है। मणिपुर के मुद्दे पर सरकार चुप है। क्या आज के समय में कोई कल्पना कर सकता है कि बेटियों को निर्वस्त्र घुमाया जाएगा और सरकार चुपचाप देखती रहेगी। पूरी भाजपा सरकार मणिपुर की घटना छिपा कर बैठी थी। दुनिया में देश की बदनामी हुई है। प्रधानमंत्री जवाब क्यों नहीं दे रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि मणिपुर में जो कुछ हुआ वह सरकार के इशारे पर हो रहा है। भाजपा देश को धोखा दे रही है। देश की दो तिहाई जनसंख्या भाजपा के खिलाफ है। समाजवादी पार्टी 'इंडिया गठबंधन' में शामिल दलों को साथ लेकर भाजपा को हराएगी। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश को बर्बाद कर दिया है। बरेली में भाजपा के लोग दंगा कराना चाहते थे। जिस अधिकारी ने दंगा होने से रोका उसके खिलाफ सरकार ने कार्रवाई कर दी। उत्तर प्रदेश में जो कानून व्यवस्था की बात करता है उसे भ्रष्ट भाजपा सरकार बर्खास्त कर देती है। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हर दिन सांड़ो से लोगों की जानें जा रही है। भाजपा सरकार इसके लिए जिम्मेदार है। प्रधानमंत्री ने खुद कहा था कि सांड़ो से किसानों की फसल बचाने के लिए समाधान निकालेंगे लेकिन कुछ नहीं किया। उत्तर प्रदेश में सैकड़ों लोगों की जानें सांड़ो के हमले में चली गयी। परिवार बर्बाद हो गए हैं। यादव ने कहा कि प्रदेश के नौजवान मुख्यमंत्री से नौकरी और रोजगार चाहते हैं लेकिन मुख्यमंत्री के पास कोई जवाब नहीं है। इन्वेस्टर मीट के नाम पर बड़े-बड़े आयोजन हुए लेकिन जमीन पर कुछ नहीं उतरा। बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया था। उद्घाटन के बाद बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे धंस गया। उसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ लेकिन मुख्यमंत्री ने जवाब नहीं दिया। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड टूट चुके हैं। अब जनता 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से हटा देगी।

## दलितों के हक और हकूक की लड़ाई सिर्फ कांग्रेस लड़ रही: बृजलाल खाबरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आज देश** में संविधान पर खतरा मंडरा रहा है। अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को खत्म करने की साजिश लगातार रची जा रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी संविधान को बचाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। पूरी कांग्रेस पार्टी देश भर में संविधान को बचाने के लिए आवाज उठा रही है। सिर्फ वोट बैंक मानने वाले लोग आज दलितों, पिछड़ों के हक में आवाज उठाने के बजाए चुप्पी साधे हैं। दलितों पिछड़ों के हक और हकूक के लिए और संविधान की रक्षा के लिए उप्र में कांग्रेस पार्टी प्रदेश के सभी जिलों में 'संविधान बचाओ संकल्प सभा' का आयोजन कर रही है। सभी लोगों को एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी के साथ आगे आना होगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आजाद पार्टी के अध्यक्ष चन्द्रशेखर के सवाल पर कहा कि भाजपा के खिलाफ जो भी आवाज उठाता है उसे फ र्जी मुकदमें में जेल भेज दिया जाता है।

## कुंभ नगरी में कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ//प्रयागराज



**योगी** सरकार में शिवभक्त कांवड़ियों की सुविधा और सुरक्षा का ध्यान रखने के साथ उनकी आस्था का सम्मान भी निरन्तर हो रहा है। सावन के चौथे सोमवार को कुम्भ नगरी प्रयागराज में शिव भक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। पुष्पवर्षा के सम्मान से संगम और गंगा के सभी तट बोल-बम के जयघोष से गूंज उठे। श्रावण मास में कुम्भ नगरी प्रयागराज में संगम और गंगा के सभी तट केसरिया रंग से रंग चुके हैं। पुराणों में वर्णित आदि शिवालय श्री ब्रह्मेश्वर महादेव मंदिरए, श्री मनकामेश्वर मंदिर और संगम के घाटों से बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी गंगा जल ले जा रहे शिव भक्त कांवड़ियों की लम्बी-लम्बी कतारों पर सोमवार को हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा की गई।

डीएम प्रयागराज संजय कुमार खत्री का कहना है कि सरकार के निर्देश पर प्रयागराज में शिवभक्त कांवड़ियों पर हेलीकाप्टर से चार चरण में पुष्प वर्षा की गई। संगम और माँ गंगा के सभी तटों के अलावा जिले के उन सभी शिवालयों के मार्गों में जहां से ये शिव भक्त गुजरते हैं पुष्प बरसाए गए हैं।

हेलीकाप्टर से श्रद्धालुओं पर हो रही पुष्पवर्षा से शिवभक्त भाव विभोर हो गए। क्षण भर में संगम और गंगा के सभी तटों में बोल-बम का जयघोष गूंजने लगा। संगम की त्रिवेणी का पावन जल बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी ले जा रहे शिवभक्त रामेश्वर ने बताया कि एक दशक से अधिक वर्षो से सावन के मास में त्रिवेणी का जल लेकर वह काशी जाते हैं लेकिन शिव भक्तों इतना सम्मान किसी सरकार ने नहीं दिया, जितना योगी जी ने दिया है। जिन-जिन मार्गों से ये शिवभक्त गुजरे उन मार्गों में उनकी सुविधा के सभी इंतजाम प्रशासन की तरफ से किये गए हैं।

पुलिस कमिश्नर प्रयागराज रमित शर्मा के मुताबिक् शिव भक्तों के गुजरने वाले सभी मार्गों एवं घाटों पर निरंतर पेट्रोलिंग की व्यवस्था है। संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन से निगरानी कराई जा रही है। प्रशासन कट या सम्पर्क मार्गों पर विशेष निगरानी एवं व्यवस्था रख रहा है। कावंड़ मार्गों पर पड़ने वाले अंधे मोड़ों पर साइनेज लगाये गए हैं। उनके यात्रा के मार्ग पर अण्डा-मांस. मछली की दुकानें किसी भी स्थिति में खुली न हों इसे भी सुनिश्चित कराया गया है। इसके लिए संबधित पुलिस स्टेशन कर्मियों को आदेश जारी कर दिए गए हैं। यात्रा में भजनए कीर्तन और भक्ति के गीत के साथ परंपरागत नृत्यए गीतए संगीत की भी अनुमति है लेकिन प्रशासन ने यह भी अपील किया है कि यह सुनिश्चित किया जाए की डीजे, गीत-संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों के अनुरूप ही रहे।

## जीवन की दूसरी यात्रा का नया प्रारंभ पूर्व निर्धारित सेवानिवृत्ति: दुर्गा शंकर

**● सचिवालय सेवा से सेवानिवृत्त हुए 31 अधिकारी-कर्मचारी, मुख्य सचिव ने किया सेवानैवृत्तिक लाभों से संबंधित आदेशों का वितरण**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने उत्तर प्रदेश सचिवालय सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले 31 अधिकारियों व कर्मचारियों को उनके सेवानैवृत्तिक लाभों से सम्बन्धित आदेशों का वितरण किया। मुख्य सचिव ने श्रावण माह के पवित्र माह में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को शुभकामनाएं एवं उनके जीवन की नई पारी के लिए मंगलकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति सेवा का अंत नहीं हैं। पूर्व निर्धारित सेवानिवृत्ति जीवन की दूसरी यात्रा का नया प्रारम्भ है। हमारे जीवन में बदलाव सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। जीवन का यह अटल सत्य है कि जिसका प्रारम्भ हुआ है, उसका अंत भी सुनिश्चित है, किंतु वहीं एक नई यात्रा शुरु हो जाती है। यही हमारी सनातन संस्कृति है।

स्वस्थ रहने के लिये कर्म करना आवश्यक है। कर्म करने से हमारा चित्त और शरीर चैतन्य अवस्था में रहेगा। सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों के पास शासकीय सेवा में कार्य करने अच्छा अनुभव होता है। अभी तक पदनाम के बंधन से बंधे हुए थे, अब उन बंधनों से मुक्त हो गए हैं। अपने अनुभवों का इस्तेमाल समाज की बेहतरी के लिये करना चाहिए। अपने आस-पास, गांव, शहर व समाज में परिवर्तन लाने का प्रयास करना चाहिए। जब तक रहें स्वस्थ्य रहें और समाज के लिए उपयोगी बने रहें।

सेवानिवृत्त होने के उपरान्त अपने देयकों के भुगतान के लिए कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए सभी विभागों को कार्मिको को सेवानिवृत्त होने के समय समस्त देयकों का भुगतान करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम मे आज सचिवालय प्रशासन से सेवानिवृत्त होने वाले 31 कार्मिकों को सेवानैवृत्तिक लाभों से सम्बन्धित आदेशों का वितरण किया जा रहा है। यह परंपरा आगे भी जारी रहेगी।

पायनियर
नई दिल्ली , मंगलवार, 1 अगस्त 2023



# राष्ट्रीय पर्व पर कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर लें हिस्साः डीएम

● मेरी माटी मेरा देश थीम पर मनाया जायेगा स्वतंत्रता दिवस




**शाहजहाँपुर।** डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में स्वतंत्रता दिवस समारोह 2023 के सफ्ल आयोजन के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान डीएम ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा करते हुये उपस्थित महानुभावो, स्वयं सेवी संस्थाओं/संगठनो के प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं अधिकारियों से सुझाव प्राप्त कर तद्नुसार रूपरेखा बनाकर प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जायें। उन्होने कहा कि आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को पूरी भव्यता एवं राष्ट्र प्रेम की भावना के साथ मनाया जाये। जिलाधिकारी ने आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के विषय में बताते हुये कहा कि 09 अगस्त से 15 अगस्त तक अन्य कार्यक्रमों के साथ-साथ ''मेरी माटी, मेरा देश ष्अभियान कार्यक्रम भी पूरे जनपद मे आयोजित कराया जा रहा है। उन्होने समस्त जनपद वासियों से स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में पूर्ण मनोयोग से सम्मिलित होने की अपील भी की। उन्होने सभी तैयारियों को ससमय पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों की महत्वपूर्ण बैठक में नगर निगम से से कोई जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित न होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुये शासन को पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया।

आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के विषय में बताते हुये मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि देश के लगभग 7,500 ब्लॉकों से चयनित युवा अपनी संबंधित पंचायत से मिट्टी दिल्ली में स्थित कर्तव्य पथ पर पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे। 'वसुधा वंदन' कार्यक्रम का आयोजन किसी अमृत सरोवर या किसी जल निकाय या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर किया जायेगा। पूरे देश के लगभग 7,500 ब्लॉकों से चयनित युवा दिल्ली के कर्तव्य पथ पर इस कार्यक्रम के लिए एकत्रित होंगे। वे अगस्त, 2023 में आयोजित होने वाले इस मेगा कार्यक्रम में अपने राज्यों के सभी गांवोंध्ग्राम पंचायतों से मिट्टी लेकर आएंगे। साथ ही उन्होने बताया कि देशहित में अपना योगदान देने वाले नागरिकों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों आदि का नाम शिलाफलकम पर प्रदर्शित किया जायेगा। नगर मजिस्ट्रेट श्री वेद प्रकाश मिश्रा ने 15 अगस्त पर प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूप रेखा को विस्तार पूर्वक बताते हुये उस पर गहन चर्चा की।

## तबीयत बिगड़ने पर मारपीट के आरोपी को छोड़ा

**बरेली।** ताजिए दार को पीटने के आरोप में पुलिस ने पूर्व ग्राम प्रधान को हिरासत में ले लिया लेकिन उसकी हालत बिगड़ गई तब पुलिस ने उसे छोड़ दिया। बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के गांव भिडोलिया निवासी मुशर्रफ खां से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने हिरासत में लिए गए पूर्व प्रधान वकीलउद्दीन को पुलिस ने थाने से तबियत बिगड़ने पर उसके घर पहुंचवाया ज्ञात हो कि शनिवार को गांव के रहने वाले मुशर्रफ खां ताजिया निकालने की तैयारी कर रहे थे इसी दौरान गांव का ही रहने वाला पूर्व प्रधान वकीलउद्दीन अपने बेटे के साथ वहां पहुंचा और उसका विरोध करने लगा मुशर्रफ का कहना है कि हर साल ताजिया निकालता है वकीलरुद्दीन ने मुशर्रफ खा की पिटाई कर दी है घटना की जानकारी मौजूदा प्रधान तस्लीम आरिफको मिली तो वह मौके पर पहुंचे और उन्होंने मुशर्रफ को अपनी कार से इलाज के लिए ले जाने की कोशिश की लेकिन लोगों ने फ्रि से काम कार पर भी हमला कर दिया।

# पुत्री के जन्मदिन के अवसर पर दिया अनोखा उपहार

● हरियाली उपहार देकर देशी आम के पौधें को रोपित किया




**शाहजहाँपुर।** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने अपनी पुत्री सान्वी शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर अपनी पुत्री को हरियाली उपहार देने के उद्देष्य से जैव-विविधता पार्क में निर्धारित शुल्क रुपये 5,100 की धनराशि चेक के माध्यम से भेंट कर देषी आम के पौधें को रोपित किया। नगर आयुक्त ने जन-सामान्य से अपील की। नगर आयुक्त संतोश कुमार षर्मा के निर्देशन में न्यू सिटी ककरा में नगर निगम द्वारा संचालित जैव-विविधता पार्क में एक अनोखी पहल करते हुये 'उपहार उपवन योजना' को पूर्व वर्शो में प्रारम्भ किया गया था। डीएम प्रशासक, पुलिस अधीक्षक, स्वयं नगर आयुक्त सहित प्राषसनिक अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा योजना में सक्रिय रुप से प्रतिभाग करते हुये अपने जन्मदिन व विवाह की वर्शगांठ के अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधों को रोपित किया गया था। इसी श्रीमती वे अपने नगर को स्वच्छ वातावरण दिये जाने हेतु हरे-भरे पौधों को अपने बच्चों के जन्मदिन, विवाह की वर्शगांठ, अपने प्रियजनों एवं अपनों की यादों को सहजने हेतु नगर निगम द्वारा संचालित इस योजना के अन्तर्गत नियमानुसार शुल्क देकर अपने निकटतम स्थित पार्क में पौधों को रोपित किये जाने का आह्वान किया गया, उनके द्वारा यह भी बताया कि इस योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराषि का उपयोग नगर षाहजहॉपुर में स्थित पार्को के उचित रख-रखाव तथा सुरक्षा के लिये किया जायेगा। इस योजना के अन्तर्गत लगाये जाने वाले पौधों की देखरेख व पूर्ण सुरक्षा नगर निगम टीम द्वारा की जायेगी। इससे एक ओर आपका नगर स्वच्छ वातावरण व हरियाली की ओर विकसित होगा, तो वही दूसरी ओर आने वाली पीढियों के लिये रोपित किया गया पौधा एक यादगार पल भी साबित होगा।

## डीएम-एसपी ने कारागार का किया निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी।** कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफसफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए सोमवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। पाकशाला, जेल चिकित्सालय व कारागार की बैरकों का निरीक्षण किया। डीएम.एसपी ने सभी बैरकों में प्रवेश करके गहनता के साथ जांच.पड़ताल किया। आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिला। डीएम ने मुकम्मल साफसफाई के साथ ही सभी बैरकों में सतत निगरानी का भी निर्देश दिया। डीएम.एसपी ने बंदियों का हालचाल जाना, खाने.पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की, जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने स्वयं भोजन की गुणवत्ता देखी। विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफसफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफसफाई बनाए रखी जाए। डीएम एसपी ने जेल के बैरक, पाकशाला, अस्पताल आदि का निरीक्षण किया।

# डीएम ने की निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की प्रगति की गहन समीक्षा

● मेडिकल कालेज निर्माण व्यापक जनहित की परियोजना, अनावश्यक लेटलतीफी पर तय होगी जवाबदेही रू डीएम



**लखीमपुर खीरी।** जिले में बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं को विकसित करने के उद्देश्य से सोमवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की प्रगति की समीक्षा की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की सुस्त गति पर कड़ी नाराजगी जताई। इनका गुणवत्तापरक निर्माण तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। मेडिकल कालेज निर्माण परियोजना व्यापक जनहित की हैं। इनमें किसी भी दशा में विलंब स्वीकार नहीं है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर जोर दिया। निर्माण कार्यों में अनावश्यक लेटलतीफी पर जवाबदेही तय की जाएगी। कहीं कोई समस्या आ रही हो तो उन्हें एवं सीडीओ को जानकारी दें।

समीक्षा बैठक में डीएम ने मेडिकल कॉलेज के अस्पताल भवन विंग.एए विंग.बी, विंग.सी, रेजीडेंट डॉक्टर हॉस्टल, नर्स हॉस्पिटल, मेडिकल कॉलेज परिसर निर्माण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की एवं संबंधित को दिशा निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान उत्तरदायित्व अफ्सरों ने बताया कि अस्पताल भवन विंग.डी ब्लॉक में वर्तमान में कार्यरत सिटी स्कैन की शिफ्टिंग का प्रस्ताव प्रमुख सचिवए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य उप्र शासन में लंबित हैए जिसके कारण शिफ्टिंग का कार्य नहीं किया जा सका। डीएम ने सीएमओ, सीएमएस (पुरुष) को निर्देश दिए कि व्यक्तिगत प्रयास कर प्रेषित प्रस्ताव का यथाशीघ्र निस्तारण कराएं। बैठक में सीएमएस डॉ ज्योति मल्होत्रा ने अवगत कराया कि मेडिकल कॉलेज निर्माण के चलते जिला महिला अस्पताल परिसर में जलभराव हो रहाए जिससे गर्भवतीए धात्री महिलाओं को निकलने में असुविधा हो रही।

## दोस्तों के बीच विवाद, फायरिंग दुकानदार घायल

**बरेली।** किसी बात को लेकर दो दोस्तों में विवाद होने पर एक ने दूसरे पर फायरिंग कर दी जिस से कुछ ही दूरी पर दुकान पर बैठा दुकानदार छर्रे लगने से वह घायल हो गया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों को हिरासत में ले लिया । प्रेमनगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला जाटवपुरा के रहने वाले आत्माराम बीती रात अपनी परचून की दुकान पर बैठे थे ऊंची दूरी पर सड़क पर मौजूद जतिन सैनी और दीपक के बीच किसी बात को लेकर विवाद होने लगा इसी दौरान जतिन सैनी ने दीपक पर फायर कर दिया फायर आत्माराम की पीठ पर जाकर लगा फायर की आवाज सुनते मोहल्ले में खलबली मच गई लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को सूचना दी कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आत्माराम को जिला अस्पताल भिजवाया ।प्रेमनगर इंस्पेक्टर राजेश सिंह ने बताया कि दुकानदार आत्माराम को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है हालांकि अभी पुष्टि नहीं हो रही है।

## क्विक न्यूज

### विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने नगर के सदर चौराहे पर किया कांवड़ियों का स्वागत

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** सोमवार को नगर के सदर अशोक चौराहे पर नगर पालिका व विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नगर संयोजक डॉ पीयूष शुक्ला, राजीव शर्मा सुरक्षा प्रमुख बजरंग दलध् विहीप के नगर मंत्री सुभाष मिश्रा व संगठन के तमाम पदाधिकारी व स्वयं सेवकों ने पुष्प वर्षा कर छोटी काशी में सुदूर तीर्थ स्थलों से गोला काशी में जलाभिषेक करने पधारे कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया। प्रमुख रूप से पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रुघ्न मिश्रा, राज प्रताप सिंह भादौरिया, विद्यार्थी संपर्क प्रमुख, रवि सक्सेना (नगर सह मंत्री विहिप), अजीत वर्मा प्रमुख कार्यकर्ता (बजरंग दल), लकी शुक्ला (बजरंग दल), सौरभ सिंह चौहान (ज़िला सह संयोजक गौसेवा) आरएसएस, विजय प्रकाश मिश्रा, सुरजीत मौर्य, साहिल तिवारी, शिवाकांत भारतीए राधे वर्मा, आशीर्वाद मिश्रा, धीरज बाजपेयी, लवजोत सिंह, प्रेरक अवस्थी, विशाल वर्मा, दीपक राठौर, प्रशांत गुप्ता, आयुष पटेल, प्रशांत वर्मा, प्राशु वर्मा, अनमोल शुक्ला, नवनीत शर्मा, प्रशांत वर्मा, आदर्श वर्मा, काके सहगल, अमित गुप्ता, निखिल सिंह, शिबांशु सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



### पीड़ित परिवारों से मिले सांसद, मंत्री और विधायक

**बरेली ।** बरेली के जोगी नवादा में हुए कांवड़ यात्रा को लेकर बवाल के बाद जानकारी के अनुसार कार्यवाही करते हुए पुलिस ने कुछ कांवड़ियों को हिरासत में लिया है, वहीं पुलिस द्वारा किये गए लाठीचार्ज के दौरान कांवड़ यात्रा से संबंधित कुछ लोग घायल भी हुए हैं। इसके बाद जहां शहर में चर्चाओं का बाजार भी गर्म है इसी बीच कैंट विधायक, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल , वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार और महापौर उमेश गौतम ने क्षेत्र में पहुंचकर लोगों का हाल चाल जाना है, तथा अस्पताल में भर्ती पीड़ित महिला को देखने पहुंचे तथा डॉक्टर से वार्ता कर हर संभव मदद के लिए आश्वासन दिया। इससे पहले कल जैसे ही सभी जनप्रतिनिधियों को यह जानकारी हुई कि कांवरियों पर लाठीचार्ज कर हिरासत में ले लिया है तो तुरंत रात्रि में सभी जनप्रतिनिधियों संतोष गंगवार पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद, कैंट विधायक प्रदेश सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, वन एवं पर्यावरण मंत्री अरूण कुमार सक्सेना ने अधिकारियों से बात कर सभी कांवरियों को ससम्मान घर पहुंचाया तथा इस प्रशासनिक चूक में लिप्त पुलिस अधिकारी पर कार्रवाई करवाई तथा सुबह सभी जन- प्रतिनिधि ने घटनास्थल पर पहुंच कर क्षेत्रीय लोगों से वार्ता कर उन्हें आश्वासन दिया कि आपके खिलाफकोई कार्यवाही नहीं होगी आप सभी शान्ति बनाए रखें , कैंट विधायक ने कहा जब प्रदेश के मुखिया जब कांवरियों पर पुष्प बर्षा कर रहे तो भोले बाबा के भक्तों पर अत्याचार नहीं हो सकता और जो भी ऐसा करेगा उसके खिलाफशख्त से शख्त कार्यवाही की जाएगी। घटना स्थल पर जाने वालों में कैंट विधायक संजीव अग्रवाल वन एवं पर्यावरण मंत्री अरूण कुमार सक्सेना, मेयर उमेश गौतम अनिल सक्सेना आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### गैस पाइपलाइन के लिए खोदे गड्ढे में डूबकर छात्र की मौत

बरेली। गैस पाइप लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे में डूबकर तीसरी कक्षा के छात्र की मौत हो गई छात्र बकरी चराते हुए गड्ढे के पास पहुंचा था इसके बाद वह लापता हो गया आज सुबह उसका शव गड्ढे में मिला पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार्रवाई शुरू कर दी ।कैंट थाना क्षेत्र के शिवनगर निवासी राजेंद्र का 9 वर्षीय बेटा राहुल प्राथमिक विद्यालय शिवनगर में कक्षा तीन का छात्र था वह शनिवार दोपहर घर की पालतू बकरियों को चराने के लिए घर से बाहर ले गया था बकरी चराते हुए वह घर से लगभग 200 मीटर दूर गैस पाइप लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे के पास पहुंचा था इसके बाद वह लापता हो गया जब काफी देर तक वह घर वापस नहीं आया तो परिजनों की उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला घटना की जानकारी पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर आकर जांच पड़ताल की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला आज सुबह लगभग नौ बजे मृतक के पड़ोसी राम प्रकाश ने पाइप लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे में राहुल का शव देखा तो उसने राहुल के परिवार वालों को सूचना दी जो तुरंत मौके पर पहुंचे और लोगों की मदद से शव को गड्ढे से बाहर निकाला किसान यूनियन के नेता हुरेश की सूचना पर कैंट पुलिस भी पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा इंस्पेक्टर बलवीर सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी ।

### बैंकिंग शाखा का उद्घाटन

गोरखपुर। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश राज्य के सलेमगढ़ गोरखपुर शहर में अपने बैंकिंग शाखा का उद्घाटन किया। इस लॉन्च के साथ बिहार राज्य में 133 शाखाएं और देश के 26 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में फैली 854 शाखाओं तक पहुंच गया है। इस अवसर पर गोविंद सिंह एमडी और सीईओ ने कहा उत्तर प्रदेश हमारे लिए एक महत्वपूर्ण राज्य है। इन बैंकिंग शाखा के लॉन्च से स्थानीय समुदाय की उद्यमशीलता की भावना का समर्थन और निर्माण करने में मदद मिलेगी। यह स्थानीय समुदाय को एक ऐसे विकल्प पर विचार करने का अवसर देता है जो न केवल उनके वित्तीय विश्वास के निर्माण में मदद करता हैए बल्कि रोजगार और उपलब्धि के वातावरण के निर्माण के लिए एक समर्थक के रूप में भी कार्य करता है।

### अभासाप की वैचारिक संगोष्ठी आयोजित

गोला गोकर्णनाथ खीरी। अखिल भारतीय साहित्य परिषद अवध प्रांत की लखीमपुर खीरी जिला इकाई की वैचारिक संगोष्ठी नगर के जीवन लाल कमला देवी कन्या महाविद्यालय में रविवार को संपन्न हुई। जिसमें साहित्य परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील चंद्र त्रिवेदीध्राष्ट्रीय महामंत्रीए राष्ट्रधर्म के प्रबंधक पवन व पुत्र बादलए प्रांतीय महामंत्री द्वारिका प्रसाद रस्तोगी ने गोला नगर के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता महेश कुमार पटवारी को उनकी सामाजिक सेवाओं के लिए फूल माला और अंग वस्त्र पहना कर सम्मानित किया। मंचासीन विद्या भूषण पूर्व प्राचार्य डॉक्टर ओपी मिश्र और साहित्य भूषण डॉ उमाशंकर शुक्ल के पावन संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन डॉ वेद प्रकाश अग्निहोत्री ने किया।



### सेवाओं का विस्तार

सुल्तानपुर। कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में अपना रिटेल स्टोर खोलने की घोषणा की है। ब्रांड का 1200 वर्ग फुट क्षेत्रफल में फैला यह स्टोर गोलाघाट सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश में स्थित है।स्टोर के उद्घाटन पर टिप्पणी करते हुए कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक दीपक बंसल ने कहा हमें सुल्तानपुर में अपने नए रिटेल स्टोर के लॉन्च की घोषणा करते हुए बेहद खुशी महसूस हो रही है। एक ब्रांड के रूप में कैंटाबिल रिटेल को सभी आयु समूहों के मिड.प्रीमियम सेगमेंट मेंए ग्राहकों के बीच अच्छी तरह से स्वीकारा और सराहा गया है।

## बीडीए ने अवैध कालोनियों के विरूद्व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की

**बरेली।** प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम द्वारा ग्राम पहाड़गंज रोड पर अवैध कालोनियों के विरूद्व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी जिसमे शिवमंगल सिंह द्वारा ग्राम पहाड़गंज के निकट लगभग 12 बीघा क्षेत्रफ्ल में अवैध रूप से कालोनी का निर्माणध्विकास कार्य करते हुए सड़क, नाली, विद्युत पोल, साईट ऑफ्सि एवं भूखण्डों का चिन्हांकन का कार्य किया जा रहा था। दूसरा वजीरूददीन द्वारा पहाड़गंज पर ग्राम पहाड़गंज लगभग 8 बीघा क्षेत्रफ्ल में अवैध रूप से कालोनी का निर्माणध्विकास कार्य करते हुए नाली, विद्युत पोल एवं भूखण्डों का चिन्हांकन का कार्य किया जा रहा था। तीसरा अकीलउददीन चन्द्र ग्राम पहाड़गंज पर ग्राम पहाड़गंज पर लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से कालोनी का निर्माण/विकास कार्य करते हुए सड़क, साईट ऑफ्सि, बाउन्ड्रीवाल एवं भूखण्डों का चिन्हांकन का कार्य किया जा रहा था।

# आईजी अचानक पहुंच गए सीतापुर, परखीं व्यवस्थाएं

● पुलिस अधीक्षक परिसर में रोपा पौधा

**सीतापुर।** पुलिस विभाग की हकीकत परखने के लिए आईजी रेंज लखनऊ तरूण गाबा सोमवार अचानक सीतापुर पहुंच गए। जिसके बाद अधिकारियों और पुलिस कर्मियों में हड़कम्प मच गया। कोतवालियों में तैनात इंस्पेक्टर और उपनिरीक्षक कॉल पर कॉल करके यह पता करने में लग गए कि कहीं आईजी रेंज तरूण गाबा उनकी कोतवाली या चौकी क्षेत्र में तो नहीं आ रहे। आईजी रेंज लखनऊ तरूण गाबा किसी थाना कोतवाली में जाने के बजाय सीधे एसपी ऑफ्सि पहुंच गए और इस दौरान सबसे पहले जनसुनवाई पटल को देखा। मौजूद पुलिस कर्मियों से आवश्यक जानकारियां ली उसके बाद अधिकारियों के संग बैठक कर शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्वेंशन, ऑपरेशन दृष्टि, अपराधों, जनसुनवाई पोर्टल, आईजीआरएस के बिन्दुओं पर करीब डेढ़ घंटे तक गहन समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद आबंटित कक्ष का निरीक्षण करते हुए पुलिस कार्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एन.पी. सिंह, सीओ सदर सुशील कुमार सिंह, सीओ सिटी राजू कुमार साव आदि मौजूद रहे। बताते चलें कि आईजी रेंज लखनऊ तरूण गाबा के औचक निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक मौजूद नहीं थे दरअसल बरेली में कांवड़ियों पर लाठी चार्ज के मामले में हटाए गए बरेली के एसएसपी प्रभाकर चौधरी के बाद सीतापुर के एसपी घुले सुशील चन्द्रभान को बरेली का नया एसएसपी बनाया गया है। शासन स्तर से चक्रेश मिश्र सीतापुर के नये एसपी बनाए गए हैं, लेकिन उन्होंनें अभी पदभार ग्रहण नहीं किया है।

# खीरी में हुआ सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का समापन



**लखीमपुर खीरी।** मुख्य सचिवए उप्र शासन द्वारा दिए निर्देशों के अनुपालन में जनपद खीरी में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पखवाड़ा के 15वॉं (अंतिम दिवस) सड़क सुरक्षा के तहत सोमवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा समापन कार्यक्रम लखीमपुर में स्थापित सेंट डॉन बास्को कालेज में परिवहन विभाग द्वारा कालेज प्रबन्धन से सम्पर्क स्थापित कर जनपद के परिवहन निगम, माध्यमिक शिक्षा, पुलिस, शिक्षा विभाग, लोनिवि एवं सूचना विभाग के सहयोग से किया।

उक्त कार्यक्रम में कालेज के शिक्षारत छात्र.छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों;सड़क सुरक्षा स्लोगन गीत पर नृत्य एवं सड़क सुरक्षा नाटकद्ध ने अपनी कलां प्रस्तुति दी। जिसके माध्यम से यह दर्शाया कि मनुष्य जीवन बहुमूल्य हैए इसकी सुरक्षा स्वयं करनी चाहिए। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का हमेशा प्रयोग करें, जरा सी लापरवाही आपके जीवन को नष्ट कर सकती है। साथ ही नियंत्रित एवं हल्की गति से वाहन चलाने हेतु अपील की।

एआरटीओ (प्रशासन/प्रवर्तन) न कुमार ने उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए एवं लाइव प्रसारण के माध्यम से सड़क सुरक्षा के नियमों एवं संकेतों की जानकारी उपलब्ध कराते हुए उपस्थित छा्त्र.छात्रओं एवं शिक्षकों आदि को सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के प्रति की भूमिका के बारे में अवगत कराया। साथ ही अपील की कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मद्द कर आप किसी के घर का दीपक बुझने से बचा सकते हैं। डीआईओएस डॉ महेन्द्र प्रताप सिंह ने सड़क सुरक्षा की जानकारी उपलब्ध कराते हुए वाहन चालकों को रात्रि में हेडलाइट के हाई बीमए लो बीम के प्रयोग के सम्बन्ध में सावधानी बरतने के सम्बन्ध में जागरूक किया। सेंट डॉन बास्को कालेज़ प्रधानाचार्य फादर डिसूज़ा ने सड़क सुरक्षा के प्रति छात्र/छात्राओं को जागरूक करते हुए अपील की कि यदि किसी भी बच्चे के परिवार के कोई भी सदस्य द्वारा बिना हेलमेटए बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाया जा रहा है तो उस बच्चे को चाहिए वह तुरन्त हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाये जाने हेतु अवश्य टोके। इसी के साथ जिन छात्र .छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित नृत्य, नाटक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

# चिकित्साधिकारी और कर्मचारी तैनाती स्थल पर ही रात्रि विश्राम करें

● खराब प्रदर्शन करने वाली तीन आशाओं की सेवा समाप्त




**शाहजहांपुर।** डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में टास्क फोर्स, मिशन इंद्रधनुष तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान व नियमित टीकाकरण की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। डीएम ने विभिन्न कार्यक्रमों में खराब प्रगति वाले प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए कि वह प्रदर्शन में सुधार करें तथा योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा भी करें। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड बनाए जाने की खराब प्रगति पर डीएम ने आयुष्मान भारत योजना के जिला समन्वयक योगेंद्र सक्सेना को निर्देश दिए कि 04 दिन के भीतर सुधार करें अन्यथा की दशा में कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। पंचायत सहायकों से समन्वय स्थापित करते हुये लक्ष्य के अनुसार लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड समय से जारी कराया जाना सुनिश्चित करें। डीएम ने खसरा रूबेला का शत प्रतिशत टीकाकरण पूर्ण करने हेतु निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। डीएम ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, परिवार नियोजन, जननी सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों की भी समीक्षा की।

मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम जो कि तीन राउंड आयोजित किए जाने हैं - अगस्त 7 से 12, सितंबर 11 से 16 और अक्टूबर 9 से 14 2023 में मिशन इद्रधनुश के अन्तर्गत टीकाकरण हेतु सघन अभियान चलाया जायेगा। डीएम ने खसरा रूबेला टीकाकरण अभियान की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि माइक्रो प्लान के अनुसार सभी बच्चों को समय से टीकाकरण किया जाये। 05 वर्ष तक के सभी बच्चों को खसरा रूबेला का टीककरण शतप्रतिशत करना सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि अभियान के दौरान प्रशिक्षित स्टाफ की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाये। डीएम ने सीएमओ को निर्देशित करते हुये कहा कि एमओआईसी के कार्या का 04 दिन में रिव्यू करें। डीएम ने कड़े निर्देश दिए कि सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं कर्मचारी अपने तैनाती स्थल पर ही अनिवार्य रूप से रात्रि विश्राम करें। इसका औचक निरीक्षण कराया जाएगा यदि कोई दोषी पाया जाता है तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी को गंभीरता पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश देते हुए कहा कि लापरवाही करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात सफाई कर्मचारियों की लोकेशन लेने हेतु भी निर्देशित किया। साथ ही डीएम ने डीपीआरओ को निर्देश दिये कि वह बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का भी भ्रमण करें।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु भी निर्देशित किया। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने हेतु निर्देश दिये। सभी संबंधित अधिकारी शासनादेश में दिये गये निर्देशो का पूर्णतया पालन सुनिश्चित करें। विद्यालय परिसर एवं चिकित्सालय परिसर में व्यापक रूप से अभियान चलाये जाने के निर्देश डीएम ने दिये। लोगो का स्वच्छ आदते अपनाये जाने हेतु प्रेरित किया जाये तथा संचारी रोगो के बचाव के विषय में जानकारी दी जाये। डीएम ने मच्छरों पर प्रभावी नियंत्रण तथा सफाई का उचित प्रबन्ध भी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उप्र राज्य में जन्म मृत्यु पंजीकरण की जनपद स्तरीय अंतर विभागीय समन्वय समिति की समीक्षा के दौरान डीएम के समक्ष श्रीराम किशोर गौतम ने आंकड़ों के जिला स्तरीय स्वास्थ मापदंडों का प्रस्तुतीकरण किया साथ ही जन्म मृत्यु के आंकड़ों को भी जनपद में ग्राम पंचायत, सामुदायिक स्वास्थ केंद्र तथा नगरीय स्तर पर पंजीकरण के सन्दर्भ में प्रस्तुत किया।

# ग्राहकों से सीधे मुंह बात नहीं करते बैंक प्रबंधक

● शाखा प्रबंधक पर ग्राहकों ने जड़े गम्भीर आरोप

**सीतापुर।** सकरन थाना क्षेत्र अन्तर्गत आर्यावर्त बैंक शाखा मरोड़ में इन दिनों अव्यवस्थाओं की भरमार है। आरोप है कि खाताधारक जब शाखा में अपनी जमा रकम की निकासी नकद जमा करने के लिए अथवा यह जानकारी करने के लिए कि उनके खाते में भेजी गई राशि पहुंची है या नहीं इस पर बैंक के अधिकारी कोई संतोषजनक जवाब देने के बजाय अभद्रता और नकारात्मक व्यवहार करते है। ऐसे में खाता धारकों को कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। जमा-निकासी के लिए खाता धारकों को कई कई दिन चक्कर लगाने पड़ रहे है। आरोप है कि यह समस्या जब से यहां शाखा प्रबंधक के पद पर हिमांशु श्रीवास्तव आए हैं तब से उत्पन्न हो गई है। सोमवार को भी खाता धारकों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बताते चलें कि आर्यावर्त की बैंक शाखा मरोड़ में आस पास की 7 ग्राम पंचायतों के करीब 150 मजरों के वाशिंदों ने अपना खाता खुलवा रखा है। जिससे बैंक में अक्सर भीड़ भी लगी रहती है। प्रकरण में आर्यावर्त शाखा मरोड़ के प्रबंधक हिमांशु श्रीवास्तव से जानना चाहा गया तो उन्होने कुछ भी बोलने से इनकार करते हुए कहा कि इस समय हम कोई बात नहीं करेंगे।

# बुंदेलखण्ड के विकास के प्रति सरकार पूर्ण रूप से है समर्पितः राजा बुंदेला

●राजा बुंदेला ने सीएम योगी से की मुलाकात

●कालपी में होगा व्यास महोत्सव का आयोजन



**संवाददाता।** उरई, जालौन

**बुन्देलखण्ड** विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष व फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला ने प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की व बुन्देलखण्ड के विकास को लेकर व्यापक चर्चा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि सरकार बुन्देलखण्ड में रोजगार के अवसर विकसित करना चाहती है जिसका प्रत्यक्ष उद्धरण डिफेंस कोरिडोर है।

राजा बुंदेला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए कहा कि बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे के बन जाने की वजह अब विकास के नए रास्ते विकसित होंगे व धर्म नगरी तीर्थस्थल चित्रकूट में पर्यटन बढ़ेगा। इस मौके पर राजा बुंदेला ने चित्रकूट को अयोध्या की तरह ही विकसित रखने का भी प्रस्ताव रखा। प्रौढ़ शिक्षा के क्षेत्र में विकास लिए बुन्देलखण्ड में नए कालेज स्थापित करने के लिऐ भी सरकार की तरफ से आश्वासन दिया गया है। चिकित्सीय क्षेत्र में मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया की सरकार बुन्देलखण्ड के हर जिले में राजकीय मेडिकल कालेज विकसित कर रही है व जनपद जालौन, बांदा, झांसी में विकसित राजकीय मेडिकल कालेज प्रांगण में नर्सिंग कालेज स्थापित कर रही है इसके साथ ही साथ जनपद ललितपुर में राजकीय मेडिकल कालेज जल्द पूरी तरह से शुरू हो जाएगा।

राजा बुंदेला ने बताया कि सितंबर माह में बुन्देलखण्ड के ओरछा धाम में होने वाले लिट्रेचर फेस्टिवल के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आमंत्रित किया है। उन्होंने आमंत्रण को स्वीकारते हुए समापन व उदघाटन में पधारने का आश्वासन दिया है। बुन्देलखण्ड के प्रवेश द्वार कालपी जो कि एक ऐतिहासिक नगरी के रूप में विख्यात है। वहां पर भव्य व्यास महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

# डीएम-एसपी ने रगौली जेल का निरीक्षण कर परखीं व्यवस्थाएं



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान डीएम ने जेल अधीक्षक से कारागार की सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने एवं सीसीटीवी लगातार चालू रखने के कड़े निर्देश दिये।

सोमवार को निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार में पृथकवास-एक, हाता नं-दो, पाठशाला व राशन स्टोर का निरीक्षण किया। उन्होंने जेल में निरुद्ध कैदियों से ख़ान-पान के बारे में जानकारी ली एवं प्रभारी जिला कारागार को निर्देशित किया कि मीनू के हिसाब से खाना दिया जाए। जिलाधिकारी ने पृथक वास में निरुद्ध कैदियों की तलाशी कराई गई। उन्होंने अधीक्षक जिला कारागार को निर्देश दिए कि हाई सिक्योरिटी की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। लगातार सीसीटीवी कैमरे संचालित रहे यह सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रभारी जिला कारागार को निर्देश दिए की कारागार में निरुद्ध कैदियों के बीच-बीच में स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक करें एवं दवाएं भी सुनिश्चित कराएं। इसके अलावा जो बाहर से कैदी चित्रकूट कारागार में स्थानांतरित किए गए हैं उन सभी कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य किया जाए।

# मत्तगजेंद्रनाथ मन्दिर में उमड़ा शिव भक्तों का सैलाब

●कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में शिवभक्तों ने किया भोलेनाथ का अभिषेक

**संवाददाता।** चित्रकूट





**पुरुषोत्तम** मास के सोमवार को रामघाट स्थित मत्तगजेंद्रनाथ मन्दिर में श्रद्धालुओं की भीड उमड़ पड़ी। हर-हर महादेव से धर्मनगरी तड़के तीन बजे से गूंज रही है। भगवान शिव पर जलाभिषेक को श्रद्धालु लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। भीड़ को नियंत्रित करने को भारी पुलिस बल तैनात है।

सोमवार को तड़के तीन बजे से ही शिव भक्त मत्तगजेंद्र नाथ जलाभिषेक को पहुंच गये। मंदिर के पुजारी विपिन तिवारी एवं प्रदीप महाराज ने बताया कि मंदाकिनी के रामघाट स्थित इस मंदिर में स्थापित शिवलिंग को स्वयं भगवान ब्राम्हा ने सृष्टि रचना से पूर्व प्रतिष्ठापित किया था। सावव व अधिमास में देश भर से लाखों श्रद्धालु चित्रकूट पहुंचकर माता सती अनुसुईया के तपोबल से प्रकटी मां मंदाकिनी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद चित्रकूट के क्षेत्रपालक भगवान स्वामी मत्तगजेंद्र नाथ का जलाभिषेक करते है। उन्होंने बताया कि चित्रकूट में श्रद्धालुओं की बढ़ी संख्या को देखते हुए जिलाधिकारी अभिषंक आनंद एवं एसपी वृंदा शुक्ला द्वारा मेला परिक्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

## सावन के चौथे सोमवार को शिवालयों में बम-बम भोले की रही गूंज

**जालौन, उरई।** सावन के चौथे सोमवार को ग्राम रूरा मल्लू में भगवान शंकर का रुद्राभिषेक किया गया। इसके उपरांत गांव में स्थित मंदिरों पर झंडे भी चढ़ाए गए। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में भी भक्तों ने सावन के चौथे सोमवार को भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाए। पंडित अरविंद बाजपेई ने बताया कि रुद्राभिषेक का अर्थ है भगवान रूद्र अर्थात शिव का अभिषेक। सावन के महीने में रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है। ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम रूरा मल्लू स्थित भगवान शंकर के मंदिर पर बृजकिशोर गोस्वामी द्वारा भगवान शंकर का रूद्राभिषेक किया गया। रूद्राभिषेक के बाद भक्त गांव में स्थित सभी मंदिरों पर पहुंचे।



# फतेहपुर में भीषण सड़क हादसा, पांच लोगों की मौत

●कार की ट्रक से हुई आमने सामने टक्कर

●ओवरटेक करते समय हुआ हादसा

**फतेहपुर।** जिले के हुसैनगंज थाना क्षेत्र के लखनऊ-फ्तेहपुर राजमार्ग पर सोमवार को हुए सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। मृतक परिवार अपने दामाद के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिये हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बारहमील गांव जा रहा था। घटना की जानकारी होते ही जिला अधिकारी श्रुति व पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह सहित सभी आला अधिकारियों ने घटनास्थल पहुंच कर जायजा लिया।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर बकरी गांव निवासी दयाशंकर यादव अपनी पत्नी व परिजनों के साथ दामाद के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अल्टो कार से हुसेगंज थाना क्षेत्र के बारहमील गांव जा रहे थे। फ्तेहपुर-लखनऊ राज्यमार्ग पर बेरागढ़ीवा गांव के समीप आल्टो कार की ओवरटेक करते समय सामने से आ रहे ट्रक से सीधी मिड़ंत हो गई। हादसे में कार चालक समेत सभी सवारों की मौके पर मौत हो गई। मृतकों में तीन पुरूष व दो महिलायें शामिल हैं। घटना की जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि बारहमील गांव निवासी प्रमोद यादव (42) पुत्र धर्म सिंह यादव निवासी बारहमील अल्टो कार चला रहा था।

कार में गाजीपुर थाना के पैगंबरपुर गांव निवासी दयाशंकर यादव (68) पुत्र भोला, विजय रनिया (55) पत्नी दयाशंकर, सुदमियां (48) पत्नी शिव शंकर यादव, गोरेलाल (58) पुत्र भोला यादव सवार थे। कार जैसे ही बेरागढ़ीवा गांव के समीप पहुंची तो चालक ने आगे की गाड़ी को गलत दिशा में ओवरटेक किया जिससे सामने से आ रहे ट्रक से सीधी भिड़ंत हो गई।

# राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का हुआ आयोजन, दिलाई गई शपथ

**कानपुर देहात।** पंडित चंद्रिका प्रसाद इंटर कॉलेज पुलिस लाइनए कानपुर देहात में जिला विद्यालय निरीक्षक एवं सह जिला विद्यालय निरीक्षक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपदीय सलाहकार एनटीसीपी के द्वारा तंबाकू धूम्रपान का सेवन एवं उपयोग करने से होने वाली हानियां के विषय में जागरूक किया गया तथा उपस्थित प्रधानाचार्य एवं प्रबंधकों से अनुरोध किया गया कि आप अपने विद्यालय में धारा 4 के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्रों में तंबाकू धूम्रपान का उपयोग ना करने एवं धारा 6इ के अंतर्गत विद्यालय के 100 मीटर के दायरे में कोई भी गुटखा, पान मसाला तंबाकू धूम्रपान से संबंधित दुकान का स्थापित ना होने के विषय में जागरूकता पैदा करें।

विद्यालयों में साइनेज ना लगे होने पर 200 रुपए जुर्माना विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रबंधकों पर लगाया जाएगा। इसके साथ ही संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधकों के द्वारा तंबाकू मुक्त परिसर घोषित करते हुए स्व मूल्यांकन प्रपत्र भरते हुए कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी कानपुर देहात को उपलब्ध कराए जाने हेतु अनुरोध किया गया। उपस्थित समस्त प्रधानाचार्य एवं प्रबंधकों को तंबाकू धूम्रपान का उपयोग ना करने हेतु शपथ दिलाई गईए यह शपथ समस्त विद्यालयों में प्रार्थना के समय भी उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को दिलाए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# उद्यमियों की समस्याओं का अधिकारी समय से करें निस्तारणः जिलाधिकारी

●उद्योग बंधु की बैठक को डीएम नेहा जैन ने किया संबोधित

**संवाददाता।** कानपुर देहात





**जिलाधिकारी** नेहा जैन की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में उद्यमियों द्वारा विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया, जिसमें नबीपुर में अण्डरपास के स्थान पर एलीवेटेड वाइपास बनाने की मांग की गयी जिस पर डीएम ने परियोजना निदेशक, एनएचआई को निर्देशित किया कि प्रकरण की सम्पूर्ण आख्या उपलब्ध करायी जाये। रनियां औद्योगिक क्षेत्र में सर्विसरोड़ से विद्युत पोल स्थानान्तरित कराये जाने की मांग की गयी। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा एनएचआई व विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराया जाये। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में फायर स्टेशन बनाने के सम्बन्ध में मुख्य अग्निशमन अधिकारी को अगली बैठक में सम्यक जानकारी व अद्यतन प्रगति के साथ उपस्थित होने को कहा। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में भूमाफिया द्वारा कब्जे के सम्बन्ध में तहसीलदार अकबरपुर को निर्देशित किया कि जमीन की पैमाइश कराकर कब्जा मुक्त करायें।

## कायाकल्प योजना के लिये बैठक का आयोजन

**रसूलाबाद, कानपुर देहात।** जनपद की जिलाधिकारी नेहा जैन के निर्देश पर तहसील सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य कायाकल्प योजना को आगे बढ़ाना था। निपुण भारत अभियान व एमडीएम योजना का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन विद्यालयों में कायाकल्प के 19 पैरामीटर्स को संतृप्त करने की कार्य योजना पर बृहद रूप से चर्चा की गई। जहां एसडीएम नीलिमा यादव द्वारा कायाकल्प में बाउंड्री वॉल का पैरामीटर्स पूर्ण न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए एडीओ पंचायत को अति शीघ्र समस्त विद्यालयों में बाउंड्री वॉल पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

## क्विक न्यूज

### शौच के लिए खेत में गई महिला की गोली मारकर हत्या

**फर्रुखाबाद।** आदर्श मऊ दरवाजा थाना क्षेत्र में आज अपने घर से शौच के लिए खेत में गई एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम गुतासी निवासी अरुण गंगवार की पत्नी गीता उम्र करीब 45 वर्षीय तड़के अपने घर से शौच के लिए गांव समीपवर्ती खेत पर गई थीऔर यह महिला काफी देर तक जब घर वापस नहीं आई तो उसका पुत्र आयर्न एवं पति महिला को खोजने के लिए खेतों की ओर गये। जहां एक खेत में उसके परिजनों ने महिला को खून से लथपथ पड़ा देखा। इसके बाद घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फ्तेहगढ़ को भिजवाया।

### पुलिस उपनिरीक्षक निलंबित तथा चार आरक्षी लाइन हाजिर

**फर्रुखाबाद।** कंपिल थाना के उपनिरीक्षक बलवीर सिंह को ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने के मामले में निलंबित तथा इसी थाने के चार पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया। यह जानकारी पुलिस प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि जिले के कंपिल थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी सिवारा इंचार्ज उपनिरीक्षक बलवीर सिंह ने 23, 24 जुलाई की रात्रि में अवैध मिट्टी से लदी एक ट्रैक्टर ट्राली को धर पकड़ा और उच्चाधिकारियों को सूचना नहीं दी। इसके बाद इस अवैध मिट्टी से लदी ट्राली ट्रैक्टर को अपने स्तर पर छोड़ दिया। इस कार्य में थाने के पुलिस कर्मियों में रोहित शुक्ला, फूल सिंह, सचिन गौड़ तथा राहुल चौहान भी शामिल थे। पुलिस प्रवक्ता ने आगे बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने, आज ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने के मामले में कंपिल थाना के सिवारा पुलिस चौकी इंचार्ज बलबीर सिंह को निलंबित कर दिया तथा चार पुलिसकर्मी रोहित शुक्ला, फूल सिंह, सचिन गौड,तथा राहुल चौहान को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

### शिक्षिका को धमकी को पुलिस ने शुरू की जांच पड़ताल

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय परछा में छात्र की पिटाई करने से नाराज परिवारिजनों द्वारा शिक्षिका को रास्ते में रोक कर मारपीट की धमकी व पुलिस में शिकायत करने पर निर्वस्त्र कर गांव में घुमाने की धमकी पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी है। पुलिस के अनुसार शिक्षिका सायमा सफी ने पुलिस को बताया कि वह गांव परछा के जूनियर हाई स्कूल विद्यालय में अध्यापक पद पर कार्य करती है। सोमवार को जब वह कक्षा में बच्चों को पढ़ा रही थी तभी एक बच्चे द्वारा शैतानी करने पर उसने बच्चे को डांट कर समझाया और बच्चों को पढ़ाने लगी। शिक्षिका की डांट से नाराज बच्चे ने यह बात अपने परिजनों को बताई जिससे आक्रोशित परिजनों शहीद खान पुत्र हमीद खान, गुल्फिशा बानो, शब्बीर, तौकीर व वसीम पुत्र गण हमीद खां आदि ने विद्यालय से घर जाते समय उसका रास्ता रोक उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दी और इस घटना की शिकायत पुलिस से करने पर आरोपियों ने उसे गांव में निर्वस्त्र घुमाने की चेतावनी भी दी है।

### उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत

**गोरखपुर।** इमामी एग्रोटेक लिमिटेड इमामी ग्रुप की खाद्य तेल एवं खाद्य.निर्माण इकाईए ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल के दामों में आई गिरावट का लाभ अपने उपभोक्ताओं तक पहुंचाया है। कंपनी ने अपने लोकप्रिय खाद्य तेल ब्रैंड्स इमामी हेल्दी एंड टेस्टी और हिमानी बेस्ट चॉइस की एमआरपी में कटौती की है। जुलाई 2022 से लगातार 12 महीनों की अवधि में खाद्य तेलों की कीमतें 35.40 प्रतिशत तक घटाई गई हैं। सीईओ सुधाकर देसाई ने कहा भारत 24.25 मिलियन टन की अपनी सालाना खाद्य तेलों की खपत का करीब 56 फीसदी आयात करता है। पिछले एक साल मेंए एमआरपी में गिरावट 35 से 40 फीसदी के बीच रही हैए जिससे उपभोक्ताओं को बेहद जरूरी राहत मिली।

### न्यायिक अधिकारियों ने छात्राओं से किया सीधा संवाद

**कालपी, जालौन।** सोमवार को राष्ट्रीय महिला आयोग एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में महिलाओं के संरक्षण के विषय में जनपद की कुटुंब न्यायधीश अमृता शुक्ला की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया इस मौके पर न्यायिक अधिकारियों तथा विशेषज्ञों ने छात्राओं को शासन की योजनाओं तथा कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारियां देते हुए जागरूक किया। स्थानीय आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सिविल जज रेनू यादव ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि महिलाओं के अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में सभी लोगों जानकारियां होनी चाहिए उन्होंने बताया कि अगर किसी प्रकार की महिला छात्राओं को परेशानी हो रही हो तो उसकी शिकायत डायल 112, 1090 तथा 1098 में जरूर करें।

# अखिल भारतीय साहित्य परिषद की गोष्ठी में दिखे विविध साहित्य आयाम

● काव्य संगीत और साहित्य की गद्य विधाओं के संगम का अद्भुत अभिनव प्रयोग

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**सामाजिक** परिपेक्ष में साहित्य की भूमिका पर जब मनीषियों का मंथन होता है तो नई विधाएं सामने आती हैं रविवार की शाम अखिल भारतीय साहित्य परिषद की गोष्ठी में भी पहली बार काव्य संगीत और साहित्य की गद्य विधाओं के संगम का अद्भुत अभिनव प्रयोग किया गया इस दौरान साहित्य के साथ-साथ विविध विधाओं के रंगों को समेट कर रखने वाली प्रतिभाओं ने अपनी खूबसूरत अभिव्यक्ति से स्पष्ट कर दिया कि साहित्य की गहराई में अनमोल रतन छुपे हैं जिन्हें तलाशना और तरासना जरूरी है।

गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार प्रेम नारायण दीक्षित ने व मुख्य आतिथ्य सुविचार साहित्यकार एवं अधिवक्ता पंडित यज्ञदत त्रिपाठी ने किया।

देर शाम तक चली गोष्ठी में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवियत्री डॉक्टर माया सिंह माया एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रदेश मंत्री महेश पांडे सहित कई विविध क्षेत्रों से जुड़े सशक्त हस्ताक्षर भी मौजूद रहे। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिला महामंत्री एवं रामचरितमानस मर्मज्ञ सुकवि राम शंकर गौर के आवास पर आयोजित विविध आयामी काव्य गोष्ठी की शुरुआत कवित्री प्रियंका शर्मा की शारदे स्तुति से हुई तत्पश्चात अन्य कवियों ने एक से बढ़कर एक अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। कवियित्री शिखा गर्ग ने भगवान शिव की आराधना को बेहद ही आकर्षक ढंग से प्रस्तुत कर अपनी काव्य प्रतिभा को सामने रखा शिवल्य की ही गूंज है हर एक और देखिए जलाभिषेक से सजल है जग की ओर देखिए।

कवियत्री इंदु विवेक उदैनिया ने कुछ इस ढंग से अपनी रचना पढ़ी, बोलो कभी तो शब्द तोल-तोल बोलिए, रिश्तो को प्रेम के ही सदा भाव तोलिए।

# दो सप्ताह बाद भी हत्या का नहीं हो पाया खुलासा

**मौदहा, हमीरपुर।** ग्राम छिरका में दो सप्ताह पहले हुई गिंदिया की हत्या के मामले में कोतवाली पुलिस आरोपी तक नहीं पहुंच सकी है जबकि कोतवाली प्रभारी इस मामले का अब जल्द खुलासा करने का दावा कर रहे हैं। ग्राम छिरका में रात में अपने दो मासूम बच्चों के साथ घर में सो रही महिला गिंदिया (27) पत्नी कमलेश की उसी के पहचान वाले ने घर में घुसने के बाद मोबाइल फेन को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपी ने गिंदिया के साथ मारपीट कर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी थी। घटना का उसका 5 वर्षीय बेटा आनंद चश्मदीद गवाह है। हालांकि अंधेरे के चलते वह आरोपी को पहचान नहीं सका। घटना के बाद मृतका की मां चुनिया निवासी दरदा जनपद बांदा ने कोतवाली मौदहा में अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कराया था जिस पर पुलिस ने गांव के कुछ लोगों को हिरासत में लेकर मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास शुरू कर दिये थे।

# मोटर साइकिल चोर गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार, पांच बाइकें बरामद



**फर्रुखाबाद।** मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने अंतर्जनपदीय मोटर साइकिल चोर गिरोह के एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से 5 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। जबकि इसका दूसरा साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। यह जानकारी अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मोहम्मदाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह, एसओजी टीम प्रभारी उप निरीक्षक अमित गंगवार तथा सर्विलांस उप निरीक्षक ने अपने दल बल के साथ कोतवाली क्षेत्र में गत रात्रि में मोहम्मदाबाद से नगला बाग राठौरा को जाने वाले मार्ग पर एटा जिले के थाना जसरथपुर ग्राम खैरसैला निवासी अरविंद कुमार को धर दबोचा गया। इसके बाद इसकी निशान देही पर समीपवर्ती एक जंगल में चोरी की छुपा करके रखी गई 5 मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। इस दौरान एक सदस्य चोर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

अपर पुलिस अधीक्षक सिंह ने बताया कि गिरोह के इस पकड़े गये बदमाश ने दिल्ली गाजियाबाद, फिरोजाबाद ,बरेली आदि जनपदों से मोटरसाइकिल चुराकर फर्रुखाबाद लाकर उन्हें बेचकर अपने साथियों में बराबर बराबर धन बांटने की बात पुलिस के समक्ष स्वीकार की

# पेज एक का शेष

## विश्व हिन्दू...

**नीरज** नाम के होम गार्ड की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि जलाए गए वाहन जुलूस का हिस्सा रहे लोगों और पुलिस के थे। एक वीडियो क्लिप में कम से कम चार कारों को जलते हुए देखा जा सकता है। एक अन्य कथित वीडियो में पुलिस की दो क्षतिग्रस्त कारें दिखाई दे रही हैं। क्लिप में गोलियों की आवाज भी सुनी जा सकती है। पुलिस के अनुसार, विश्व हिंदू परिषद की बृज मंडल जलाभिषेक यात्रा को नूंह में खेड़ला मोड़ के पास युवकों के एक समूह ने रोका और पथराव करने लगे। एक अधिकारी ने बताया कि जुलूस में शामिल कम से कम चार कारों में आग भी लगा दी गई। कुछ पुलिस वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। खबरों के मुताबिक, जुलूस में शामिल लोगों ने पलटवार करते हुए उन्हें रोकने वाले युवकों पर पथराव किया। जलाभिषेक यात्रा को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने गुरुग्राम के सिविल लाइंस से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। जुलूस के साथ पुलिस की एक टुकड़ी भी तैनात की गई थी। कुछ दावों के मुताबिक, बल्लभगढ़ में बजरंग दल के एक कार्यकर्ता द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया एक आपत्तिजनक वीडियो झड़प की वजह बना। ऐसी भी खबरें थीं कि राजस्थान में दो मुस्लिम व्यक्तियों की हत्या में वांछित गोरक्षक मोनू मानेसर को जुलूस में शामिल होना था। मानेसर ने एजेंसी को बताया कि उन्होंने विहिप की सलाह पर जुलूस में भाग नहीं लिया, क्योंकि उन्हें डर था कि उनकी उपस्थिति से तनाव पैदा हो सकता है।

## मणिपुर में...

**क्योंकि** उन्होंने महिलाओं को एक तरह से दंगाई भीड़ को सौंप दिया था। सीजेआई ने सुझाव दिया कि अदालत मंगलवार को संघर्षग्रस्त राज्य में स्थिति की निगरानी के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) या पूर्व न्यायाधीशों की एक समिति का गठन कर सकती है। पीठ ने मणिपुर हिंसा पर कई याचिकाओं को मंगलवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। पीठ ने वीडियो मामले में एफआईआर दर्ज करने और इसे एक महीने और तीन दिन के बाद मजिस्ट्रेट अदालत में स्थानांतरित करने में मणिपुर पुलिस की देरी पर सवाल उठाया। इसमें इस बात पर भी चिंता व्यक्त की गई कि महिलाओं को कथित तौर पर पुलिस ने भीड़ को सौंप दिया था। जब अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने प्रश्नों का उत्तर देने के लिए समय मांगा, तो पीठ ने प्रभावित लोगों को हुए नुकसान को ध्यान में रखते हुए राज्य को राहत देने की आवश्यकता पर जोर दिया। कोर्ट ने राज्य सरकार से जातीय हिंसा के कारण राज्य में दर्ज की गई 'शून्य एफआईआर' की संख्या और अब तक हुई गिरफ्तारियों के बारे में विवरण देने को कहा। जीरो एफआईआर किसी भी पुलिस स्टेशन में दर्ज की जा सकती है, भले ही अपराध उसके अधिकार क्षेत्र में हुआ हो या नहीं। न्यायालय ने महिला न्यायाधीशों और डोमेन विशेषज्ञों की एक समिति या महिला और पुरुष दोनों न्यायाधीशों वाली एक समिति के गठन का सुझाव दिया। न्यायालय प्राप्त प्रतिक्रियाओं के आधार पर अपने हस्तक्षेप की सीमा को परिभाषित करेगा। शीर्ष अदालत ने कहा, 'हम यह भी जानना चाहेंगे कि प्रभावित लोगों के लिए राज्य को पुनर्वास के लिए क्या पैकेज दिया जा रहा है।' जाने-माने वकील कपिल सिब्बल ने दोनों महिलाओं का प्रतिनिधित्व किया और मणिपुर सरकार द्वारा मामला दर्ज करने में महत्वपूर्ण देरी पर प्रकाश डाला।

## विपक्ष अपने...

**रमेश** ने आरोप लगाया, विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दल मणिपुर पर चर्चा से भाग नहीं रहे हैं। दरअसल, प्रधानमंत्री ही राज्यसभा में बयान देने से भाग रहे हैं। विपक्षी दल मानसून सत्र के पहले दिन से ही मणिपुर में जातीय हिंसा के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से संसद में वक्तव्य देने और चर्चा कराए जाने की मांग कर रहे हैं। इस मुद्दे पर हंगामे के कारण दोनों सदनों में कार्यवाही बाधित रही है। कांग्रेस ने मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर संसद में जारी गतिरोध के बीच बुधवार, 26 जुलाई को लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था, जिस पर सदन में चर्चा के लिए मंजूरी दे दी गई थी। उस दिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा था कि वह सभी दलों के नेताओं से बातचीत करने के बाद इस प्रस्ताव पर चर्चा के लिए तिथि तय करेंगे।

## विपक्ष बदल...

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने विपक्ष पर मणिपुर में जातीय हिंसा पर संसद में बहस से भागने का आरोप लगाया और आश्चर्य जताया कि अगर वे सड़कों पर मुद्दे उठाना चाहते हैं तो संसद सदस्य के रूप में निर्वाचित होने का क्या फायदा है। मोदी के बयान की मांग को लेकर विपक्ष की आलोचना करते हुए सीतारमण ने कहा, 'आप यह क्यों मानना चाहते हैं कि सब कुछ आपकी मांगों के अनुसार शुरू और समाप्त होना चाहिए? क्या आप मणिपुर के बारे में चिंतित हैं या आप राजनीति कर रहे हैं?' उन्होंने विपक्षी दलों से कहा कि वे संसद को बताएं कि उन्होंने हिंसा प्रभावित पूर्वोत्तर राज्य के अपने हालिया दौरे के दौरान क्या सुना। उन्होंने कहा कि वे गोलपोस्ट बदल रहे हैं। उन्होंने विपक्षी सदस्यों की आलोचना करते हुए कहा कि विरोध में उन्होंने जो काली शर्ट पहनी थी, उसी तरह उनके इरादे भी काले हैं। उन्होंने कहा कि जब केंद्र और राज्य में कांग्रेस की सरकार थी तब मणिपुर में करीब एक साल तक नाकेबंदी रही और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित हुई। सीतारमण ने कहा, 'क्या तब कोई गृह मंत्री मणिपुर गया था? हमारे गृह मंत्री अमित शाह वहां तीन दिनों तक रहे। उन्होंने राहत शिविरों का दौरा किया, लोगों से बात की और यह सुनिश्चित किया कि हर राहत प्रदान की जाए।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस नीत संप्रग शासन के दौरान केवल एक तत्कालीन गृह राज्य मंत्री ने कुछ समय के लिए राज्य का दौरा किया था।

## चलती ट्रेन...

इसपर शिस्वे ने कहा कि वीडियो क्लिप की अन्य सामग्रियों के साथ जांच की जा रही है। शिस्वे ने कहा, किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना और इस स्तर पर, कुछ भी टिप्पणी करना या जांच के बारे में कोई विवरण साझा करना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा, चलती ट्रेन में यह इस तरह की पहली घटना है। यात्री डरे हुए हैं। हम उन्हें आश्वस्त करना चाहते हैं कि पुलिस घटना की विस्तार से जांच करेगी। एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी आरपीएफ कांस्टेबल बहुत गुस्सैल स्वाभाव का है। जीआरपी के मुताबिक सिंह ने अपने स्वचालित हथियार से 12 गोलियां चलाईं। जीआरपी ने घटना के बाद आरोपी के हथियार से आठ कारतूस बरामद किए। अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के हाथरस का रहने वाला सिंह मीरा रोड रेलवे पुलिस की हिरासत में है। सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरपीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एएसआई मीणा राजस्थान के सवाई माधोपुर के रहने वाले थे। उन्हें 2025 में रिटायर होना था। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, आरोपी कांस्टेबल को पिछले मार्च में भावनगर डिवीजन से मुंबई स्थानांतरित कर दिया गया था और हाल ही में वह अपने मूल स्थान हाथरस गया था।

## लालू यादव...

**और** इसका पंजीकृत पता न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र स्थित बंगला है। ईडी ने कहा कि इन सभी संपत्तियों का संयुक्त रूप से मूल्य 6.02 करोड़ रुपए है। ईडी का मामला पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और अन्य के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी पर आधारित है। यह आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2004-09 की अवधि में भारतीय रेलवे के विभिन्न क्षेत्रों में कई लोगों को ग्रुप-डी के पदों पर नियुक्त किया गया, जिसके बदले उनसे लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों के नाम उनकी जमीन हस्तांतरित कराई गई। एजेंसी ने दावा किया कि लालू प्रसाद के आधिकारिक पद का दुरुपयोग करते हुए रिश्वत लेकर उनके परिवार के सदस्यों द्वारा महुआबाग (दानापुर) और बिहटा में भूखंड हासिल किया गया। कथित घोटाला केंद्र में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-एक सरकार में 2004-09 के बीच रेल मंत्री के रूप में लालू प्रसाद के कार्यकाल से संबंधित है। ईडी ने आरोप लगाया कि राबड़ी देवी और हेमा यादव ने रेलवे में नियुक्त लोगों से अवैध रूप से हासिल चार भूखंड को मेरिडियन कंस्ट्रक्शन इंडिया लिमिटेड को बेच दिया, जो राजद के पूर्व विधायक सैयद अबू दोजाना से संबंधित कंपनी है तथा इससे प्राप्त अपराध की आय राबड़ी देवी और हेमा यादव द्वारा हेराफेरी कर क्रमशः ए बी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और भागीरथी ट्यूब्स को हस्तांतरित कर दिया गया। बयान में कहा गया है कि भागीरथी ट्यूब्स हेमा यादव के ससुर और पति के नियंत्रण वाला साझेदारी फर्म है, जिसका मुख्य व्यवसाय स्थान गाजियाबाद है। राष्ट्रीय राजधानी में न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी की संपत्ति के बारे में ईडी ने कहा कि यह एक स्वतंत्र चार मंजिला बंगला है, जो एबी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर पंजीकृत था।

# जेलेंस्की के गृहनगर क्रीवी रिह में रूस के मिसाइल हमले में चार लोगों की मौत

**भाषा।** कीव

**मध्य यूक्रेन** के क्रीवी रिह शहर में सोमवार को रूस के मिसाइल हमले में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। इस हमले की चपेट में एक अपार्टमेंट और एक विश्वविद्यालय इमारत आई जिसके मलबे में अब भी कई अन्य लोगों के दबे होने की आशंका है। यूक्रेन के गृहमंत्री इहोर क्लिमेंको ने यह जानकारी दी।क्लिमेंको ने बताया कि दो मिसाइलों के निशाने पर आई एक आवासीय भवन की चौथी और नौवीं मंजिल के बीच के एक हिस्से को नुकसान पहुंचा है।वीडियो में इस भवन के कुछ फ्लैट एवं नीचे क्षतिग्रस्त कारों से धुंआ निकलता नजर आया। डनिप्रो के गवर्नर सेरही लिसाक ने बताया कि सुबह इस हमले में मारे गए लोगों में 10 साल की एक लड़की भी शामिल है तथा 53 अन्य घायल भी हुए हैं। उनके अनुसार इस



हमले में चार मंजिला एक विश्वविद्यालय की इमारत का एक हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस बीच, आंशिक कब्जे वाले दोनेत्सक में यूक्रेन के तोप के हमले में दो लोगों की मौत हो गई तथा छह अन्य घायल हो गए। वहां रूस द्वारा तैनात नेता डेनिस पुशिलिन ने यह जानकारी दी।पुशिलिन ने यह भी बताया कि सोमवार को यूक्रेनी सैन्यबलों ने दोनेत्सक पर कई गोले दागे, जिनकी चपेट में एक बस आ गई।दोनों पक्षों में से किसी के भी दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। क्रीवी रिह राष्ट्रपति व्लोदोमीर ज़ेलेंस्की का गृहनगर है, जहां बचाव दल क्षतिग्रस्त भवन के मलबे के नीचे दबे लोगों को ढूंढ रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने हमले पर टिप्पणी करते हुए कहा, हाल के दिनों में, दुश्मन लगातार शहरों, शहर के केंद्रों पर हमला कर रहा है और नागरिक वस्तुओं और आवासों को निशाना बना रहा है।

### रूसी मिसाइल ने एक अन्य बहुमंजिली आवासीय इमारत को बनाया निशाना, मलबे में लोगों के दबे होने की आशंका

कीव। रूस ने मध्य यूक्रेन के क्रीवी रिह शहर में मिसाइल हमले किए, जिसके कारण कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा कुछ अन्य लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।आंतरिक मामलों के मंत्री इहोर क्लिमेंको ने बताया कि शहर की एक बहुमंजिली इमारत दो प्रक्षेपास्त्रों के निशाने पर आ गई, जिससे चौथी और नौवी मंजिल के बीच के एक हिस्से को नुकसान पहुंचा है तथा एक विश्वविद्यालय की इमारत क्षतिग्रस्त हुई है। उन्होंने बताया कि इस घटना में 10 लोग घायल भी हुए है। क्रिवी रिह राष्ट्रपति व्लोदोमीर ज़ेलेंस्की का गृहनगर है तथा यूक्रेन के निप्रॉपेट्रोस क्षेत्र में स्थित है। फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से रूसी सेना ने शायद ही कभी इसे निशाना बनाया हो। दोनों देशों के बीच संपूर्ण युद्ध शुरू होने के बाद से प्रक्षेपास्त्रों, तोपों और ड्रोन के जरिए बमबारी रूस की सामरिक पहचान रही है और रूसी सेना बीच-बीच में हवाई हमलों में नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाती रही है।

## यूक्रेन हो या हिंद-प्रशांत क्षेत्र, यूरोप आक्रमण बर्दाश्त नहीं करेगा : यूरोपीय संघ

**मनीला ( फिलिपीन )।** यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेन ने विवादित दक्षिण चीन सागर पर बीजिंग के दावे को अमान्य घोषित करने वाले यूरोपीय संघ के वर्ष 2016 के मध्यस्थता फैसले को दोहराते हुए सोमवार को चेतावनी दी कि यूक्रेन हो या फिर हिंद-प्रशांत क्षेत्र, यूरोप आक्रमण बर्दाश्त नहीं करेगा। वॉन डेर लेन ने आर्थिक, व्यापारिक और सुरक्षा संबंधों को बढ़ावा के मकसद से मनीला में फिलिपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के साथ हुई बैठक के बाद एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। दोनों नेताओं ने घोषणा की कि 27 राष्ट्रों का समूह (यूरोपीय संघ) 2017 में मार्कोस के पूर्ववर्ती रोड्रिगो दुतेर्ते के शासन में ठप पड़े मुक्त व्यापार समझौते के लिए फिलिपीन के साथ बातचीत फिर से शुरू करेगा। वॉन डेर लेन ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण का हवाला देते हुए सुरक्षा सहयोग बढ़ाने की वकालत की और कहा कि यह दर्शाता है कि कैसे अधिनायकवादी नेता खतरे की परवाह किए बिना कुछ भी कर गुजरने को तैयार हैं। उन्होंने कहा, यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध ने अंतरराष्ट्रीय नियमों की नींव को हिलाकर रख दिया है। यह यूरोपीय संघ के नियमों और क्षेत्रीय अखंडता व संप्रभुता जैसे अंतरराष्ट्रीय कानून के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन है। वॉन डेर लेन ने कहा, इसलिए यूरोप आक्रमणकारी रूस के खिलाफ यूक्रेन की जवाबी कार्वाई का समर्थन करता है, क्योंकि बल का अवैध प्रयोग फिर चाहे वह यूक्रेन में हो या फिर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में, कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, यूरोप में सुरक्षा और हिंद-प्रशांत में सुरक्षा को अलग-अलग करके नहीं देखा जा सकता है। आपस में जुड़े विश्व की नियम आधारित व्यवस्था के समक्ष पेश आनी वाली चुनौतियां हम सभी को प्रभावित करती हैं। यूरोपीय आयोग की नेता ने कहा, यही कारण है कि हम हिंद-प्रशांत में बढ़ते तनाव को लेकर चिंतित हैं। यूरोपीय संघ खुले एवं मुक्त हिंद-प्रशांत का समर्थन करता है, क्योंकि हमारी शांति और समृद्धि के लिए तनाव मुक्त हिंद-प्रशांत बहुत जरूरी है।

# कोलंबो का एलफिंस्टन थिएटर श्रीलंका और भारत के बीच सिनेमाई सेतु

**कोलंबो।** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो के ऐतिहासिक मरादाना इलाके में स्थित एलफिंस्टन थिएटर अपनी सौवीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है जो राजधानी की एक बेमिसाल सांस्कृतिक पहचान होने के साथ ही सिनेमा के माध्यम से भारत के साथ अपने संबंधों का प्रतीक भी है। इस थिएटर का निर्माण करीब एक सदी पहले एक भारतीय कारोबारी ने कराया था।पारसी कारोबारी जमशेद फ्रेमजी मदन द्वारा कलकत्ता में स्थापित प्रतिष्ठित मदन थिएटर्स लिमिटिड ने 20वीं सदी में इस इमारत का निर्माण कराया था। मदन को भारतीय सिनेमा की नींव रखने वाली हस्तियों में से एक माना जाता है। मदन ने कलकत्ता (अब कोलकाता) में भारत में पहले स्थाई सिनेमा घर एलफिंस्टन पिक्चर पैलेस का निर्माण कराया था। वह फिल्म निर्माण, प्रदर्शन और वितरण के कारोबार में भी शामिल थे जिसकी शाखाएं रंगून (म्यांमा) से लेकर कोलंबो तक थी। इन सिनेमा घरों का नाम एलफिंस्टन पिक्चर पैलेस था और ए समूचे भारत में फैले हुए थे जिसमें पटना से लेकर दिल्ली तक शामिल है। इसने ब्रिटिश काल के सिलोन (अब श्रीलंका) की राजधानी में स्थित इस सिनेमा घर का नाम भी यही रखा। इस सिनेमा घर के पूर्व प्रबंधक चमीरा सुसिथा फर्नांडीस ने पीटीआई-भाषा को यहां बताया , एलफिंस्टन थिएटर को बनाने का मकसद फिल्मों का प्रदर्शन करना था। तब मूक फिल्मों को दिखाया गया और बाद में टॉकीज़ (बोलती फिल्में) का भी प्रदर्शन किया गया। यह कोलंबो का गौरव है और यह आज भी शहर की खास पहचान के तौर पर खड़ा है और ऐतिहासिक टॉवर हाल और मरादाना रेलवे स्टेशन से ज्यादा दूर नहीं है। उन्होंने कहा, इसमें अंग्रेजी, सिन्हाला, हिंदी और तमिल फिल्में दिखाई जाती थीं और लोग एलफिंस्टन में फिल्म देखने के लिए लंबी लंबी कतारों में लगे रहते थे। फर्नांडीस ने कहा कि पिछले 15 साल से इसे मंचीय कला थिएटर में तब्दील कर दिया गया है और तब से इसमें फिल्मों का प्रदर्शन नहीं किया जा रहा है। 2019 से जून 2023 तक इसके प्रबंधक रहे फर्नांडीस ने यह भी बताया कि एलफिंस्टन का प्रबंधन अब श्रीलंकाई सरकार के टावर हॉल थिएटर फाउंडेशन के हाथ में है। उनसे 98 साल पुराने थिएटर के भारतीय संबंध के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मुझे पता है कि इसका मूल रूप से स्वामित्व मदन थिएटर्स के पास था। हमने अधिक विवरण प्राप्त करने के लिए अभिलेखों को देखने का प्रयास किया लेकिन कुछ फायदा नहीं हुआ। एलफिंस्टन के पूर्व प्रबंधक ने कहा कि वह इस सिनेमा घर को भारत और श्रीलंका के बीच सिनेमाई सेतु मानते हैं। कुछ विशेषज्ञों के मुताबिक, फिल्म मुगल होने के बावजूद मदन को अपने ही देश में भूला दिया गया है।

### श्रीलंका की मुख्य तमिल पार्टी ने संविधान में 13 वें संशोधन के तहत सत्ता के हस्तांतरण का मुद्दा उठाया

कोलंबो। श्रीलंका की मुख्य तमिल पार्टी तमिल नेशनल एलायंस (टीएनए) ने देश के संविधान में विवादास्पद 13वें संशोधन के पूर्ण कार्यान्वयन के तहत सत्ता के व्यापक और सार्थक हस्तांतरण की मांग की है। श्रीलंका में अल्पसंख्यक तमिल समुदाय 13वें संशोधन को लागू करने की मांग कर रहा है, जिसमें उसे सत्ता के हस्तांतरण का प्रावधान है। यह 13वां संशोधन (13ए) 1987 के भारत-श्रीलंका समझौते के बाद लाया गया था। इसके जरिए उत्तरी और पूर्वी प्रांतों के अस्थाई विलय के साथ नौ प्रांतों का हस्तांतरित इकाइयों के रूप में गठन किया गया। टीएनए ने एक बयान में कहा, हमारा रुख साफ है कि संघीय ढांचे में सत्ता की साझेदारी तमिल लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप होनी चाहिए, जिसे 1956 से हर चुनाव में व्यक्त किया जा रहा है। टीएनए ने सरकार से प्रांतीय परिषद चुनाव कराने का आग्रह किया है। यह बयान पिछले सप्ताह राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे द्वारा स्थानीय तमिलों के साथ सुलह के लिए बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के बाद आया है। विक्रमसिंघे ने सर्वदलीय बैठक में दलों से कहा था कि वह 13ए के पूर्ण कार्यान्वयन के पक्ष में है, जो सभी पार्टियों की संसदीय सहमति पर निर्भर करेगा। हालांकि, वार्ता में विपक्षी दल लंबित प्रांतीय परिषद चुनाव कराने पर अड़े रहे। चुनाव सुधारों के कदम के मद्देनजर 2018 से नौ प्रांतों के चुनाव लंबित है।

### राजनीतिक इंजीनियरिंग की बजाय आतंकवाद पर अंकुश लगाने पर ध्यान केंद्रित करें सत्ता में बैठे लोग: इमरान

**लाहौर।** पाकिस्तान के शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सत्ता में बैठे लोगों को देश में आतंकवाद के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए राजनीतिक इंजीनियरिंग से अपना ध्यान हटाने का सुझाव दिया है। खान का बयान अफगानिस्तान की सीमा से लगे पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में एक बड़े आतंकी हमले के एक दिन बाद आया है। बाजौर आदिवासी जिले की राजधानी खार में कट्टरपंथी इस्लामिक पार्टी - जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फज़ल (जेयूआई-एफ) की राजनीतिक बैठक में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोट कर खुद को उड़ा लिया, जिससे इस घटना में कम से कम 54 लोगों की मौत हो गई थी और 100 से अधिक लोग घायल हो गए थे। हमले में मारे गए लोगों के परिजनों को भेजे एक शोक संदेश में, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष ने रविवार को ट्वीट में कहा, पूरे पाकिस्तान में, विशेष रूप से केपी में आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि, हमारी प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार करने के लिए तत्काल आवश्यकता की मांग करती है।

सार्वजनिक सूचना
मै सुजाता पत्नी स्वः सुजीत निवासी GH-6 H.No.433 प्राचीन अपार्टमेंट पश्चिम विहार, मीरा बाग, न्यू दिल्ली-87 अपने बेटे राहुल,पुत्रवधू शालू को उनके खराब चाल-चलन की वजह से अपनी चल और अचल सम्पति व हर प्रकार के अधिकारो से बेदखल करती हूँ, यदि इनके साथ कोई किसी भी मामले में संबंध रखता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा !
Ramesh Chander (Adv),Ch-68, Western Wing,Tis Hazari

सार्वजनिक सूचना
जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गुलशन कुमार उक्त संपत्ति Property Bearing No. D-86, area 223.5 Sq. Yds., out of Rect. No. 27, Killa No. 9, Situated at the Abadi of D-Block, Gali No. 1, New Govind Pura, in the area of Village Khureji Khas Illaqa Shahdara, Delhi-110051, की GPA, ATS & Will दिनांक 13.08.1991 के द्वारा मालिक थे। तथा श्री गुलशन कुमार की मृत्यु हो चुकी थी। उपरोक्त संपत्ति मेरे मुवक्किल यानि पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है और स्व० श्री गुलशन कुमार के विधिक उत्तराधिकारी श्री मुकेश मल्होत्रा & श्रीमती सुशिल कुमारी है। यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दावा हैं, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें !अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है !
राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

सार्वजनिक सूचना
जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कृष्णा भरद्वाज उक्त संपत्ति Land area measuring 100 sq. yds., out of Khasra No. 365Min, situated at Village Sadullabad, Pargana Loni, Tehsil & District Ghaziabad, U.P. की बिक्री विलेख दिनांक 07.03.2011 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 4812 के द्वारा मालिक थी। तथा श्रीमती कृष्णा भरद्वाज की मृत्यु हो चुकी थी। उपरोक्त संपत्ति मेरे मुवक्किल यानि पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है और स्व० श्रीमती कृष्णा भरद्वाज के विधिक उत्तराधिकारी आशा शर्मा, श्री प्रमोद कुमार भरद्वाज, श्री एस एस भरद्वाज, श्रीमती उषा शर्मा और श्री विनोद भरद्वाज है। यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दावा हैं, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें !अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है !
राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

PUBLIC NOTICE
This is to inform the Public at large that Sh. Yogesh Kanwar Oberoi S/o. Sh. Lajpat Nath Oberoi is the 'Title Holder' in possession of 'Entire First Floor of Freehold Built Up Residential Property Bearing Plot No. 394, Block-A, Defence Colony, New Delhi admeasuring 217.00 sq. yards' (hereinafter referred to as 'Schedule Property') vide Sale Deed dated 01.10.2009 duly registered as Regn. No. 12896, Addl. Book No. 1, Vol. No. 9548, pp. 81-99 on 03.10.2009 in the Office of the Sub Registrar-V, New Delhi. That the original documents w.r.t. Plot No. 394, Block-A, Defence Colony, New Delhi, i.e.(i) Lease Deed dated 19.07.57, (ii) Permission to Sell dated 28.01.59, (iii) Sale Deed dated 13.02.59, (iv) Lease Deed dated 18.07.78, (v) Death Certificate dated 09.11.90, (vi) Substitution Letter dated 20.02.91, (vii) General Power of Attorney, Special Power of Attorney & Agreement to Sell all dated 20.04.92, (viii) Conveyance Deed dated 17.12.93, (ix) Sale Deed dated 26.05.94, (x) Power of Attorney executed by Sh. Amrit Chopra to Sh. Kamal Chopra, (xi) Deed of Conveyance dated 09.05.96, (xii) Special Power of Attorney dated 08.04.2008, (xiii) Sale Deed dated 25.04.2008 and (xiv) Sanction for Construction Letter dated 04.07.2008 have all been lost, misplaced and are untraceable as on date, in lieu of which Information Report dated 30.07.2023 bearing LR No. 712341/2023 has been filled with Delhi Police. This notice is thus issued to Public at Large, i.e. any Person(s), Company(ies), Authority(ies), Society(ies), Organisation(s), Financial Institution(s), Bank(s), HUFs etc., having any knowledge, custody or possession of the above mentioned lost/misplaced original documents or otherwise having any claims, rights, title, interests, possession etc. in the Schedule Property, by way of Ownership, Succession, Inheritance, Sale, Mortgage, Exchange, Charge, Lien, Gift, Trust, Encumbrance etc., or objection to the sale of the Schedule Property by the Title Holder, may come forward with supporting documents, to be delivered to the undersigned within 7 days from the date of this Publication, post expiration of which, any claim(s) or objection(s), if raised or received, shall be treated as null & void and as waived, and the Title Holder shall proceed to sell the Schedule Property, as is presently intended.
Parvesh Kumar (Advocate)
Office Address: 27, Basement, Shreshtha Vihar, Delhi-92
Chamber Address: 363, Saket Cantt, New Delhi
Cont. No : 9999228185

## पाकिस्तान में आत्मघाती बम विस्फोट के पीछे इस्लामिक स्टेट का हाथ : पुलिस

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की पुलिस ने सोमवार को प्रारंभिक जांच के हवाले से बताया कि एक कट्टरपंथी इस्लामिक पार्टी के राजनीतिक सम्मेलन में हुए आत्मघाती विस्फोट के पीछे प्रतिबंधित आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) का हाथ है। इस विस्फोट में कम से कम 46 लोगों की मौत हो गई थी और 100 से अधिक लोग घायल हुए हैं। यह विस्फोट रविवार को हुआ था, जब कट्टरपंथी जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) के 400 से अधिक सदस्य खार शहर में एक सभा के लिए एकत्रित हुए थे। इस शहर की सीमा अफगानिस्तान से लगती है। जियो न्यूज ने पुलिस अधिकारियों के हवाले से कहा, हम अभी बाजौर विस्फोट की जांच कर रहे हैं और उसके बारे में सूचना जुटा रहे हैं। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि इसके पीछे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट का हाथ है। पुलिस ने बताया कि 38 शवों को उनके परिवार के सदस्यों को सौंप दिया गया है जबकि आठ अज्ञात शव अब भी अस्पताल में हैं। पुलिस के मुताबिक, वह आत्मघाती हमलावर के बारे में जानकारी जुटा रही है, जबकि बम निरोधक दस्ता घटनास्थल से सबूत एकत्रित कर रहा है। जिला पुलिस अधिकारी नजीर खान ने बताया कि इस संबंध में तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। प्रांतीय पुलिस प्रमुख अख्तर हयात खान के अनुसार, विस्फोट को अंजाम देने के लिए 10 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया।

## पाकिस्तान में जेयूआई-एफ की बैठक में हुए धमाके में मारे गए लोगों की संख्या 54 हुई : पुलिस

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कट्टरपंथी इस्लामिक पार्टी जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) के राजनीतिक सम्मेलन पर हुए आत्मघाती हमले में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 54 हो गई है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ने की कोशिश की जा रहा है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के हवाले से बताया कि कबायली जिले बाजौर की राजधानी खार में हुए आत्मघाती विस्फोट के पीछे प्रतिबंधित आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) का हाथ है जिसमें करीब 100 अन्य लोग घायल हुए हैं। इस्लामिक स्टेट की स्थानीय इकाई ने इससे पहले भी जेयूआई-एफ के नेताओं को निशाना बनाया है क्योंकि वह उन्हें विधर्मी मानती है। यह विस्फोट रविवार को हुआ था, जब कट्टरपंथी जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) के 400 से अधिक सदस्य खार शहर में एक सभा के लिए एकत्रित हुए थे। इस शहर की सीमा अफगानिस्तान से लगती है। जेयूआई-एफ, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार का हिस्सा है। यह हमला ऐसे समय किया गया है जब पाकिस्तान की राजनीतिक पार्टियां आने वाले महीनों में होने वाले आम चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत कर रही हैं। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने घायलों को शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और उन्हें समय पर इलाज मुहैया कराने पर जोर दिया। रविवार को जारी एक बयान के मुताबिक खैबर पख्तूनख्वा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री आजम खान ने पुलिस से धमाके को लेकर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। उन्होंने पेशावर स्थित सैन्य अस्पताल का दौरा किया और हमले में घायलों की स्वास्थ्य की जानकारी ली।



# मोटापा : नाम बदलने से कलंक रातों-रात ठीक नही हो जाएगा

**भाषा।** मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया)

**ज्यादा व**जन वाले लोग एक ऐसे कलंक में जी रहे होते हैं, जो व्यापक है और इन लोगों को कहीं गहराई तक प्रभावित करता है। इसे भेदभाव के अंतिम स्वीकार्य रूपों में से एक के रूप में वर्णित किया गया है। कुछ शोधकर्ता सोचते हैं कि मोटापा शब्द ही समस्या का हिस्सा है, और कलंक को कम करने के लिए नाम बदलने की मांग कर रहे हैं। उनका सुझाव है कि इसका नाम वसा-आधारित पुरानी बीमारी रख दिया जाए।हम मोटापे से जुड़े कलंक का अध्ययन करते हैं - गर्भावस्था के समय के आसपास, स्वास्थ्य पेशेवरों और स्वास्थ्य छात्रों के बीच, और सार्वजनिक स्वास्थ्य में अधिक व्यापक रूप से। यहां बताया गया है कि वजन के कलंक को कम करने के लिए वास्तव में क्या आवश्यक है। वजन को लेकर शर्मिंदगी आम है :बड़े शरीर में रहने वाले 42 प्रतिशत वयस्कों को अपने वजन को लेकर शर्मिंदगी का अनुभव होता है। ऐसा तब होता है जब दूसरों की उनके प्रति नकारात्मक मान्यताएं, दृष्टिकोण, धारणाएं और निर्णय होते हैं, उन्हें गलत तरीके से आलसी समझा जाता है और यह माना जाता है कि उनमें इच्छाशक्ति या आत्म-अनुशासन की कमी होती है।बड़े शरीर वाले लोग कार्यस्थल, अंतरंग और पारिवारिक संबंधों, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और मीडिया सहित कई क्षेत्रों में भेदभाव का अनुभव करते हैं।वजन को लेकर शर्मिंदगी महसूस करना बढ़े हुए कोर्टिसोल स्तर (शरीर में मुख्य तनाव हार्मोन), शरीर की नकारात्मक छवि और खराब मानसिक स्वास्थ्य सहित कई नुकसान से जुड़ा हुआ है। इससे स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता में कमी आती है। बढ़े हुए वजन को लेकर होने वाला एहसास किसी के स्वास्थ्य के लिए शरीर के आकार में वृद्धि से भी बड़ा खतरा पैदा कर सकता है।क्या हमें मोटापे का नाम बदल देना चाहिए? कलंक को कम करने के लिए स्वास्थ्य स्थितियों या पहचानों को हटाने या उनका नाम बदलने की मांग नई नहीं है। उदाहरण के लिए, 1950 के दशक में समलैंगिकता को सोशियोपैथिक व्यक्तित्व गड़बड़ी के रूप में वर्गीकृत किया गया था।कई वर्षों के विरोध और सक्रियता के बाद, मानसिक स्वास्थ्य विकारों के विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त वर्गीकरण से शब्द और शर्त को हटा दिया गया था।

### इस वर्ल्ड लंग कैंसर डे पर आइए धूम्रपान बंद करने में एनआरटी की महत्वपूर्ण भूमिका को समझें

**नई दिल्ली।** तम्बाकू के उपयोग से जुड़े खतरों और तंबाकू बंद करने की तत्काल आवश्यकता के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 1 अगस्त को वर्ल्ड लंग कैंसर डे मनाया जाता है, क्योंकि धूम्रपान से फेफड़ों के कैंसर की संभावना दोगुनी हो जाती है। ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. सक्षम सिंह ने हाल ही में धूम्रपान और तंबाकू के अन्य रूपों में सेवन को छोड़ने के एक सफल तरीके के रूप में निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी एनआरटी के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाई है। तम्बाकू धूम्रपान को फेफड़ों के कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक के रूप में पहचाना गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि अध्ययनों से पता चला है कि भारत में फेफड़ों के कैंसर से पीड़ित 87 प्रतिशत पुरुषों और 85 प्रतिशत महिलाओं का एक्टिव तंबाकू धूम्रपान का इतिहास रहा है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार भारत में फेफड़ों के कैंसर के 22 लाख नए मामले सामने आए जिसके कारण 2020 में लंग कैंसर देश में होने वाला चौथ सबसे ज्यादा होने वाला कैंसर बन गया है ।2 दुखद बात यह है कि इसी वर्ष लंग कैंसर से 18 लाख से अधिक मौतें हुईं।3 इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ;आईसीएमआरद्ध का अनुमान है कि 2025 तक अनुमानित 111,328 नए मामलों के साथ लंग कैंसर भारत में कैंसर का दूसरा सबसे कारण बन जाएगा। निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉण् राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज लखनऊ के ऑन्कोलॉजी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सक्षम सिंह ने कहा कि फेफड़ों के कैंसर के खिलाफलड़ाई में धूम्रपान बंद करने को प्रोत्साहित करना सर्वोपरि है। शोध से पता चला है कि धूम्रपान छोड़ना, विशेष रूप से 40 वर्ष की आयु से पहले, फेफड़ों के कैंसर से जुड़े मृत्यु जोखिम को काफी हद तक कम कर सकता है। हालांकिए तम्बाकू की लत से छुटकारा पाने के लिए पूर्ण सफलता प्राप्त करने से पहले कई बार इसे छोड़ने के प्रयास की आवश्यकता होती है। सौभाग्य से निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी एनआरटी जैसे एडवांस ट्रीटमेंट मैकेनिज्म के साथ कोई भी व्यक्ति 90 . 120 दिनों से भी कम समय में इस आदत को छोड़ने में सक्षम हो सकता है। एनआरटी तंबाकू के धुएं में हानिकारक टॉक्सिन पदार्थों के बिना शरीर में निकोटिन पहुंचाता है। थेरेपी पैच, गम्स, लॉन्जेंस, इनहेलर और नेजल स्प्रे के रूप में प्रदान की जा सकती है। जिसका उपयोग व्यक्ति की आवश्यकताओं के अनुरूप अकेले या कॉम्बिनेशन में किया जा सकता है।

### लेबनान : फलस्तीनियों के शिविर में तीसरे दिन भी संघर्ष जारी, मृतकों की संख्या छह हुई

**सैदन( लेबनान )।** लेबनान स्थित फलस्तीनियों के शिविर में सोमवार को लगातार तीसरे दिन फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के फतेह समूह और इस्लामिक धड़े के सदस्यों के बीच संघर्ष जारी रहा। लेबनानी सेना के प्रवक्ता ने कहा कि इन-अल-हिलवेह शिविर में हुई झड़पों में मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है, लेकिन कुछ खबरों में यह संख्या और अधिक बताई गई है। कर्नल फदी अबू ईद ने बताया कि शिविर के बाहर तैनात दो सैनिक भी मामूली रूप से घायल हुए हैं। शिविर के संचालन निकाय के तौर पर काम करने वाली समिति के सदस्य अदनान रिफाई ने कहा कि लेबनानी पक्षकारों और कुछ फलस्तीनी धड़ों ने संघर्ष विराम की कोशिश की, इसके बावजूद अबतक शिविर में गोलाबारी नहीं रुकी है। शिविर के बाहर बनी जांच चौकी पर लेबनानी सेना के जवान तैनात हैं, लेकिन वे शिविर में दाखिल नहीं हुए हैं। शिविर पर फलस्तीनी धड़ों का नियंत्रण है। एक अन्य फलस्तीनी ने बताया कि झड़प रविवारको तब शुरू हुई।

## क्विक न्यूज

### पीएमएल-एन के सत्ता में लौटने पर नवाज शरीफ होंगे पाकिस्तान के अगले प्रधानमंत्री :शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि यदि पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन)आगामी आम चुनाव में सत्ता में लौटती है तो पार्टी सुप्रीमो नवाज शरीफ देश के अगले प्रधानमंत्री होंगे। शहबाज ने जियो न्यूज के एक कार्यक्रम में रविवार को कहा कि 2019 से लंदन में रह रहे उनके बड़े भाई अगले कुछ सप्ताह में देश लौटेंगे। उन्होंने कहा कि तीन बार देश के प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ (73) पाकिस्तान लौटने पर कानून का सामना करेंगे। हालांकि उन्होंने कहा कि उन्हे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के निर्देश पर तैयार की गई एक मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर चिकित्सकीय कारणों से विदेश भेजा गया था। नवाज शरीफ को देश के उच्चतम न्यायालय ने 2017 में अयोग्य घोषित कर दिया था। वह 2018 में पनामा पेपर मामले में न्यायालय के फैसले के बाद सार्वजनिक पद संभालने के लिए आजीवन अयोग्य हो गए। लाहौर उच्च न्यायालय से चिकित्सकीय आधार पर चार सप्ताह की जमानत मिलने के बाद लंदन रवाना होने से पहले नवाज शरीफ अल-अजीजिया मिल्स भ्रष्टाचार मामले में सात साल की जेल की सजा काट रहे थे। शहबाज ने कहा कि 12 अगस्त की आधी रात 12 बजे कार्यकाल पूरा होने से कुछ दिन पहले नेशनल असेंबली (एनए) के भंग होने की अधिसूचना राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को भेजी जाएगी।

### नाइजर के राष्ट्रपति को सप्ताह के भीतर बहाल नहीं किया तो करेंगे बल प्रयोग : पश्चिमी अफ्रीकी देश

नियामी (नाइजर), 31 जुलाई (एपी) पश्चिम अफ्रीकी देशों ने नाइजर में तख्तापलट करने वाले नेताओं को देश में लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति को पद पर बहाल करने के लिए एक सप्ताह की मोहलत दी और मांग पूरी नही होने पर बल प्रयोग की धमकी दी।नाइजीरिया में रविवार को पश्चिम अफ्रीकी देशों की एक आपात बैठक की समाप्ति के बाद यह घोषणा की गई। आपात बैठक में क्षेत्रीय गुट पश्चिम अफ्रीका राज्य आर्थिक समुदाय (ईसीओडब्लूएएस) को पिछले सप्ताह हुए सेना के तख्तापलट पर जवाब देने के लिए बुलाया गया था। राष्ट्रपति मोहम्मद बाजौम अभी नजरबंद है और उन्होंने अब तक इस्तीफा नही दिया है।एक बयान में कहा गया, अगर प्राधिकारियों की मांग को एक सप्ताह के भीतर पूरा नही किया जाता है तो नाइजर गणराज्य में संवैधानिक ढांचे को बहाल करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे जिनमें बल प्रयोग भी शामिल हो सकता है। समूह ने ईसीओडब्लूएएस के सदस्य राज्यों और नाइजर के बीच सभी व्यापारिक और वित्तीय लेन-देन को निलंबित करने सहित कड़े प्रतिबंध लगाए है और क्षेत्रीय केंद्रीय बैंकों में आस्तियों को फ्रीज कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी हालिया आंकड़ों के मुताबिक, आर्थिक प्रतिबंध दुनिया के तीसरे सबसे गरीब देश को गहरे तक प्रभावित कर सकते हैं। अंतराराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, नाइजर अपनी 90 फीसदी विद्युत ऊर्जा के लिए नाइजीरिया से आयात पर निर्भर रहता है। नाइजर के प्रधानमंत्री औहौमौदौ महामदौ ने रविवार को फ्रांस के मीडिया संस्थान रेडियो फ्रांस इंटरनेशनल को बताया कि ए प्रतिबंध विनाशकारी हो सकते हैं और नाइजर को इनसे बचने के लिए कोई समाधान तलाशने की जरूरत है।

### तोशाखाना मामले में रोक नहीं लगाने के अदालत के फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय पहुंचे इमरान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सोमवार को तोशाखाना में भ्रष्टाचार से जुड़े मुकदमे में उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका को खारिज करने के इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख खान ने दो बार इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में याचिका दायर की, लेकिन राजकीय उपहारों के बारे में विवरण छिपाने से संबंधित इस मामले में उन्हे राहत नही मिल सकी। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष अपनी याचिका में इमरान ने धारा 342 के तहत उनके बयानों को दर्ज करने पर रोक लगाने की अपील की है।याचिका में मांग की गई है कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश हुमायूं दिलावर के समक्ष चल रहे मुकदमे को तब तक रोक दिया जाए जब तक उच्च न्यायालय इस मामले पर अपना अंतिम फैसला नही सुना देता।इसमें यह भी कहा गया कि मुकदमा आगे बढ़ने से पहले अदालत के क्षेत्राधिकार पर निर्णय आवश्यक था।बैरिस्टर गौहर अली खान के नेतृत्व वाली पीटीआई प्रमुख की कानूनी टीम ने इमरान की ओर से सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष यह याचिका दायरकी है। न्यायालय ने इसे स्वीकार कर लिया है। तोशाखाना कैबिनेट प्रभाग के प्रशासनिक नियंत्रण वाला विभाग है, जहां अन्य देशों की सरकारों एवं राष्ट्र प्रमुखों द्वारा पाकिस्तानी शासकों, सांसदों, नौकरशाहों और अधिकारियों को दिए गए उपहारों को रखा जाता है। खान पर 2018 से 2022 के बीच प्रधानमंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान पद का दुरुपयोग कर इन उपहारों को खरीदने और बेचने का आरोप है। इन उपहारों की कीमत 14 करोड़ रुपए (6,35,000 अमेरिकी डॉलर) से अधिक है।

### ऑस्ट्रेलिया की स्थाई आकस्मिक कार्य संस्कृति को बदलने के लिए सिर्फ परिभाषा बदलना काफी नहीं

**मेलबर्न।** अल्बानी सरकार द्वारा ै आकस्मिकै रोजगार के लिए घोषित सुधारों के बारे में आश्चर्यजनक बात यह नही है कि वह हो रहे है। ऐसा इसलिए है क्योंकि नियोक्ता समर्थक उनके बारे में इतने उत्साहित हो रहे है, बावजूद इसके कि वे कम संख्या में लोगों को प्रभावित करेंगे और उनका प्रभाव भी कम होगा।इसका मतलब यह नही है कि परिवर्तनों की आवश्यकता नही है। बल्कि,ै आकस्मिकै रोजगार प्रणाली का सच्चा सुधार, जिसमें से यह सिर्फ पहला लेकिन महत्वपूर्ण कदम है,आकस्मिक समस्यौ को हल करने के लिए अभी बहुत कुछ करना बाकी है।आकस्मिक समस्या क्या है?समस्या यह है कि अधिकांश कैजुअलै कर्मचारी वास्तव में बिल्कुल भी कैजुअल नही होते है - जैसा कि मेरे और सहकर्मी रोबिन मे द्वारा ऑस्ट्रेलियाई सांख्यिकी ब्यूरो (एबीएस) के अप्रकाशित डेटा का उपयोग करके किए गए विश्लेषण से पता चलता है।उन्हे काम पर रखने का आधार यह है कि काम रुक-रुक कर, अल्पकालिक और अप्रत्याशित है। लेकिन पिछली बार एबीएस द्वारा एकत्र डेटा से पता चलता है कि अधिकांशै कैजुअलै ने नियमित घंटे काम किया। लगभग 60 प्रतिशतै कैजुअलै एक वर्ष से अधिक समय से नौकरी में थे। एक वर्ष के समय में लगभग 80 प्रतिशत के अभी भी वहाँ रहने की उम्मीद है।केवल 6 प्रतिशतै कैजुअलै (1.5 प्रतिशत कर्मचारी) अलग-अलग घंटे काम करते थे (या स्टैंडबाय पर थे), थोड़े समय के लिए अपने नियोक्ता के साथ थे, और थोड़े समय के लिए वहां रहने की उम्मीद करते थे। अब भी, कुछै आकस्मिक कर्मी 20 वर्षों से भी अधिक समय से वहीं कैजुअलै काम कर रहे है। स्थाई आकस्मिक :इस सबनेै स्थाई आकस्मिक के एक वर्ग को जन्म दिया है - एक बकवास शब्द। उन्हे अधिक सटीक रूप सेै स्थाई रूप से असुरक्षितै कहा जाना चाहिये।

### अधिक भ्रष्ट, खंडित और बहिष्कृतः कैसे व्लादिमीर पुतिन ने दो दशकों में रूस को बदल दिया

मेलबर्न। व्लादिमीर पुतिन का इतिहास का अपना संस्करण खुद को आधुनिक रूस के शिल्पी और नेता के रूप में गढ़ता है।इस कहानी के अनुसार, पुतिन ने विदेशी और घरेलू विरोधियों की लहरों को मजबूती से रोका है, और साथ ही रूस को महानता में बहाल किया है।हालाँकि पुतिन की वीरता की ए बेदम कहानियाँ अभी भी रूसियों के बीच गूंज सकती है, जिन्हे वर्षों से चम्मच से दुष्प्रचार का भरपूर आहार दिया गया है, जानकार पर्यवेक्षक उन्हे अलंकृत से लेकर बेतुके तक के क्षितिज पर देखेंगे।भविष्य के इतिहासकारों द्वारा पुतिन के साथ अच्छा व्यवहार करने की संभावना नही है। उन्होंने भय और पक्षपात के मिले जुले माध्यम से शासन किया है, असहमति को राजनीतिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने के बजाय अपराध बनाकर रूस का प्रोटो-लोकतंत्र को उखाड़ फेंका है। रूस प्रतिस्पर्धी देशों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के बजाय पुतिन के एकमात्र विचार के अधीन एक राष्ट्र बन गया है।उन्होंने रूसी समाज को उत्तरोत्तर बीमार कर दिया है, एक जहरीली संस्कृति का निर्माण किया है जो ज़ेनोफोबिया, नेटिविज्म और हिंसा का जश्न मनाती है।और यूक्रेन में शाही विस्तार का एक मूर्खतापूर्ण युद्ध शुरू करके, जिसे जीतने में उनकी अत्यधिक प्रशंसित आधुनिक सेना असमर्थ साबित हुई है, उन्होंने अनजाने में अपनी स्वयं की शक्ति संरचना की कमजोरी को प्रकट कर दिया है।पुतिन का उत्थान - मार्च 1999 में रूसी सुरक्षा परिषद के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद पुतिन का राजनीतिक उत्थान शुरू हुआ, जिसे लंबे समय तक कार्यकारी नेतृत्व के संभावित मार्ग के रूप में देखा जाता था। इसके बाद उन्होंने रूस का प्रधान मंत्री पद ग्रहण किया, और, इसके तुरंत बाद, तेजी से कमजोर होते बोरिस एल्टसिन को राष्ट्रपति पद का उत्तराधिकारी नियुक्त करने की जरूरत पड़ी तो यह सत्ता में एक कदम और आगे बढ़े।पुतिन की परिवार - एल्टसिन के करीबी लोगों और कुलीन वर्गों के नेटवर्क - के हितों की रक्षा करने की इच्छा ने उन्हे एक अस्पष्ट लेकिन फिर भी तार्किक विकल्प बना दिया।पुतिन ने खुद को जिस तरह से चित्रित किया है उसमें व्यवस्था और स्थिरता के लिए संघर्ष एक सतत मूलमंत्र रहा है। उन्होंने 2000 में रूस के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान इस विषय को उठाया, जो 1998 के रूसी वित्तीय संकट और चेचन्या में रूस के दूसरे युद्ध के बीच आयोजित किया गया था। अपने पहले अभियान में, पुतिन ने व्यवस्था बहाल करने और रूस को फिर से एक महान शक्ति बनाने के अस्पष्ट वादे के अलावा कुछ भी नही दिया। दो प्रमुख राजनीतिक हस्तियों - मॉस्को के मेयर यूरी लज़कोव और पूर्व प्रधान मंत्री एवगेनी प्रिमाकोव - के दौड़ से बाहर हो जाने के बाद उन्हे कम विरोध का सामना करना पड़ा। रूसियों ने उन्हे 53ऊ वोट के साथ चुना, जो उत्साह से अधिक राहत की भावना थी।

# तेलंगाना के लोग भाजपा की सरकार चाहते हैं : रेड्डी

● कहा, कांग्रेस, बीआरएस और एआईएमआईएम का डीएनए एक

भाषा। हैदराबाद



**केंद्रीय मंत्री** एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के प्रमुख जी किशन रेड्डी ने राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और कांग्रेस एवं ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) पर अपने-अपने परिवारों के लिए काम करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को दावा किया कि लोग आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव नीत सरकार की जगह भाजपा को चुनना चाहते हैं। रेड्डी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि ए सभी परिवार आधारित दल हैं और वे अपने-अपने परिवारों के कल्याण के लिए काम करते हैं। दूसरी ओर किशन रेड्डी ने सोमवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ बीआरएस, कांग्रेस एवं एआईएमआईएम परिवार आधारित दल हैं और उनका डीएनए एक ही है। गरीबों के लिए डबल बेडरूम वाले घर बनाने की मांग को लेकर महबूबनगर में आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए रेड्डी ने कहा कि तीनों दल एक जैसे हैं। उन्होंने कहा, ए दल अतीत में भी हाथ मिला चुके हैं और इनमें से किसी एक को वोट देना, दूसरे को वोट देने जैसा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, तीनों दलों का डीएनए एक ही है और वे लोगों को धोखा देने की कोशिश करते हैं। बीआरएस, कांग्रेस और एआईएमआईएम अयोध्या में भगवान राम मंदिर के निर्माण के विरोध में हैं। उन्होंने दावा किया कि वे सामान्य नागरिक संहिता के भी खिलाफ हैं और मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों को बरकरार रखने के पक्ष में नहीं हैं। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि बीआरएस अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने 2018 में विधानसभा चुनाव के समय कई अवसरवादी वादे किए, लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया। रेड्डी ने कहा कि राव ने तेलंगाना में एक दलित नेता को मुख्यमंत्री बनाने का वादा किया था, लेकिन उन्होंने इस पद पर कब्जा कर लिया। उन्होंने कहा कि केंद्र ने देश भर में चार करोड़ से अधिक घर बनाए हैं। उन्होंने कहा, बीआरएस सरकार ने नौ साल तक सत्ता में रहने के बावजूद गरीबों के लिए घर नहीं बनाए हैं, लेकिन मुख्यमंत्री ने जनता के पैसे से अपने लिए एक महल बनाया है। उन्होंने कहा, केसीआर जी ने हाल ही में हैदराबाद में कार्यालय के लिए कांग्रेस को 10 एकड़ जमीन दी। उन्होंने बीआरएस के लिए 11 एकड़ जमीन ली। लेकिन, गरीबों के लिए घर बनाने के लिए कोई जमीन नहीं है। बीआरएस और कांग्रेस ने मिलीभगत की और सरकार ने कांग्रेस को कार्यालय के लिए 10 एकड़ जमीन दे दी। उन्होंने दावा किया, महबूबनगर में गरीब लोगों को घर नहीं दिया गया है। रेड्डी ने कहा कि बीआरएस सरकार ने न तो नए लाभार्थियों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन मंजूर की है, न ही राशन कार्ड जारी किए हैं। उन्होंने नौकरी की रिक्तियों को भरने, 3,016 रुपए की बेरोजगारी सहायता, किसानों की ऋण माफी और मुफ्त उर्वरक सहित अपने वादों को लागू नहीं करने के लिए सत्तारूढ़ बीआरएस पर हमला किया। इससे पहले, हैदराबाद में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, रेड्डी ने आरोप लगाया कि बीआरएस, कांग्रेस और एआईएमआईएम अपने-अपने परिवारों के लिए काम करते हैं और लोग इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों में मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली सरकार को हटाने के लिए भाजपा की ओर देख रहे हैं। रेड्डी ने कहा कि बीआरएस और कांग्रेस का गठबंधन में चुनाव लड़ने का इतिहास रहा है, जबकि एआईएमआईएम भी विभिन्न अवसरों पर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उनके साथ शामिल हुई है। उन्होंने आरोप लगाया, हम जानते हैं कि कांग्रेस पार्टी ने जनता के करोड़ों रुपए कैसे लूटे।

# न्यायालय का शिवकुमार के खिलाफ सीबीआई जांच पर रोक लगाने के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार

भाषा। नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने भ्रष्टाचार के एक मामले में कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच पर अंतरिम रोक लगाने के उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से सोमवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने मामले में उच्च न्यायालय के 10 फरवरी के आदेश के खिलाफ सीबीआई की अपील खारिज कर दी। भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी को चुनौती देने वाली शिवकुमार की याचिका को खारिज करने से पहले एकल न्यायाधीश पीठ ने कई बार इस रोक को बढ़ाया था। यह मामला वर्तमान में उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ के समक्ष लंबित है, जिसने जून में सीबीआई की जांच पर रोक जारी रखी थी।अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने कहा कि उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने सीबीआई के पक्ष में आदेश होने के बावजूद जांच पर अंतरिम रोक लगाने की मंजूरी दे दी थी। एस वी राजू ने कहा, हमने अलग-अलग कार्यवाही में खंडपीठ द्वारा लगाई गई रोक को चुनौती दी है। यदि निर्णय हमारे पक्ष में होता है, तो यह स्थगन आदेश (एकल न्यायाधीश द्वारा) समाप्त हो जाता है। यह कोई स्वतंत्र आदेश नहीं है। कृपया दोनों याचिकाओं को संलग्न करें। राजू ने यह टिप्पणी उन याचिकाओं का जिक्र करते हुए की, जो सीबीआई ने एकल पीठ और खंडपीठ दोनों के रोक के आदेश के खिलाफ दायर की है। शिवकुमार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि सीबीआई ने उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश के खिलाफ अपील दाखिल की है, लेकिन उच्च न्यायालय की खंडपीठ के बाद में दिए अंतरिम आदेशों को चुनौती देने से इनकार कर दिया है। अभिषेक सिंघवी ने कहा, उच्च न्यायालय की खंडपीठ द्वारा कई अंतरिम आदेश पारित किए गए, लेकिन केवल एक आदेश (जांच पर अंतरिम रोक) को सीबीआई द्वारा चुनौती दी गई है। मामला अभी भी उच्च न्यायालय में लंबित है। उन्होंने कहा कि खंडपीठ के समक्ष बहस पूरी हो चुकी है, क्योंकि दलीलें पूरी हो चुकी हैं और जवाबी हलफनामा दाखिल किया जा चुका है। इस पर उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वह हस्तक्षेप नहीं करेगा और उसने सीबीआई को उच्च न्यायालय से मामले के त्वरित निस्तारण का अनुरोध करने की अनुमति दे दी।

## क्विक न्यूज

### हवाईअड्डों पर चरणबद्ध तरीके से लगाए जाएंगे फुल बॉडी स्कैनर : बीसीएएस प्रमुख

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के प्रमुख जुल्फिक्कार हसन ने सोमवार को बताया कि देश के हवाईअड्डों पर चरणबद्ध तरीके से फुल बॉडी स्कैनर लगाए जाएंगे और बड़े हवाईअड्डों पर यह प्रक्रिया एक साल के भीतर शुरू होने की उम्मीद है। उन्होने कहा कि इस संबंध में निजता संबंधी कोई समस्या नही होगी क्योंकि इसे दुनिया भर में पहले ही हल किया जा चुका है।उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी यात्री को कोई स्वास्थ्य समस्या है और इस वजह से वह इस तरह के स्कैनर का प्रयोग नही कर सकता तो उसके लिए दूसरे विकल्प मौजूद होंगे। बीसीएएस ने हवाईअड्डो पर फुल बॉडी स्कैनर को लगाने के लिए अगले वर्ष के अंत तक की समयसीमा तय की है।हसन ने राष्ट्रीय राजधानी में संवाददाताओं को बताया कि बीसीएएस ने समयसीमा तय कर दी है लेकिन कुछ खरीद प्रक्रिया संबंधी समस्याएं है क्योंकि हवाईअड्डा संचालकों को ए मशीने दुनियाभर मे सिर्फ दो से तीन विक्रेताओ से ही प्राप्त होती हैं। इसकी शुरुआत दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे बड़े हवाईअड्डों पर फुल बॉडी स्कैनर लगाने के साथ होगी।हसन ने बताया, हम फुल बॉडी स्कैनर लगाएंगे और ऐसा चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। हमने कुछ हवाईअड्डो को निर्देश दिए है और हमे उम्मीद है कि एक साल के भीतर बड़े हवाईअड्डों पर यह प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। अधिकारी के मुताबिक, स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों की वजह से फुल बॉडी स्कैनर का प्रयोग नही करने वाले यात्रियों के लिए दूसरे विकल्प मौजूद होंगे।

### खरीफ के लिए किसानों को बाजारों से जोड़ेंगे

**बेंगलुरु** भारत के सबसे बड़े बी2बी कृषि इनपुट-ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म नेचर डाट रिटेल ने फसल सुरक्षा उत्पादों की एक व्यापक श्रृंखला लॉन्च की है। इस श्रृंखला को कंपनी के मोबाइल ऐप के जरिए केवल ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाएगा। आशीष डोभाल, चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर, यूपीएल एसएएस का कहना है,भारत में 15 करोड़ किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए लगभग 350,000 पंजीकृत और लाइसेंसधारी कृषि-इनपुट विक्रेता हैं। इनमें से ज्यादातर कृषि-इनपुट उत्पादों को पारंपरिक नेटवर्क (ऑफलाइन) के माध्यम से वितरित किया जाता है। ऑनलाइन-एक्सक्लूसिव उत्पादों की श्रृंखला को लॉन्च करने के लिए नेचर डाट रिटेल के साथ साझेदारी करके, हम उन अनछुए बाजारों तक पहुंच सकते हैं और विकास की रणनीति के रूप में डिजिटल चैनलों का फायदा उठा सकते हैं। पारंपरिक वितरण माध्यम वैसे ही अप्रभावित रहेंगे, इस बात को सुनिश्चित करते हुए, प्रमुख कृषि-इनपुट कंपनियों के हितों के लिए भी यह कदम सुरक्षा कवच की तरह काम करेगा। विशाल दुबे, बिजनेस हेड- नेचर डाट रिटेल ने कहा, खरीफ फसलों के उत्सव के तौर पर अपने प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन एक्सक्लूसिव उत्पादों को लॉन्च करते हुए हम बेहद उत्साहित हैं।

### अदालत ने भाजपा नेताओं के घरों का घेराव करने की टीएमसी की योजना पर लगाई रोक

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं के घरों का घेराव करने के सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के पांच अगस्त के कार्यक्रम पर सोमवार को रोक लगा दी। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और याचिकाकर्ता शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि सत्तारूढ़ दल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने टीएमसी की 21 जुलाई की शहीदी दिवस रैली में घेराव का आह्वान किया था, वही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उसी मंच से अपने भाषण मे इस आह्वान को समर्थन दिया था। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम की अध्यक्षता वाली एक खंडपीठ ने कहा, उत्तरदाताओं और सभी संबंधित पक्षों को पांच अगस्त को ऐसे किसी भी विरोध प्रदर्शन या घेराव अथवा यातायात को अवरुद्ध करने से रोका जाता है, जिससे आम जनता को असुविधा हो। अदालत द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या कार्यक्रम के लिए अनुमति दी गई है, राज्य के महाधिवक्ता एस.एन. मुखर्जी ने नही मे जवाब देते हुए कहा कि रैली में इस संबंध में सिर्फ एक बयान दिया गया है।

### गुजरात सरकार प्रेम विवाह के लिए माता-पिता की अनुमति को अनिवार्य बनाने पर विचार करेगी : पटेल

**मेहसाणा।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि उनकी सरकार इस बात का अध्ययन करेगी कि क्या प्रेम विवाह के लिए माता-पिता की अनुमति को अनिवार्य बनाने का प्रावधान संवैधानिक सीमा में रहकर किया जा सकता है। पटेल ने यह टिप्पणी पाटीदार समुदाय के कुछ धड़ों द्वारा प्रेम विवाह के लिए माता-पिता की अनुमति को अनिवार्य बनाने की मांग के जवाब मे की। मेहसाणा जिले मे पाटीदार समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले सरदार पटेल ग्रुप द्वारा रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने उन्हें विवाह के लिए लड़कियो को भगाने की घटनाओ का अध्ययन कराने का सुझाव दिया है, ताकि ऐसी व्यवस्था बनाई जा सके, जिसमें (प्रेम विवाह के लिए) माता-पिता की अनुमति अनिवार्य हो। मुख्यमंत्री ने कहा, (ऋषिकेश पटेल ने) मुझसे लड़कियों को भगाने की घटनाओं का अध्ययन कराने को कहा है, ताकि यह देखा जा सके कि क्या (प्रेम विवाह के लिए) माता-पिता की सहमति को अनिवार्य बनाया जा सकता है। अगर संविधान समर्थन करता है, तो हम इस संबंध मे अध्ययन करेंगे और इसके लिए सर्वोत्तम व्यवस्था लागू करने की कोशिश करेंगे। कांग्रेस विधायक इमरान खेड़ावाला ने कहा कि अगर सरकार विधानसभा मे इस संबंध मे कोई विधेयक लेकर आती है।

### भारत सरकार के मानक पर तैयार होगा साफ्टवेयर

**कानपुर।** 5 करोड़ एवं इससे अधिक टर्नओवर वाले जीएसटी रजिस्टर्ड बिजनसे के लिए ई-इनवॉसिंग को अपनाने की अंतिम दिनांक करीब आ रही है, ऐसे में टैली सोल्युशन्स, अपने व्यापक एवं इंटीग्रेटेड सोल्युशन टैली प्राइम 3.0 के साथ उन्हें ई-इनवॉयसिंग को अपनाने एवं इसके प्रबन्धन में मदद करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। कंपनी कानपुर के बिजनसेस को जरूरी संशोधनों के बारे में जानकारी देने के लिए पूरे प्रयास कर रही है, ताकि ये बिजनेस नियमों के अनुसार कम्प्लायन्ट बने रहें। भारत सरकार 2020 से ई-इनवॉयसिंग के अडॉप्शन को बढ़ावा देने के लिए निंरतर काम कर रही है। इस पहल के बारे में बात करते हुए जॉयस रे, इंडिया बिजनेस हैड, टैली सोल्युशन्स ने कहा, ''भारत सरकार ने 1 अगस्त 2023 से 5 करोड़ एवं इससे अधिक टर्नओवर वाले बिजनसेज के लिए ई-इनवॉयसिंग को अपनाना जरूरी कर दिया है, यह बड़ी संख्या में बिजनसेस कम्युनिटी को कम्प्लायन्स सिस्टम के तहत लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### आंखों के लिए भी नवाचार का प्रयोग

**नई दिल्ली।** एक के बाद एक हर दशक में रे-बैन नए विस्तार के लिए निरंतर अग्रसर है, इसी उत्सुकता को जारी रखते हुए रे-बैन लेकर आए हैं आईवियर का नया रिवर्स कलेक्शनः इस कलेक्शन में चार युनिसेक्स सनग्लासेज शामिल है, जो इम्पोसिबल न्यू लैंस कम्प्लीटली रिवर्स्ड के साथ पेश किए गए हैं आधुनिक इंजीनियरिंग से बनाए गए इन लैंसे? में पारम्परिक कॉन्वैक्स से कॉन्केव लैंस तक शामिल हैं, जिनमें आधुनिक एस्टिगमेटिक, प्रिज़्मेटिक और रिज़ॉल्विंग पावर्स है और प्रेसीजन के साथ किसी तरह का समझौता नहीं किया गया है। हाई-परफोर्मेन्स एंटीग्लेयर ट्रीटमेन्ट के साथ ये पैंटोस्कोपिक लैंस वेवलैन्थ पर रिफलेक्शन को 70 फीसदी तक कम कर सकते हैं, जिसके लिए आंखें सबसे ज़्यादा संवेदनशील होती हैं। चार आइकोनिक सिलहूट स्प्रिंगबोर्ड की तरह काम करते हैं और अवंत ग्रेड की क्लासिक डिजाइनिंग देते हैं।''हमारा रे-बैन रिवर्स कलेक्शन आईवियर उद्योग में नई क्रान्ति लेकर आएगा।

## गो फर्स्ट 15.5 लाख यात्रियों को लौटाएगा 597 करोड़

● एनसीएलटी ने जारी किया नोटिस

भाषा। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने यात्रा के लिए टिकट खरीदने वाले करीब 15.5 लाख यात्रियों को 597.54 करोड़ रुपए वापस करने की याचिका पर सोमवार को गो फर्स्ट के कर्जदाताओं की समिति तथा दिवाला व ऋण शोधन अक्षमता बोर्ड को नोटिस जारी किया। संकटग्रस्त गो **फर्स्ट** के समाधान पेशेवर (आरपी) ने यात्रियों को पैसे वापस करने की अनुमति मांगने के लिए एनसीएलटी का रुख किया है। गो फर्स्ट ने अपनी विमान सेवाएं तीन मई को बंद कर दी थी, जबकि कुछ यात्रियों ने 10 जुलाई तक के लिए एयरलाइन की टिकट खरीदी थीं। समाधान पेशेवर का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता रामजी श्रीनिवासन ने कहा कि यह बंद पड़ी एयरलाइन को बहार करने की व्यावसायिक योजना के तहत किया जा रहा है। एनसीएलटी की पीठ ने कहा कि ऐसी व्यवसाय योजना की व्यवहार्यता तथा क्रियान्वयन ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) के सदस्यों के सुझावों के तहत होनी चाहिए। महेंद्र खंडेलवाल तथा राहुल पी. भटनागर वाली एनसीएलटी की पीठ ने समाधान पेशेवर से राशि की वापसी पर ऋणदाताओं से विशेष मंजूरी लेने को कहा। श्रीनिवासन ने कहा कि सीओसी को इसकी जानकारी है और उन्होंने इसकी मंजूरी दे दी है। बहरहाल उन्होंने इस बात का पता लगाने के लिए समय मांगा कि क्या इस विशिष्ट योजना को सीओसी ने मंजूरी दी है या नहीं।

## न्यायालय ने जमानत के लिए नवाब मलिक की याचिका पर सुनवाई स्थगित की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा धन शोधन मामले की जांच के संबंध में चिकित्सा आधार पर जमानत देने से इनकार करने के बंबई उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक की याचिका पर सुनवाई सोमवार को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता मलिक का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के मौजूद नहीं रहने के कारण मामले को स्थगित कर दिया। मलिक को फरवरी 2022 में ईडी ने भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों की गतिविधियों से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया था। राकांपा नेता न्यायिक हिरासत में हैं और वर्तमान में मुंबई में एक निजी अस्पताल में इलाज करवा रहे हैं। उच्च न्यायालय ने 13 जुलाई को मलिक को चिकित्सा आधार पर जमानत देने से इनकार कर दिया था। मलिक ने उच्च न्यायालय से राहत का अनुरोध करते हुए दावा किया कि वह कई अन्य बीमारियों के अलावा किडनी के गंभीर रोग से पीड़ित हैं।

## मणिपुर में आदिवासी महिलाओं ने मोरेह से राज्य पुलिस बल को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया




भाषा। इंफाल

**इंडिजिनस** ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) ने सोमवार को धमकी दी कि अगर राज्य सरकार मोरेह से राज्य पुलिस बल के जवानों को तुरंत वापस नहीं बुलाती है तो मणिपुर के सभी आदिवासी जिलों में आंदोलन शुरू किया जाएगा। इससे कुछ घंटे पहले ही, राज्य के चुराचांदपुर जिले में एक हजार से अधिक महिलाओं ने म्यांमा की सीमा से सटे मोरेह कस्बे से राज्य पुलिस बलों को हटाने की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। आईएलटीएफ ने कहा,''निष्पक्षता एवं तटस्थता बनाए रखने के लिए, सरकार से मोरेह से (राज्य के) सुरक्षा कर्मियों को वापस बुलाने का हम विनम्रतापूर्वक अनुरोध करते हैं। इसके साथ ही संगठन ने कहा कि अगर यह मांग नहीं मानी गई तो, हम सभी आदिवासी जिलों में जन आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होंगे। आईएलटीएफ नेताओं ने एक प्रेस बयान में कहा कि वे मणिपुर सरकार द्वारा मोरेह शहर में राज्य सुरक्षा बलों को तैनात करने के सरकार के प्रयास से चिंतित है, जहां कुकी-ज़ो आदिवासी रहते हैं। कुकी समुदाय का आरोप है कि राज्य पुलिस में मेइती कर्मियों की खासी संख्या है और उसका रवैया पक्षपातपूर्ण है।आईटीएलएफ ने कहा कि उसे आशंका है कि उग्रवादी समूहों के सदस्य पुलिस के साथ मिले हुए हैं और वे अगर मोरेह में प्रवेश करते हैं तो भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### जाली नोट मामले में इनामी आरोपी असलम अंसारी गिरफ्तार

**मोतिहारीपटना,।** बिहार पुलिस ने भारतीय जाली मुद्रा के एक मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा वांछित एवं एक लाख रुपए के इनामी आरोपी असलम अंसारी उर्फ गुलटेन को गिरफ्तार कर लिया है। पटना स्थित बिहार पुलिस मुख्यालय से सोमवार को प्राप्त जानकारी के अनुसार मोतिहारी पुलिस द्वारा सहायक पुलिस अधीक्षक राज के नेतृत्व में गठित टीम ने पड़ोसी देश नेपाल के बीरगंज निवासी असलम अंसारी को गिरफ्तार किया। असलम अंसारी को पूर्व में 2019 में गिरफ्तार किया गया था, परन्तु वह जमानत के पश्चात फरार हो गया था। एनआईए द्वारा उसके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया गया था तथा एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। एनआईए एवं मोतिहारी पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से अंसारी से पूछताछ की जा रही है।

### बारामूला में सेना के जवान ने खुदकुशी की

**श्रीनगर,।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सेना के एक जवान ने सोमवार को अपनी सरकारी बंदूक से कथित रूप से खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर कश्मीर मे बारामूला शहर के सैन्य शिविर मे ड्यूटी पर रहते हुए एस सुरेंद्र ने खुद को गोली मार ली। उनके मुताबिक, सुरेंद्र की गोली लगने से मौत हुई है। यह दो दिन मे ऐसी दूसरी घटना है। इससे पहले शहर के राजबाग इलाके मे रविवार रात को एक पुलिस कांस्टेबल ने अपनी सरकारी राइफल से खुद को गोली मार ली थी।

### जना के दस्तावेज सेबी में दाखिल

**मुंबई।** जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (कंपनी) ने बाजार विनियामक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के यहाँ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी की योजना इक्विटी शेयरों (10 रुपये अंकित मूल्य) की पेशकश के जरिए धन जुटाने की है, जिसमें कुल मिलाकर 5,750 मिलियन रुपये तक के नए इश्यू (फ्रेश इश्यू) और इन्वेस्टर शेयरिंग शेयरहोल्डर्स द्वारा कुल मिलाकर 4,051,516 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल (ऑफर फॉर सेल) शामिल है। ग्रोथ पार्टनरशिप शिव शंकर को-इंवेस्टमेंट ट्रस्ट के 1,995 इक्विटी शेयर और हीरो एंटरप्राइज पार्टनर वेंचर्स के 1,220,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं (विक्रेता शेयरधारक और ऐसे इक्विटी शेयर ऑफर किए गए शेयर)। फिच रिपोर्ट के अनुसार, 31 मार्च, 2023 तक जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड एयूएम के मामले में चौथा सबसे बड़ा स्मॉल फाइनेंस बैंक और जमा के आकार की दृष्टि से चौथा सबसे बड़ा स्मॉल फाइनेंस बैंक है।

### भारत में अवैध रूप से प्रवेश के लिए रोहिंग्याओं, बांग्लादेशियों की मदद कर रहे दलाल गिरफ्तार: पुलिस

**गुवाहाटी।** असम पुलिस ने भारत में प्रवेश करने वाले रोहिंग्याओं और बांग्लादेशियों के लिए फर्जी नागरिकता दस्तावेजों की व्यवस्था करने के आरोप में दो बांग्लादेशी नागरिकों समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि असम पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) के दलों ने त्रिपुरा के विभिन्न जिलो मे ए गिरफ्तारियां कीं। एसटीएफ के उपमहानिरीक्षक सरथी महंत ने कहा, भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले रोहिंग्याओं की मदद करने वाले दलालों के खिलाफ अभियान शुरू करने के मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार, हमारी पांच टीम त्रिपुरा के विभिन्न सीमावर्ती जिलो मे भेजी गईं। उन्होंने कहा कि दलों का नेतृत्व अतिरिक्त या उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी कर रहे थे।

## ट्रक की चपेट में आने से दो कांवड़ियों की मौत, एक घायल

**जयपुर।** राजस्थान के अजमेर जिले के नसीराबाद सदर थाना क्षेत्र में एक तेज गति वाले ट्रक ने रविवार शाम को तीन कांवड़ियों को कुचल दिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि हादसे में दो कावंडियों की मौत हो गई जबकि एक अन्य उपचाराधीन है। थानाधिकारी रोशनलाल सामरिया ने सोमवार को बताया कि झडवासा गांव के पास रविवार शाम को तेज रफ्तार ट्रक ने तीन कावड़ियों को कुचल दिया जिसमें से दो की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान मुकेश (23) और मोहित (24) के रूप में की गई है। समरिया ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। इस संबंध में ट्रक चालक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।



बंगाल सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करती राज्य की भाजपा ईकाई के नेता

## कई क्षेत्रों में जल की उपलब्धता कम है, दुर्लभ स्थिति पैदा होने की आशंका : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि जनसंख्या में वृद्धि सहित विभिन्न वजहों से कई क्षेत्रों में जल की उपलब्धता कम है जिससे जल तनाव या दुर्लभ स्थिति पैदा हो सकती है। जल शक्ति राज्य मंत्री बिश्वेश्वर टुडु ने कहा कि किसी भी क्षेत्र या देश की औसत वार्षिक जल उपलब्धता मुख्य रूप से जल मौसम विज्ञान और भूवैज्ञानिक कारकों पर निर्भर करती है, हालांकि प्रति व्यक्ति पानी की उपलब्धता देश की जनसंख्या पर निर्भर करती है और जनसंख्या में वृद्धि के कारण देश में प्रति व्यक्ति पानी की उपलब्धता कम हो रही है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा वर्षा की उच्च अस्थाई और स्थानिक परिवर्तनशीलता के कारण, देश के कई क्षेत्रों में जल की उपलब्धता कम है और इसके परिणामस्वरूप जल तनाव या दुर्लभ स्थिति पैदा हो सकती है। उन्होंने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी।

## खपत की मौजूदा रफ्तार नहीं थमी तो करीब 50 साल में खत्म हो जाएंगे कच्चे तेल के भंडार

**नई दिल्ली।** विश्व भर में पेट्रोलियम उत्पादों की खपत अगर मौजूदा दर से जारी रही तो अगले करीब 50 साल में कच्चे तेल के भंडार समाप्त हो जाएंगे। हालांकि, भारत सहित कई देश इसे देखते हुए स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के विकास और उनके इस्तेमाल एवं इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की दिशा में जोर दे रहे हैं।पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली ने कहा, एनर्जी इंस्टीट्यूट (ईआई) स्टेटिस्टीकल रिव्यू ऑफ वर्ल्ड एनर्जी- 2023 में प्रकाशित वर्तमान भंडार और उत्पादन अनुपात के अनुसार अनुमान है कि कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के भंडार उनके इस्तेमाल की दरों में परिवर्तन नहीं होने की स्थिति में क्रमशः 53.5 वर्ष तथा 48.8 वर्ष तक चलेंगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर सरकारें जैव ईंधनों, संपीडित जैव गैस, हरित हाइड्रोजन सहित स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के विकास और उनके इस्तेमाल तथा हाइड्रोकार्बनों को प्रतिस्थापित करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों आदि को अपनाने की दिशा में काम कर रही हैं।उन्होंने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उनसे सवाल किया गया था कि क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि अगर पेट्रोलियम का मौजूदा उत्पादन इसी स्तर पर जारी रहा तो वैश्विक पेट्रोलियम भंडार अगले 50 साल में समाप्त हो जाएंगे?मंत्री ने कहा कि भारत सरकार प्राकृतिक गैस, जैव ईंधनों, संपीडित जैव गैस, हरित हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्जा का हिस्सा बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में सरकार पेट्रोल में एथेनॉल का मिश्रण बढ़ाने, डीजल में जैव डीजल का मिश्रण बढ़ाने, किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प (सतत) के तहत संपीड़ित जैव गैस संयंत्र स्थापित करने की दिशा में भी काम कर रही है।

## असम के मुख्यमंत्री, मंत्री एवं अधिकारी राज्य के 25 हजार से अधिक गांवों का दौरा करेंगे

भाषा। गुवाहाटी

**असम के** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को कहा कि वह सामाजिक बुनियादी ढांचे की कमी और विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन के स्तर को समझने के लिए मंत्रियों और सरकारी अधिकारियों के साथ 15 दिनों की अवधि में राज्य के 25,501 गांवों का दौरा करेंगे। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार शासन को सीधे लोगों तक ले जाने के लिए सार्वजनिक समाधान नामक एक व्यापक कार्यक्रम के जरिए लोगों की नब्ज को समझने की एक पहल शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के अधिकारी सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के आंकड़े एकत्र करने और उनकी पहुंच का आकलन करने के लिए मंत्रिस्तरीय दौरे से पहले हर गांव में जाएंगे।

## केरल के विस अध्यक्ष की हिंदू देवता पर टिप्पणी से नायर सर्विस सोसाइटी नाराज, इस्तीफे की मांग

भाषा। कोट्टयम

*केरल* में नायर समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन नायर सर्विस सोसाइटी (एनएसएस) ने सोमवार को केरल के विधानसभा अध्यक्ष ए एन शमसीर की हिंदू देवता पर की गई कथित विवादास्पद टिप्पणी की निंदा करते हुए पद से उनके इस्तीफे की मांग की। एक बयान में शमसीर से माफी की मांग करते हुए, एनएसएस के महासचिव जी सुकुमारन नायर ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष की टिप्पणी स्वीकार्य नहीं है, चाहे वह किसी भी परिस्थिति या संदर्भ में की गई हो। हाल ही में एर्नाकुलम जिले के एक स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान, शमसीर ने कथित तौर पर केंद्र सरकार पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उपलब्धियों के बजाय बच्चों को हिंदू मिथक सिखाने की कोशिश करने का आरोप लगाया था।भारतीय जनता पार्टी और विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) जैसे संगठनों ने पहले ही शमसीर के खिलाफ एक जोरदार अभियान शुरू कर दिया है। संगठनों ने कहा है कि वे भगवान गणेश और पौराणिक पुष्पक विमान के बारे में विधानसभा अध्यक्ष की टिप्पणियों से नाराज हैं। एनएसएस ने एक बयान में कहाकि प्रत्एक धर्म की अपनी मान्यताएं होती हैं। किसी को भी इस पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं है। धार्मिक विवाद फैलाने के किसी भी कदम को स्वीकार नहीं किया।

# संजू व सूर्यकुमार को मध्यक्रम में आजमाएगा भारत

● निर्णायक मैच में प्रयोग सफल रहने की उम्मीद

● वेस्टइंडीज के खिलाफ अंतिम वनडे आज





**भाषा।** तारोबा

भारत को उम्मीद है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ मंगलवार को तीसरे और निर्णायक एक दिवसीय क्रिकेट मैच में मध्यक्रम में संजू सैमसन और सूर्यकुमार यादव को आजमाने का उसका प्रयोग सफल साबित होगा। वेस्टइंडीज से 2006 के बाद से एक भी वनडे श्रृंखला नहीं हारी भारतीय टीम ने बारबडोस में दूसरे वनडे में पराजय का सामना किया जिसमें कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को आराम दिया गया था। छह विकेट से मिली हार के बाद कोच राहुल द्रविड़ ने कहा था कि भारतीय टीम अगले महीने होने वाले एशिया कप और फिर विश्व कप के मद्देनजर वृहत तस्वीर देख रही है जिसमें देखना है कि अहम मुकाबलों में युवा खिलाड़ी कितना प्रभाव छोड़ पाते हैं। द्रविड़ ने शनिवार को कहा था , हम हमेशा वृहत तस्वीर देखेंगे। एशिया कप और विश्व कप आने वाले हैं और हमें ऐसा करना ही होगा क्योंकि खिलाड़ी चोटिल भी हो सकते हैं। हम हर एक मैच या हर श्रृंखला को लेकर चिंतित नहीं हो सकते। अगर ऐसा करेंगे तो वह गलती होगी। पचास ओवरों के प्रारूप में संघर्ष करते दिख रहे सूर्यकुमार लंबी पारी खेलकर मैच जिताने पर फोकस करेंगे। वहीं कई बार वापसी करने के बावजूद प्रभावित नहीं कर सके सैमसन के पास भी यह सुनहरा मौका है। वह दूसरे वनडे की ही तरह तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन ने प्रभावित किया है लेकिन शुभमन गिल अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाए हैं। हार्दिक पंड्या ने पहले दो मैचों में गेंदबाजी की शुरूआत की लेकिन बल्ले से नाकाम रहे। पांच मैचों की टी20 श्रृंखला से पहले वह उपयोगी पारी खेलना चाहेंगे। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज उमरान मलिक अभी तक विकेट नहीं ले सके हैं। उनकी रफ्तार भारत के लिए एक्स फैक्टर है लेकिन उन्हें अपनी तकनीक और सटीकता पर काम करना होगा। चाइनामैन कुलदीप यादव ने प्रभावी प्रदर्शन किया है जिससे उनके दोस्त युजवेंद्र चहल के लिए टीम में जगह नहीं बन पा रही। अब वह टी20 श्रृंखला में ही नजर आएंगे। वेस्टइंडीज के पास खोने के लिए कुछ नहीं है और अगर वह भारत को हरा देता है तो वनडे विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाने के जख्मों पर कुछ हद तक मरहम लगेगा। उसके गेंदबाजों ने भारतीय बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है।बाएं हाथ के स्पिनर गुडाकेश मोती अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि तेज गेंदबाज रोमारियो शेफर्ड भी प्रभावी रहे हैं। कप्तान शाइ होप ने कहा , हम एक बार फिर उस प्रदर्शन को दोहराएंगे। हमें बल्ले और गेंद से लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

## भारतीय तीरंदाजों और निशानेबाजों ने छह पदक और जीते

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय निशानेबाजों** और तीरंदाजों ने चीन के चेंगडू में हो रहे यूनिवर्सिटी खेलों में सोमवार को छह पदक और जीते। निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और दिव्यांश , अर्जुन बाबूता ने दस मीटर एयर राइफल पुरूष टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। दोनों ने 1894 . 7 का स्कोर किया जबकि चीन के शिनमियाओ, सोंग बुहार और झू शियाओझोंग ने 1881 . 9 अंक के साथ रजत पदक जीता। कजाख्स्तान तीसरे स्थान पर रहा। पुरूषों के व्यक्तिगत वर्ग में ऐश्वर्य ने 252.6 अंक के साथ पीला तमगा जीता जबकि दिव्यांश को रजत पदक मिला। चीन के बुहान तीसरे स्थान पर रहे। कंपाउंड तीरंदाजी में भारत को दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक मिला। अवनीत कौर ने अमेरिका की एलिसा ग्रेस स्टरगिल को हराकर महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। वहीं पुरूषों के व्यक्तिगत वर्ग में संग्रामप्रीत बिस्ला को स्वर्ण और अमन सैनी को कांस्य पदक मिला। भारत नौ स्वर्ण, तीन रजत और पांच कांस्य समेत 17 पदक लेकर तालिका में जापान के साथ दूसरे स्थान पर है। चीन 21 पदक लेकर शीर्ष पर है।

# डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष पद की दौड़ में चार दावेदार

● बृज भूषण गुट ने भी नामांकन भरे

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के करीबी उत्तर प्रदेश के संजय सिंह सहित चार उम्मीदवारों ने सोमवार को यहां ओलंपिक भवन में डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरे। बृज भूषण गुट से चंडीगढ़ कुश्ती इकाई के दर्शन लाल ने महासचिव पद के लिए नामांकन भरा जबकि उत्तराखंड के एसपी देसवाल कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनौती पेश करेंगे। बृज भूषण गुट ने 25 राज्य इकाइयों में से 22 के समर्थन का दावा किया है और नामांकन भरने के बाद भरोसा जताया कि 12 अगस्त को डब्ल्यूएफआई चुनावों में वे सभी 15 पद पर जीत दर्ज करेंगे।

ओलंपिक भवन में व्यस्त दिन में बृज भूषण गुट के नामितों और समर्थकों का काफिला भारतीय जनता पार्टी के इस नेता के आशीर्वाद के साथ पहुंचा। इन लोगों ने डब्ल्यूएफआई चुनावों के निर्वाचन अधिकारी जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश महेश मित्तल कुमार के समक्ष नामांकन दाखिल किए। नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख सात अगस्त है। न्यायमूर्ति महेश मित्तल कुमार ने कहा, अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवार हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए तीन, उपाध्यक्ष के लिए छह, महासचिव के लिए तीन, कोषाध्यक्ष के लिए दो, संयुक्त सचिव के लिए तीन और कार्यकारी सदस्यों के लिए नौ उम्मीदवार मैदान में हैं। 15 पद के लिए 30 लोगों ने नामांकन भरा है। कल हम उन सभी उम्मीदवारों की सूची जारी करेंगे जिनके नामांकन पत्र सही होंगे। इसे कल डब्ल्यूएफआई की वेबसाइट पर डाला जाएगा। एक महिला भी है (अध्यक्ष पद की उम्मीदवार)। डब्ल्यूएफआई की कार्यकारी समिति के सदस्यों की सूची में एकमात्र महिला उम्मीदवार अनीता श्योराण हैं जो ओडिशा का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

## मेरे परिवार का कोई सदस्य डब्ल्यूएफआई चुनाव में दावेदारी पेश नहीं कर रहा: बृज भूषण



**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह ने सोमवार को कहा कि उनके परिवार का कोई सदस्य राष्ट्रीय खेल संस्था के आगामी चुनाव मे दावेदारी पेश नही करेगा लेकिन उन्होंने दोहराया कि उनके गुट को 22 राज्य संघों का समर्थन हासिल है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृज भूषण ने दावा किया है कि रविवार को उनकी मेजबानी मे हुई बैठक मे 25 राज्य इकाइयों में से 22 ने हिस्सा लिया। उन्होंने साथ ही कहा कि महासंघ के 12 अगस्त को होने वाले चुनावो के विभिन्न पदो के लिए उनके उम्मीदवारो की घोषणा सोमवार को की जाएगी।बृज भूषण सोमवार को डब्ल्यूएफआई चुनावो के लिए नामांकन के अंतिम दिन यहां भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के कार्यालय भी गए।बृज भूषण ने कहा, आज नामांकन का अंतिम दिन है, 22 राज्य संघो के सदस्य यहां थे और वे मिलने के लिए आए है और अब अपना नामांकन भरने जा रहे है। इनमें मेरे परिवार का कोई सदस्य नही है।

## भराली ने एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भारत को दूसरा स्वर्ण दिलाया

**ग्रेटर नोएडा।** भारत के बेदब्रत भराली ने सोमवार को यहां एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप के चौथे दिन पुरुष 67 किग्रा वर्ग का खिताब जीता जो प्रतियोगिता में देश का दूसरा स्वर्ण पदक है। भराली ने स्नैच में 124 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 149 किग्रा से कुल 273 किग्रा वजन उठाकर युवा पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। उज्बेकिस्तान के नुरिलो दवलातोव ने कुल 272 किग्रा (123 किग्रा और 149 किग्रा) वजन उठाकर रजत पदक जीता। कांस्य पदक वियतनाम के ए टेन के नाम रहा जिन्होंने कुल 257 किग्रा (117 किग्रा और 140 किग्रा) वजन उठाया।

## हैदराबाद हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे तेंदुलकर और गोपीचंद

**हैदराबाद।** दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और बैडमिंटन खिलाड़ी पुलेला गोपीचंद पांच नवंबर को यहां एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस हैदराबाद हाफ मैराथन 2023 को हरी झंडी दिखाएंगे। हैदराबाद हाफ मैराथन तीन श्रेणियों 21.1 किमी (हाफ मैराथन), 10 किमी और पांच किमी में आयोजित की जाएगी। हाफ मैराथन के अलावा हैदराबाद पांच नवंबर को प्रतिष्ठित आईएयू (अंतरराष्ट्रीय अल्ट्रारनर्स एसोसिएशन) की 50 किमी विश्व चैंपियनशिप 2023 की मेजबानी भी करेगा। यह पहला अवसर होगा जबकि भारत में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस 50 किमी विश्व चैंपियनशिप 2023 को आईएयू और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ से मान्यता हासिल है। इसमें अमेरिका, जापान, जर्मनी, चीनी ताइपे, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, ग्रेट ब्रिटेन और भारत सहित कई देश भाग लेंगे।

## जीव सीनियर ओपन में 14वें स्थान

**पोर्थकॉल (वेल्स)।** भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा सिंह अंतिम दौर में आठ ओवर 79 का टूर्नामेंट का अपना सबसे खराब प्रदर्शन करने के बावजूद सीनियर ओपन में संयुक्त रूप से 14वें स्थान पर रहे जो उनके सीनियर करियर का सर्वश्रेष्ठ नतीजा है।जीव ने अंतिम दौर में दो बर्डी की लेकिन वह 10 बोगी कर गए जिससे संयुक्त रूप से 11वें स्थान से संयुक्त रूप से 14वें स्थान पर खिसक गए। जर्मन के एलेक्स सेज्का ने प्ले ऑफ में पीड्रेग हेरिंगटन को पछाड़कर खिताब जीता। सेज्का ने दूसरे अतिरिक्त होल मे जीत दर्ज की।

## अदिति एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 42वें स्थान पर

**एवियन ले बेंस (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक हफ्ते का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अंतिम दौर में तीन अंडर 68 के स्कोर से यहां 2023 एमुंडी एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 42वें स्थान पर रही। अपने 26वें मेजर टूर्नामेंट में खेलते हुए अदिति ने चार दौर में 71, 72, 74 और 68 के स्कोर से कुल एक ओवर 285 का स्कोर बनाया। उनकी साथी भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर कट हासिल करने में नाकाम रही थी। फ्रांस की सेलिन बोटियर ने तीन अंडर 68 के स्कोर से छह शॉट की बढ़त के साथ खिताब अपने नाम किया। वह इस टूर्नामेंट को मेजर टूर्नामेंट का दर्जा मिलने के बाद इसे जीतने वाली फ्रांस की पहली खिलाड़ी है।

# बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा की टीम में वापसी

● आयरलैंड के खिलाफ भारत की अगुवाई करेंगे



**भाषा।** नई दिल्ली

**पिछले** लंबे समय से चोटों के कारण बाहर रहने वाले स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भारतीय टीम में वापसी की है और वह आयरलैंड के खिलाफ डबलिन में होने वाली तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला में टीम की अगुवाई करेंगे। आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की यह श्रंखला 18 से 23 अगस्त तक खेली जाएगी। बुमराह का पीठ की चोट के लिए न्यूजीलैंड में ऑपरेशन किया गया था और वह पिछले कुछ समय से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन पर थे। इस तेज गेंदबाज ने हाल में मुंबई के खिलाफ अलूर में खेले गए मैच में अपने कोटे के 10 ओवर किए थे। चयनकर्ताओं ने कर्नाटक के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को भी टीम में शामिल किया है। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने भारत की तरफ से अपना अंतिम मैच पिछले साल अगस्त में जिंबाब्वे के खिलाफ वनडे के रूप में खेला था। इसके बाद उन्होंने स्ट्रेस फ्रैक्चर के लिए ऑपरेशन करवाया था। रुतुराज गायकवाड को टीम का उप कप्तान नियुक्त किया गया है। आयरलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है: जसप्रीत बुमरा (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़ (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, अवेश खान।

# विश्व विश्वविद्यालय खेल: ऐश्वर्य की स्वर्ण पदक की हैट्रिक

भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**भाषा।** नई दिल्ली

**ओलंपियन** ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने स्वर्ण पदक की हैट्रिक बनाई जिससे निशानेबाजों और तीरंदाजों ने सोमवार को यहां विश्व विश्वविद्यालय खेलों में भारत के पदकों की संख्या 17 तक पहुंचाया जो देश का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। प्रतियोगिता के चौथे दिन भारतीय विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण पदक (दो तीरंदाजी और दो निशानेबाजी में), एक रजत (निशानेबाजी) और एक कांस्य (तीरंदाजी) पदक जीता। कुल मिलाकर भारत नौ स्वर्ण, तीन रजत और पांच कांस्य पदक के साथ चौथे स्थान पर है। चीन 17 स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर है। कोरिया (10 स्वर्ण, 10 रजत, चार कांस्य) और जापान (10 स्वर्ण, छह रजत, सात कांस्य) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।



इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कोरिया के ग्वांग्जू में 2015 में था जब देश ने एक स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक के साथ कुल पांच पदक जीते थे। ऐश्वर्य ने स्वर्ण पदक ही हैट्रिक बनाई जिससे निशानेबाजों ने छह स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल नौ पदक के साथ टीम चैंपियनशिप जीती। पुरुष 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन ऐश्वर्य, दिव्यांश सिंह पंवार और अर्जुन बाबूता ने स्वर्ण पदक जीता। तीनों ने 1894 . 7 का स्कोर किया जबकि चीन ने 1881 . 9 अंक के साथ रजत पदक जीता। कजाख्स्तान तीसरे स्थान पर रहा। भारतीय टीम का यह स्कोर विश्व रिकॉर्ड है और चीन के 2018 में बनाए पिछले रिकॉर्ड से 7.3 अंक बेहतर है। पुरूषों के व्यक्तिगत वर्ग में ऐश्वर्य ने 252.6 अंक के साथ पीला तमगा जीता जबकि दिव्यांश को रजत पदक मिला। चीन के सोंग वुहान तीसरे स्थान पर रहे। ऐश्वर्य ने इससे पहले पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस में भी स्वर्ण पदक जीता था। कंपाउंड तीरंदाजी में भारत को दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक मिला। अवनीत कौर ने अमेरिका की एलिसा ग्रेस स्टरगिल को हराकर महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। वहीं पुरूषों के व्यक्तिगत वर्ग में संग्रामप्रीत बिस्ला को स्वर्ण और अमन सैनी को कांस्य पदक मिला। टेबल टेनिस में कबीर हंस ने एकल और मिश्रित युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। बैडमिंटन में भारत ने यूक्रेन को 5-0 से हराकर तीसरा लीग मुकाबला जीता।

## मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क ने जीता मेजर लीग क्रिकेट टी20 टूर्नामेंट

**नई दिल्ली।** निकोलस पूरन के आक्रामक शतक की मदद से मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क ने टैक्सास के डलास में सिएटल ओर्कास को सात विकेट से हराकर पहला मेजर क्रिकेट लीग टी20 टूर्नामेंट जीत लिया है। ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम पर रविवार को खेले गए फाइनल में सिएटल ओर्कास ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 183 रन बनाए। जवाब में मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क ने 16 ओवर में तीन विकेट गंवाकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार मुंबई के लिए कप्तान निकोलस पूरन ने 55 गेंद में 137 रन बनाए जिसमें 10 चौके और 13 छक्के शामिल थे। वहीं सिएटल टीम के लिए क्विंटोन डिकॉक ने 52 गेंद में 87 रन की पारी खेली। मुंबई के लिए तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और स्पिनर राशिद खान ने तीन तीन विकेट चटकाए। मुंबई टीम ने एलिमिनेटर में वॉशिंगटन फ्रीडम को और चैलेंजर में टैक्सास सुपर किंग्स को हराया था। आईपीएल की मुंबई इंडियंस के अलावा मुंबई टीम तीन महाद्वीपों, चार देशों और पांच अलग अलग लीग में खेलती है। मुंबई इंडियंस की जीत पर टीम की मालिक नीता अंबानी ने कहा , मेजर क्रिकेट लीग इस क्षेत्र में क्रिकेट के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुंबई इंडियंस संयुक्त अरब अमीरात से अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका तक पहुंच गई है और मुझे गर्व है कि हमारे पास एक महिला टीम भी है।

## टेलर फ्रिट्ज ने अटलांटा ओपन जीता

**अटलांटा।** अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने आस्ट्रेलिया के अलेक्जेंडर वुकिच को 7-5, 6-7, 6-4 से हराकर अटलांटा ओपन टेनिस खिताब जीत लिया जो उनके कैरियर का छठा खिताब है। शीर्ष वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज ने इससे पहले फरवरी में डेलरे बीच पर हार्डकोर्ट खिताब जीता था। उन्होंने फाइनल तक एक भी सेट नहीं गंवाया था लेकिन फाइनल में वुकिच ने दूसरा सेट जीतकर मैच को टाइब्रेकर में खींचा।

## स्वियातेक ने वारसॉ फाइनल जीता



**वारसॉ।** शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने पोलैंड ओपन के फाइनल में लौरा सीजमंड को 6-0, 6-1 से हराकर इस साल का अपना चौथा खिताब जीत लिया। फ्रेंच ओपन चैम्पियन स्वियातेक ने टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया। वह इस साल दोहा और स्टटगार्ट में भी खिताब जीत चुकी है। पोलैंड की इस खिलाड़ी ने कहा , मैं अपनी टीम और परिवार को धन्यवाद देना चाहती हूं। यहां खेलना आसान नहीं था लेकिन मुझे खुशी है कि मैं जीत सकी। उन्होंने सेमीफाइनल में बेल्जियम की यानिना विकमाएर को 6-1, 7-6 से मात दी थी। खराब रोशनी के कारण शनिवार को बीच में रोके जाने के बाद यह मैच रविवार को ही पूरा हुआ।

## ज्वेरेव ने जेरे को हराकर हैम्बर्ग यूरोपियन ओपन जीता

**हैम्बर्ग।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने लाज्लो जेरे को 7-5, 6 -3 से हराकर पहली बार हैम्बर्ग यूरोपियन ओपन टेनिस खिताब जीत लिया। इटली के जूरिन में नवंबर 2021 में जीतने के बाद यह ज्वेरेव का पहला खिताब है। उसने एक भी सेट गंवाए बिना हैम्बर्ग ओपन में खिताबी जीत दर्ज की। उन्होंने जीत के बाद कहा , मैं यहां पैदा हुआ हूं और इन्ही कोर्ट पर टेनिस सीखा है। यहां जीतना दूसरे टूर्नामेंटों की तुलना में अलग है। महिला वर्ग में नीदरलैंड की अरांतजा रूस ने खिताब जीता।

# सिंधू व श्रीकांत को वापसी की उम्मीद

● फोक्स प्रणय और सेन पर, ऑस्ट्रेलिया ओपन आज से





**भाषा।** सिडनी

**भारत** की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और किदाम्बी श्रीकांत मंगलवार से यहां शुरू हो रहे आस्ट्रेलियाई ओपन के जरिए अपने खराब फॉर्म को अलविदा कहना चाहेंगे। सुपर 500 टूर्नामेंट के तौर पर अपग्रेड किए गए इस टूर्नामेंट के जरिए सिंधू और श्रीकांत के पास अपना खोया फॉर्म फिर हासिल करने का यह आखिरी मौका है। विश्व चैम्पियनशिप डेनमार्क के कोपेनहेगन में खेली जाएगी। 2019 विश्व चैम्पियन सिंधू चोट से उबरने के बाद फॉर्म में नहीं है और इस साल 12 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर टूर्नामेंटों में से सात में जल्दी बाहर हो गई। इस साल सिंधू ने कोरियाई कोच पार्क ताए सांग से नाता तोड़ लिया और नए कोच मोहम्मद हफीज हाशिम के आने से पहले साइ की कोच विधि चौधरी के साथ काम कर रही थी। लगातार टूर्नामेंटों के बीच अब दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू के पास समय नहीं है। यहां पहले दौर में हमवतन अष्मिता चालिहा के खिलाफ खेलने से पहले उन्हें कोच के साथ अपनी रणनीति पर काम करना होगा। दोनों का सामना अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर 2022 इंडिया ओपन में ही हुआ है जिसमें सिंधू विजई रही थी। इसके अलावा 2019 सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भी सिंधू ने चालिहा को हराया था। श्रीकांत भी इस सप्ताह जीत दर्ज नहीं कर सके। उन्होंने जापान ओपन में चीनी ताइपै के चोउ तिएन चेन को हराया लेकिन भारत के ही एच एस प्रणय से हार गए। जापान के केंता निशिमोतो के खिलाफ उन्हें अपनी गलतियों पर काबू रखना होगा। भारत के लिए इस सत्र में प्रणय, लक्ष्य सेन और दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी लगातार अच्छा प्रदर्शन करते आए हैं। सात्विक और चिराग ने इस सत्र में चार खिताब जीते लेकिन 21 से 27 अगस्त तक होने वाली विश्व चैम्पियनशिप की तैयारी के लिए यहां नहीं खेल रहे हैं। प्रणय और सेन ने भी इस सत्र में खिताब जीते हैं।

# स्मिथ और हेड ने ऑस्ट्रेलिया की पारी को संभाला

● एशेज टेस्ट : इंग्लैंड भी डटा



**भाषा।** लंदन

**स्टीव स्मिथ** और ट्रेविस हेड ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन लंच तक ऑस्ट्रेलिया को शुरुआती झटकों से उबारकर मैच और श्रृंखला जीतने की मेहमान टीम की उम्मीद बढ़ाई। ऑस्ट्रेलिया को मौजूदा टेस्ट जीतकर 3-1 से श्रृंखला अपने नाम करने के लिए 384 रन का लक्ष्य मिला है। मेहमान टीम ने लंच तक तीन विकेट पर 238 रन बनाए लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया को द ओवल में अंतिम दो सत्र में जीत के लिए 146 रन की दरकार है। लंच के समय स्मिथ 40 जबकि हेड 31 रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों चौथे विकेट के लिए 69 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं। इंग्लैंड ने पास हालांकि सत्र के अंतिम ओवर में स्मिथ को आउट करने का मौका था। मोईन अली की गेंद पर बेन स्टोक्स ने उछलते हुए लेग स्लिप में एक हाथ से स्मिथ का कैच पकड़ लिया था लेकिन उनका हाथ जब नीचे आया तो उनकी जांघ से टकरा गया और गेंद उनके हाथ से छूट गई। ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत बिना विकेट खोए 135 रन से की। सुबह के सत्र में गेंद मूव कर रही थी और स्विंग हो रही थी। क्रिस वोक्स ने इसका फायदा उठाते हुए सलामी बल्लेबाजों डेविड वार्नर और उस्मान ख्वाजा को पवेलियन भेजा।

## मोरक्को के खिलाफ डेविस कप मुकबले में दिग्विजय भारतीय टीम में

**नई दिल्ली।** दिग्विजय प्रताप सिंह को मोरक्को के खिलाफ लखनऊ में होने वाले डेविस कप टेनिस विश्व ग्रुप दो के मुकाबले के लिए भारत की छह सदस्ईय टीम में चुना गया है। लखनऊ में 16 और 17 सितंबर को होने वाले मुकाबले के लिए भारतीय टीम में सुमित नागल, शशिकुमार मुकुंद, युकी भांबरी, रामकुमार रामनाथन और रोहन बोपन्ना को भी चुना गया है। यह बोपन्ना का आखिरी मैच होगा क्योंकि वह पिछले महीने ही डेविस कप कैरियर पर विराम लगाने का ऐलान कर चुके हैं। रोहित राजपाल गैर खिलाड़ी कप्तान होंगे। खिलाड़ियों को उनकी रैंकिंग, उपलब्धता, प्रदर्शन और मौजूदा फॉर्म समेत कई पहलुओं पर गौर करने के बाद चुना गया। महासंघ ने कहा कि साकेत माइनेनी, मनद दहाम्ने, मनीष सुरेशकुमार, करण सिंह और युवान नंदल भी टीम के साथ अभ्यास करेंगे।

# लखनऊ में डेविस कप आयोजन की तैयारियां पूरे जोरों पर

**लखनऊ।** मोरोक्को के खिलाफहोने वाले डेविस कप मुकाबले में भारतीय टीम की घोषणा आल इंडिया टेनिस एसोसिएशन ;आइटाद्ध ने कर दी है। श्री नंदन बल के अध्यक्षता वाली प्रोफेशनल सेलेक्शन कमेटी ने वर्चुअल बैठक के बाद 16.17 सितंबर को होने वाले डेविस कप मुकाबले के लिए टीम घोषित कर दी है। यह डेविस कप मुकाबला लखनऊ के विजयंत खंड स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम के गैर खिलाड़ी कप्तान के तौर पर श्री रोहित राजपाल को नियुक्त किया गया है। वहीं टीम में सुमित नागलए शशिकुमार मुकंदए दिग्विजय प्राप्त सिंहए रोहन बोपन्नाए यूकी भांभरी और रामकुमार रामनाथन को जगह मिली है। वहीं टीम में साकेत मेनिनीए मानस धामेए मनीष सुरेश कुमारए करन सिंह और युवान नंदल को टीम के साथ कैंप में प्रैक्टिस करने के लिए जगह दी गयी है। टीम के कोच श्री जीशान अली होंगे। डेविस कप टीम की घोषणा के साथ ही उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन ;यूपीटीएद्ध ने अपनी तैयारी को बहुत तेज कर दिया है। इन तैयारियों को युद्ध स्तर पर ले जाने के लिए यूपीटीए के अध्यक्ष श्री नवनीत सहगल अब प्रतिदिन के स्तर पर जायजा ले रहे हैं और इसकी प्रगति समीक्षा बैठक कर रहे हैं। ऐसी ही एक बड़ी बैठक का आयोजन मंगलवार को किया जाएगा जिसमें आल इंडिया टेनिस एसोसिएशन-आइटा के सेक्रेटरी जनरल अनिल धुपर भी वर्चुअल तौर पर मौजूद रहेंगे। यूपीटीए के सचिव श्री पुनीत अग्रवाल ने बताया कि डेविस कप से जुड़ी सारी तैयारियां बहुत तेजी से पूरी की जा रही हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने कनाडा को बाहर किया, नाइजीरिया भी अंतिम 16 में

● महिला विश्वकप

**भाषा।** मेलबर्न

**चोटिल** स्ट्राइकर सैम केर खेलने के लिए तैयार थी लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने उनके बिना भी सोमवार को यहां कनाडा पर 4-0 से जीत दर्ज करके महिला विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया। विश्वकप का सह मेजबान ऑस्ट्रेलिया पिछले मैच में नाइजीरिया से हारने के कारण दबाव में था तथा उसे अंतिम 16 में जगह बनाने के लिए इस मैच में हर हाल में जीत की दरकार थी। दूसरी तरफ कनाडा हार से बचने पर नॉकआउट चरण में पहुंच जाता लेकिन आखिर में उसे बाहर का रास्ता देखना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से हेली रासो ने पहले हाफ में दो गोल किए। उनके अलावा मैरी फाउलर और स्टीफ कैटली ने भी गोल किए, जिससे ऑस्ट्रेलिया शान के साथ नॉकआउट चरण में जगह बनाने में सफल रहा।

## जाम्बिया ने कोस्टा रिका को हराकर पहली जीत दर्ज की

**हैमिल्टन।** लुशोमो एमवीम्बा ने इस साल महिला विश्व कप फुटबॉल का सबसे तेज गोल दागा और बारबरा बांडा ने टूर्नामेंट का 1000वां गोल दागा जिसकी बदौलत टूर्नामेंट में पहली बार खेल रही जाम्बिया ने सोमवार को कोस्टा रिका को 3-1 से हराकर पहली जीत दर्ज की। इस जीत से जाम्बिया की टीम सिर ऊंचा करके स्वदेश लौटेगी। दोनों टीमें नॉकआउट की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी हैं। जाम्बिया के लिए पहला गोल दो मिनट 11वें सेकंड में एमवीम्बा ने किया जो टूर्नामेंट का सबसे तेज गोल है। वहीं बांडा ने 31वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा।



## स्पेन को 4-0 से हराकर जापान ग्रुप सी में शीर्ष पर

**वेलिंगटन।** जापान पहले हाफ मे दागे तीन गोल की बदौलत महिला फुटबॉल विश्व कप के ग्रुप सी मैच में सोमवार को यहां स्पेन को 4-0 से हराकर ग्रुप में शीर्ष पर रहा। जापान के लिए हिनाता मियाजावा (12वें और 40वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि रिको उकी (29वें मिनट) और मिना तनाका (82वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। पूरे मैच में गेंद स्पेन के कब्जे में अधिक रही। जापान की टीम हालांकि 22 प्रतिशत समय गेंद को अपने पास रखने के बावजूद मैच में दबदबा बनाने मे सफल रही। दोनो टीम पहले ही अंतिम 16 मे जगह सुनिश्चित कर चुकी है। जापान ने लगातार चौथी जबकि स्पेन ने लगातार दूसरी बार यह उपलब्धि हासिल की। दोनों टीम ने इससे पहले जाम्बिया को 5-0 के समान अंतर से हराया था। कोस्टा रिका के खिलाफ 3-0 की जीत से स्पेन बेहतर गोल अंतर के कारण शीर्ष पर था।